युद्धविराम को लेकर संशय सेंसेक्स 931 अंक लुढ़का निफ्टी भी गिरा - 12

अमेरिका के साथ रक्षा उद्योग प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला संबंध गहरा करने के प्रयास - 13

ईरान युद्ध के कारण वैश्विक खाद्य कीमतों में वृद्धि का खतरा - 13

आरसीबी रॉयल्स मैच में नजरें शीर्षक्रम के बल्लेबाजों पर - 14


आज का मौसम
30.0° अधिकतम तापमान
18.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.51
सूर्यास्त 06.30

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष अष्टमी 11:15 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2083

शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026, वर्ष 36, अंक 62, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# ईरान ने होर्मुज में बिछाईं बारूदी सुरंगें

## संकट में युद्धविराम...तेहरान की अर्ध-सरकारी न्यूज एजेंसियों ने जारी किया होर्मुज का नक्शा | अमेरिका और ईरान के बीच समझौतों पर वार्ता आज, जेडी वेंस इस्लामाबाद पहुंचे

- ईरान ने कहा- लेबनान में हिजबुल्ला पर इजराइल के हमलों का कड़ा जवाब देंगे

दुबई/इस्लामाबाद, एजेंसी

ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बागेर कालिबाफ ने गुरुवार को चेतावनी दी कि यदि लेबनान में हिजबुल्ला पर इजराइल के हमले जारी रहे तो इसके स्पष्ट नतीजे सामने आएंगे और कड़ा जवाब दिया जाएगा। उन्होंने अन्य ईरानी अधिकारियों की तरह इस बात पर जोर दिया कि दो सप्ताह का युद्धविराम लेबनान में भी लागू होता है, जिसे इजराइल और अमेरिका दोनों ने नकार दिया है। कालिबाफ के नाम पर संभावित वार्ताकार के रूप में चर्चा हो रही है, जो इस्लामाबाद में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से मुलाकात कर सकते हैं।

वहीं, ईरान की अर्धसरकारी समाचार एजेंसियों ने एक चार्ट प्रकाशित किया जिससे संकेत मिला कि देश के अर्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड ने युद्ध के दौरान होर्मुज में समुद्री सुरंगें बिछाई हैं। इसे ऐसे संदेश के तौर पर देखा जा रहा है जिसका मकसद अमेरिका पर दबाव बनाना है। यह चार्ट ऐसे समय में प्रकाशित हुआ है जब अमेरिका और इजराइल के साथ हुए दो सप्ताह के युद्धविराम को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। पाकिस्तान शुक्रवार को अमेरिका और ईरान के बीच उच्च-स्तरीय वार्ता की मेजबानी करेगा। पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रजा अमीरी मोघादम ने तेहरान के प्रतिनिधिमंडल की भागीदारी की पुष्टि करते हुए इस बात पर जोर दिया कि इजराइल द्वारा युद्धविराम के उल्लंघन के कारण उनके देश में शांति वार्ता को लेकर संदेह बना हुआ है। सूत्रों के हवाले से खबर में कहा गया है 30 सदस्यीय अमेरिकी टीम के बाद उपराष्ट्रपति जेडी वेंस इस्लामाबाद पहुंच चुके हैं।

वहीं, होर्मुज में समुद्री सुरंगें बिछाने का चार्ट आईएसएनए और तस्नीम समाचार एजेंसी ने जारी किया है जिसे रिवोल्यूशनरी गार्ड का करीबी माना जाता है। चार्ट में पोतों द्वारा उपयोग किए जाने वाले मार्ग ट्रैफिक सेपरेशन स्कीम पर फारसी भाषा में खतरे का क्षेत्र अंकित करते हुए एक बड़ा घेरा दिखाया गया है। इसी क्षेत्र में रिवोल्यूशनरी गार्ड द्वारा बारूदी सुरंगें बिछाई गईं।

लेबनान के बेरूत शहर में बचाव अभियान के दौरान महिला को बचाते दमकलकर्मी।

### यूरेनियम संवर्धन नहीं रोकेगा तेहरान

**दुबई।** ईरान की परमाणु एजेंसी के प्रमुख मोहम्मद इस्लामी ने कहा कि यूरेनियम संवर्धन के तेहरान के अधिकार की रक्षा करना अमेरिका से किसी भी युद्धविराम वार्ता के लिए आवश्यक है। ऊर्जा संगठन के प्रमुख ने ये टिप्पणियां दिवंगत अयातुल्ला अली खामेनेई की स्मृति में तेहरान में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से कीं। इस्लामी ने कहा, यह उन आवश्यक चीजों में से एक है जिनके बारे में कोई बात नहीं करता।

### लेबनान युद्ध-विराम समझौते में शामिल नहीं : ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि हिजबुल्ला की वजह से लेबनान को युद्ध-विराम समझौते में शामिल नहीं किया गया गया है। उन्होंने लेबनान पर इजराइल के हालिया हमलों के बारे में पूछे जाने पर कहा कि वह एक अलग लड़ाई है। इस बीच, ईरान ने लेबनान पर हमलों को युद्धविराम का उल्लंघन बताया है। उसने इजराइल द्वारा लेबनान में हमले तेज किए जाने के जवाब में होर्मुज को फिर बंद कर दिया जिससे हाल में हुआ युद्धविराम खतरे में पड़ गया है।

### ईरान होर्मुज में वसूलेगा 1 डालर प्रति बैरल टोल

ईरान ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले सभी टैंकरों पर 1 डॉलर प्रति बैरल का टोल लगाने की योजना है। वह यह टोल क्रिप्टोकरेंसी में तय करेगा और निरीक्षण पूरा होने के कुछ ही सेकंड के भीतर बिटक्वाइन में भुगतान की मांग करेगा। फाइनेंशियल टाइम्स ने ईरान के तेल, गैस और पेट्रोकेमिकल उत्पाद निर्यातकों के संघ के आधिकारिक प्रवक्ता हामिद होसैनी के हवाले से बताया कि ईरान तेल टैंकरों को प्रति बैरल एक डॉलर के शुल्क पर होर्मुज से गुजरने की अनुमति देने के लिए तैयार है।

# बुनकरों के हित में तैयार करें क्लस्टर आधारित नई कार्य योजना : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी ने बुनकरों के लिए परिणामोन्मुख क्लस्टर आधारित नई कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बुनकर केवल परंपरा के संवाहक नहीं, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था के सशक्त आधार हैं। ऐसे में उनकी आय, सम्मान और आजीविका की स्थिरता सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है।

योगी ने गुरुवार को हथकरघा विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि वर्तमान में बुनकरों के सामने कच्चे माल की बढ़ती लागत, डिजाइन और आधुनिक तकनीक का अभाव तथा सीमित बाजार पहुंच जैसी चुनौतियां हैं। इन समस्याओं का समाधान केवल योजनागत सहायता से नहीं, बल्कि एक सुदृढ़ एवं समन्वित तंत्र विकसित कर ही संभव है। बैठक में क्लस्टर चयन, बेसलाइन सर्वे, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने, प्रभावी क्रियान्वयन तथा सतत अनुश्रवण जैसे पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक क्लस्टर में सीमित संख्या में बुनकरों को संगठित कर पंजीकृत इकाइयों के रूप में विकसित किया जाए, जिससे सामूहिक उत्पादन और विपणन को बढ़ावा मिले। साथ ही, इन क्लस्टरों को आधुनिक तकनीक, उन्नत उपकरणों और कौशल प्रशिक्षण से जोड़ा जाए, ताकि उत्पादों की गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार हो। डिजाइन और विपणन को सुदृढ़ बनाने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्पाद की सफलता बाजार की मांग के अनुरूप होने पर ही संभव है। उन्होंने 'डिजाइनर-कम-मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव' तथा 'डिजाइन हाउस/सोर्सिंग-बाइंग एजेंसी/एक्सपोर्ट हाउस' जैसे संस्थागत तंत्र को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए। इससे उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार, बड़े बाजारों तक पहुंच और बुनकरों की आय में वृद्धि सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री ने डिजिटल प्लेटफॉर्म, ई-कॉमर्स और ब्रांडिंग के विस्तार पर विशेष ध्यान देने को कहा, ताकि बुनकरों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ा जा सके।

एमएसएमई मंत्री और उच्चाधिकारियों संग बैठक करते सीएम।

- उच्चस्तरीय समीक्षा में तय हुई बुनकरों की आय, सम्मान और स्थायित्व को लेकर प्राथमिकताएं
- क्लस्टर आधारित विकास के जरिए बुनकरों को बाजार डिजाइन, तकनीक से जोड़ने का निर्देश

### बिजली बिल में राहत की तैयारी

पॉवरलूम बुनकरों के विद्युत बिल में कमी लाने के लिए हथकरघा विभाग और पावर कॉर्पोरेशन संयुक्त कार्य योजना तैयार करेंगे। मुख्यमंत्री ने सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि इससे बुनकरों की लागत घटेगी और उन्हें दीर्घकालिक राहत मिलेगी।

### वैल्यू चेन मॉडल पर होगा विकास

सरकार हथकरघा क्षेत्र को वैल्यू चेन मॉडल पर विकसित करेगी। क्लस्टर केवल उत्पादन तक सीमित नहीं रहेंगे। बल्कि डिजाइन, ब्रांडिंग, पैकेजिंग और बाजार तक पहुंच को एकीकृत कर बुनकरों को बेहतर मूल्य और स्थायी बाजार उपलब्ध कराया जाएगा।

## ब्रीफ न्यूज

### निवेश के नाम 74 लाख रुपये की ठगी के दो मामलों में दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने निवेश पर मोटे मुनाफे का झांसा देकर 74 लाख रुपये की ठगी करने के दो अलग अलग मामलों में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पहले मामले में, ग्रेटर नोएडा निवासी राहुल त्यागी नामक व्यक्ति को 27 .82 लाख रुपये की धोखाधड़ी में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता को एक सोशल मीडिया ग्रुप में जोड़ा गया और उसे शेयर बाजार और आईपीओ मंचों में निवेश करने का लालच दिया गया। एक अन्य मामले में, पुलिस ने ग्रेटर नोएडा निवासी रिंकू (36) को 47 लाख रुपये की निवेश धोखाधड़ी में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया।

### नीतीश कुमार शुक्रवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेंगे

**नई दिल्ली।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेंगे। उनके राज्यसभा जाने के साथ बिहार में नई सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त होगा। कुमार गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे और हवाई अड्डे पर जद(यू) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा सहित पार्टी के नेताओं ने उनका स्वागत किया। कुमार ने हवाई अड्डे पर पत्रकारों से कहा, मैं यहां शपथ लेने आया हूं। उन्हें राज्यसभा सभापति सी पी राधाकृष्णन के कक्ष में उच्च सदन के सदस्य के रूप में शपथ दिलाई जाएगी।

# बाल तस्करी के मामलों को गंभीरता से लें राज्य, समन्वित कार्रवाई करें

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने बाल तस्करी के बढ़ते मामलों पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा है कि ऐसा करने वाले गिरोह देशभर में सक्रिय हैं और यदि राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों ने तत्काल कदम नहीं उठाए तो स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाएगी। कोर्ट ने कहा कि इस संबंध में केवल राज्य सरकार और उसका गृह विभाग ही सतर्कता के साथ कार्रवाई कर सकता है।

न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने बुधवार को एक याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा, एक न्यायालय के रूप में हम निगरानी कर सकते हैं, लेकिन कार्रवाई अंततः राज्य सरकार, पुलिस और अन्य एजेंसियों को ही करनी है इसलिए यह हमारा विनम्र अनुरोध है। पीठ ने संगठित तस्करी गिरोह को ध्वस्त करने के उद्देश्य से 2025 में सुनाए गए एक फैसले को लागू करने के मामले में कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ढुलमुल रवैये पर नाराजगी जताई।

न्यायमूर्ति विश्वनाथन ने कहा कि कुछ मामलों में बच्चों को बरामद किया जाना इस बात का प्रमाण है कि इस समस्या से निपटा जा सकता है लेकिन इसके लिए जिस स्तर की राजनीतिक और प्रशासनिक इच्छाशक्ति चाहिए उसका फिलहाल अभाव है। पिछले साल 15 अप्रैल को दिए गए फैसले में कई संस्थागत सुधारों का निर्देश दिया गया था। इनमें तस्करी के मामलों में मुकदमों का निपटारा रोजाना सुनवाई के आधार पर छह महीने के भीतर पूरा करने का निर्देश भी शामिल था।

- सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई, कहा- गिरोह देशभर में सक्रिय
- कहा- तत्काल कदम नहीं उठाए तो स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाएगी

### कई राज्यों ने निर्धारित प्रारूप में नहीं भेजी रिपोर्ट

पीठ ने बुधवार को कहा कि मध्य प्रदेश, गोवा, हरियाणा, लक्षद्वीप, मिजोरम, ओडिशा और पंजाब ने अब भी निर्धारित प्रारूप में रिपोर्ट दाखिल नहीं की। जब मध्य प्रदेश के गृह सचिव ने इस चूक के लिए माफी मांगी तो पीठ ने 'अंतिम अवसर' दिया और चेतावनी भी दी कि बार-बार विफल रहने पर राज्यों को आधिकारिक रूप से 'आदेश का पालन नहीं करने वाला' घोषित कर दिया जाएगा। पीठ ने कहा कि कम से कम 15 राज्य ऐसे हैं जिन्होंने मानव तस्करी की आशंका वाले क्षेत्रों की पहचान और निगरानी के लिए अनिवार्य समीक्षा समितियों का गठन अभी तक नहीं किया है। इस मामले में आगे की सुनवाई 29 अप्रैल को होगी।

### जांच के मानकों में सुधार करने का भी निर्देश

फैसले में मानव तस्करी निरोधक इकाइयों (एएचटीयू) को मजबूत करने और जांच के मानकों में सुधार करने का भी निर्देश दिया गया था। इससे पहले पीठ ने कुछ राज्यों की ओर से दाखिल अनुपालन रिपोर्ट को महज आंखों में धूल झोंकना करार दिया था।

# असम ने रचा इतिहास, केरलम-पुडुचेरी में रिकॉर्ड मतदान

गुवाहाटी/ तिरुवनंतपुरम/पुडुचेरी, एजेंसी

देश के दो राज्यों असम, केरलम और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में गुरुवार को विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले गए। चुनाव आयोग के अनुसार रात 8 बजे तक असम में 85.38% मतदान हुआ। असम के इतिहास में यह सबसे ज्यादा वोटिंग का आंकड़ा है। वहीं, केरलम में पिछले 49 सालों में दूसरी सबसे ज्यादा वोटिंग हुई, यहां 78.01% वोट डाले गए। 1977 में रिकॉर्ड 79.2% मतदान हुआ था। वहीं पुडुचेरी में 50 साल बाद 89.81% मतदान हुआ।

असम में चुनाव संबंधी हिंसा में करीब 30 लोग घायल हो गए और सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। श्रीभूमि जिले के पथारकंडी में कांग्रेस और भाजपा समर्थकों की इस झड़प में करीब 25 लोग घायल हो गए, दो की हालत गंभीर है।

असम में 126 सीटों पर 41 पार्टियों के 722 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, केरलम में 2.71 करोड़ वोटर 890 उम्मीदवारों में से अपना नेता चुनेंगे। यहां 140 सीटें हैं। पुडुचेरी में 30 सीटों के लिए वोटिंग हुई।

**85.38%** वोटिंग असम के इतिहास में सबसे ज्यादा

**89.81%** मत पड़े पुडुचेरी में 50 साल बाद

**78.01%** केरलम में 49 साल में दूसरी बार बना रिकॉर्ड

केरलम में विधानसभा चुनाव के दौरान कतार में खड़े लोग।

# अमेरिका-ईरान जंग ने ले ली बरेली के होनहार की जान

**बरेली।** अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध की विभीषिका में अरब देशों में काम करने वाले भारतीय भी झुलस रहे हैं। बरेली के रहने वाले जीशान अजहरी भी जंग की भेंट चढ़ गए। दुबई में ईरान के मिसाइल हमले में खाई बनी सड़क में कार गिरने से उनके साथ पाकिस्तानी ड्राइवर की भी जान चली गई। 16 दिन बाद दुबई से शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया।

विदेश में जान गंवाने वाले जीशान (29) बरेली के बिहारीपुर निवासी बिस्कुट व्यापारी जान मोहम्मद उर्फ लल्ला के तीन पुत्रों में सबसे छोटे थे। वह 2020 से दुबई में नौकरी कर रहा था। जीशान अपने क्लाइंट से मिलकर लौट रहे थे। रास्ते में मिसाइट अटैक की वजह से हुए पानी से भरे गढ्डे में कार गिर गई ओर उनकी मौत हो गई।

जीशान (फाइल)

- मिसाइल हमले से सड़क पर हुए गड्ढे में कार गिरने से जीशान अजहरी की हुई मौत

# दिल्ली में उत्तर प्रदेश भाजपा की मजबूत टीम पर लगेगी मुहर

**लखनऊ।** प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर शुक्रवार को दिल्ली दौरे पर हैं।

लखनऊ में हाल ही में हुई कोर ग्रुप की बैठक के बाद अब दिल्ली में शीर्ष नेतृत्व के साथ महत्वपूर्ण मंथन के बाद नई टीम के गठन, निगमों और बोर्डो में रिक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों के रिक्त पदों पर पार्टी कार्यकर्ताओं के मनोनयन को लेकर वर्ष 2027 के चुनाव के मद्देनजर नामों पर मुहर लगेगी। बीते शुक्रवार को ही प्रदेश भाजपा मुख्यालय पर इसे लेकर घंटों मंथन चला था। सूत्रों के मुताबिक, धर्मपाल सिंह अपने साथ संगठन की नई टीम से जुड़े संभावित नामों की सूची लेकर दिल्ली पहुंच रहे हैं। इन नामों पर पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ विस्तृत चर्चा की जाएगी, जिसके बाद जल्द ही उत्तर प्रदेश भाजपा की नई टीम का ऐलान हो सकता है।

- संगठन मंत्री धर्मपाल आज करेंगे हाईकमान से मुलाकात

# महिला आरक्षण : प्रस्तावित संशोधन करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब: मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि महिला आरक्षण अधिनियम में प्रस्तावित संशोधन केवल एक विधायी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह देश भर की करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। मोदी ने सभी सांसदों से इस महत्वपूर्ण संशोधन का समर्थन करने के लिए एकजुट होने का आग्रह किया।

मोदी ने अपनी वेबसाइट 'नरेन्द्र मोदी डॉट इन' पर प्रकाशित एक लेख में यह भी कहा कि यह पहल उस सिद्धांत की पुष्टि है जिसने लंबे समय से भारत के इस सभ्यतागत लोकाचार का मार्गदर्शन किया है कि समाज तभी प्रगति करता है जब महिलाएं प्रगति करती हैं। कहा कि अब जरूरत है कि 2029 के लोकसभा चुनाव और आने वाले समय में राज्यों के विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के प्रावधानों के साथ कराए जाएं।

कहा कि देश ऐतिहासिक अवसर की दहलीज पर खड़ा है और यह इसके लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने और समानता एवं समावेशन के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता की पुष्टि करने का अवसर है। इन्हीं प्रेरणादायी अवसरों के बीच, 16 अप्रैल को संसद की ऐतिहासिक बैठक होगी तथा विशेष सत्र महिला आरक्षण को लागू करने से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा और उसे पारित करने के लिए बुलाया गया है। प्रधानमंत्री ने बाद में पोस्ट किए गए एक वीडियो संदेश में, महिलाओं से उनके लेख को पढ़ने और अन्य को भी इसे पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। लोगों को राजनीतिक दलों को इस बात के लिए प्रोत्साहित व प्रेरित करना चाहिए कि 16, 17 और 18 अप्रैल को जब संसद की बैठक होगी तो वे इसे पारित करें। कहा, 'इसे सिर्फ एक विधायी प्रक्रिया कहना इसके महत्व को कम करके आंकना होगा। यह भारतवर्ष की करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है।'

- सभी सांसदों से इस महत्वपूर्ण संशोधन का समर्थन करने के लिए एकजुट होने का किया आग्रह

**उपलब्धि** | उप्र ने की 22,337 करोड़ की खरीद, केंद्र सरकार ने सराहा, 3606 करोड़ की खरीद से नगर विकास विभाग सबसे आगे

# जेम पोर्टल पर यूपी प्रथम, बना देश का रोल मॉडल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने सरकारी खरीद में पारदर्शिता का नया मानक स्थापित किया है। वित्त वर्ष 2025-26 में जेम के माध्यम से 22,337 करोड़ रुपये की खरीद कर यूपी देश में शीर्ष स्थान पर रहा है। भारत सरकार ने भी यूपी की इस पारदर्शी खरीद प्रणाली की सराहना करते हुए इसे अन्य राज्यों के लिए रोल मॉडल बताया है।

खास बात यह है कि प्रदेश के अधिकांश विभागों ने अपनी खरीद जेम पोर्टल के जरिए सुनिश्चित की, जिससे प्रक्रिया पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी बनी। प्रदेश में नगर विकास विभाग ने सबसे अधिक 3606 करोड़ रुपये की खरीद कर शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके बाद चिकित्सा शिक्षा (2973 करोड़), चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण (2498 करोड़) और गृह विभाग (1852 करोड़) प्रमुख रहे। राष्ट्रीय स्तर पर भी यूपी ने गुजरात (14,009 करोड़), महाराष्ट्र (6113 करोड़), दिल्ली (4278 करोड़) और छत्तीसगढ़ (3935 करोड़) जैसे राज्यों को पीछे छोड़ दिया। जेम पोर्टल के माध्यम से खरीद ने केवल पारदर्शिता ही नहीं बढ़ाई, बल्कि छोटे उद्यमियों, स्टार्टअप और वंचित वर्गों को भी बाजार से जोड़ने का काम किया है। महिला उद्यमियों से खरीद 467 करोड़ (2020-21) से बढ़कर 4755 करोड़ (वर्ष 2025-26) तक पहुंच गई। वहीं एससी/एसटी उद्यमियों से खरीद 54 करोड़ से बढ़कर 752 करोड़ हो गई। स्टार्टअप से खरीद भी 261 करोड़ से बढ़कर 3203 करोड़ तक पहुंची, जबकि एमएसएमई से खरीद 3978 करोड़ से बढ़कर 27,235 करोड़ रुपये हो गई। इससे प्रदेश में स्थानीय उद्यमों को बड़ा प्रोत्साहन मिला है।

### जेम खरीद में टॉप-10 राज्य

- उत्तर प्रदेश – 22,337 करोड़
- गुजरात – 14,009 करोड़
- महाराष्ट्र – 6113 करोड़
- दिल्ली – 4278 करोड़
- छत्तीसगढ़ – 3935 करोड़
- बिहार – 3611 करोड़
- मध्य प्रदेश – 2900 करोड़
- जम्मू-कश्मीर – 2653 करोड़
- झारखंड – 2647 करोड़
- असम – 2494 करोड़

### विक्रेताओं के कारोबार में भी रिकॉर्ड बढ़ोतरी

जेम पोर्टल के जरिए यूपी के विक्रेताओं का कारोबार लगातार बढ़ रहा है। वर्ष 2020-21 में 5770 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 में यह 42,654 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रति बढ़ते भरोसे को दर्शाता है। उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेम, कृष्ण मुरारी के अनुसार, मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप सभी विभागों को जेम पोर्टल से खरीद के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) में निदेशक का कार्यभार ग्रहण करतीं गुंजन द्विवेदी।

### मिशन निदेशक गुंजन द्विवेदी ने संभाला कार्यभार

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) में बुधवार को गुंजन द्विवेदी ने मिशन निदेशक का पदभार संभाल लिया। अलीगंज स्थित पंचायती राज निदेशालय में कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ पहली समीक्षा बैठक की। बैठक में ग्रामीण स्वच्छता अभियान, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, सामुदायिक शौचालय, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन और ग्राम पंचायतों में चल रहे स्वच्छता कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। मिशन निदेशक ने स्पष्ट किया कि स्वच्छता को केवल अभियान नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा स्थायी व्यवहार परिवर्तन बनाया जाना चाहिए। गुंजन द्विवेदी ने अधिकारियों और कर्मचारियों से टीम भावना के साथ काम करने का आह्वान किया।

### इस्लामनगर के बीडीओ निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने बदायूं के इस्लामनगर विकास खंड के खंड विकास अधिकारी मुनब्बर खां को निलंबित कर दिया है। प्रथम दृष्टया अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही और शिथिलता बरतने के आरोप में गुरुवार को यह कार्रवाई की गई है। यह निर्णय उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर लिया गया है। साथ ही, उनके विरुद्ध उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक नियमावली के तहत विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही शुरू करने के भी आदेश दिए गए हैं। मालूम हो कि सरकार की इस कार्रवाई में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर रुख अपनाने के संकेत दिए गए हैं।

### लखनऊ में राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मई को

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और उप्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर 9 मई (शनिवार) को लखनऊ में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इसका आयोजन जनपद न्यायालय, कलेक्ट्रेट परिसर और सभी तहसीलों में किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश मलखान सिंह के निर्देशन में होने वाली इस लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। सचिव जीवक कुमार सिंह ने बताया कि लोक अदालत वैकल्पिक विवाद निस्तारण का मंच है, जहां निर्णय सिविल कोर्ट की डिक्री के समान बाध्यकारी होता है और इसके खिलाफ अपील नहीं की जा सकती। प्राधिकरण ने आमजन से अपील की है कि वे लोक अदालत में पहुंचकर न्याय का लाभ उठाएं।

### रेतेश्वर महादेव धाम का कायाकल्प तेज

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी के सरोजनी नगर क्षेत्र में सई नदी तट स्थित रेतेश्वर महादेव धाम का कायाकल्प तेजी से जारी है। पर्यटन विभाग की करीब 93.43 लाख रुपये की परियोजना के तहत अब तक लगभग 60 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। योजना का उद्देश्य श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'विकास भी, विरासत भी' की परिकल्पना को साकार किया जा रहा है।

# स्मार्ट मीटर शिकायतों की जांच करेगी विशेषज्ञ समिति

## मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश, बिना गलती न कटे कनेक्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ऊर्जा मंत्री और एमडी फील्ड में उतरें, करें समाधान
- गर्मी में बिजली आपूर्ति बाधित न हो, हेल्पलाइन रहे सक्रिय

**अमृत विचार:** स्मार्ट मीटर को लेकर बढ़ती शिकायतों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रुख अपनाते हुए विशेषज्ञ समिति गठित कर जांच कराने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को ऊर्जा विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में उन्होंने साफ कहा कि आम उपभोक्ता ईमानदार होता है और यदि बिल सही हो तो वह भुगतान से पीछे नहीं हटता। ऐसे में ओवरबिलिंग या तकनीकी खामियों की निष्पक्ष जांच जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को देर शाम उर्जा विभाग की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि किसी उपभोक्ता की गलती नहीं है तो उसका बिजली कनेक्शन किसी भी स्थिति में नहीं काटा जाए। उन्होंने ऊर्जा मंत्री और पावर कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक को खुद फील्ड में जाकर व्यवस्था देखने और शिकायतों का मौके पर निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी बिजली आपूर्ति सरकार की प्राथमिकता है। स्मार्ट मीटरिंग, बिलिंग प्रणाली और उपभोक्ता सेवाओं को भरोसेमंद बनाना होगा। सभी टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर पूरी तरह सक्रिय रहें और शिकायतों का समयबद्ध समाधान किया जाए।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में उपभोक्ताओं की संख्या 2017 के 1.65 करोड़ से बढ़कर 2026 में 3.71 करोड़ हो गई है। इस दौरान बिजली भार में 80 प्रतिशत और ऊर्जा बिक्री में 63 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। वर्तमान में कुल ऊर्जा बिक्री 1.27 लाख मिलियन यूनिट से अधिक है। मुख्यमंत्री ने ट्रांसफार्मर बदलने की प्रक्रिया को तेज करने, बिजली लाइनों के आधुनिकीकरण और भूमिगत केबलिंग को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कहीं भी उपभोक्ता को अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में भी विशेष ध्यान देने को कहा गया। न्यूनतम पांच घरों वाले मजरों तक विद्युतीकरण सुनिश्चित करने, कृषि फीडरों के पृथक्करण और ओवरलोडिंग की समस्या दूर करने पर जोर दिया गया।

# 12 आईपीएस और 35 पीपीएस अधिकारियों के तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखनऊ के ऋषभ रुनवाल को एएसपी नक्सल सोनभद्र बनाया गया
- नोएडा कमिश्नरेट की ट्विंकल जैन लखनऊ की एडीसीपी बनीं

**अमृत विचार:** शासन ने गुरुवार देर शाम को 12 आईपीएस और 35 पीपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिये हैं। जारी सूची में नोएडा कमिश्नरेट में एडीसीपी रही ट्विंकल जैन को लखनऊ और लखनऊ उत्तरी में एडीसीपी रहे ऋषभ रुनवाल को एएसपी नक्सल सोनभद्र बनाया गया है।

जारी आदेश के अनुसार, सागर जैन एएसपी ग्रामीण सहारनपुर से एडीसीपी प्रयागराज, मनोज कुमार रावत एएसपी पूर्वी गोंडा को संभल दक्षिणी, आयुष विक्रम सिंह को एएसपी सिटी मेरठ से बहराइच, विनायक गोपाल भोंसले को सीतापुर से मेरठ, अंतरिक्ष जैन को मेरठ से बुलंदशहर, लिपि नागयाच को गाजियाबाद कमिश्नरेट से वाराणसी का एडीसीपी, राजकुमार मीणा को प्रयागराज से मीरजापुर नक्सल एएसपी, अलोक कुमार को संभल से प्रतापगढ़, एडीसीपी वाराणसी डॉ. ईशान सोनी को एएसपी जालौन और एएसपी अलीगढ़ मयंक पाठक को सहारनपुर का एएसपी ग्रामीण बनाया गया है।

वहीं 35 पीपीएस अधिकारियों में आलोक कुमार सिंह को बहराइच से एसडीआरएफ मुख्यालय लखनऊ का उपसेनानायक, संजीव कुमार सिन्हा एएसपी रायबरेली को पुलिस मुख्यालय, आलोक सिंह-3 को एसीपी प्रयागराज से एएसपी रायबरेली, अजीत कुमार रजक को जौनपुर से एएसपी गोंडा, डॉ. तेजवीर सिंह को बुलंदशहर से अंबेडकरनगर, श्याम देव को एएसपी अंबेडकरनगर से 12वीं वाहिनी पीएसी उपसेनानायक फतेहपुर, मनीष कुमार मिश्र को मीरजापुर से अलीगढ़, शैलेंद्र लाल को प्रतापगढ़ से उन्नाव, एडीसीपी लखनऊ जया शांडिल्य को एएसपी अभिसूचना मेरठ, कृष्ण कांत सरोज को एएसपी अभिसूचना मेरठ से एएसपी विशेष जांच शाखा लखनऊ, प्रदीप कुमार वर्मा को जालौन से उपसेनानायक 2वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर, राजेश कुमार पांडेय-2 को कानपुर देहात से एडीसीपी गाजियाबाद कमिश्नरेट, अवनीश कुमार मिश्र को मथुरा से पीएसी मुख्यालय लखनऊ, श्वेता कुमारी यादव को एडीसीपी गाजियाबाद से एएसपी मथुरा, कृपा शंकर को बलिया से एएसपी कानून-व्यवस्था शाखा डीजीपी मुख्यालय, स्नेहा तिवारी चंदौली से एएसपी बलिया, राघवेंद्र कुमार मिश्रा को मेरठ से उपसेनानायक 2वीं वाहिनी एसएसएफ गोरखपुर, राजेश कुमार श्रीवास्तव एएसपी केंद्रीय भंडारण सीतापुर से एएसपी यातायात मेरठ, विवेक त्रिपाठी एएसपी यातायात आजमगढ़ से केंद्रीय भंडारण सीतापुर, अभिषेक कुमार सिंह को एटीएस लखनऊ से एएसपी बदायूं, शंकर प्रसाद को बुलंदशहर से पुलिस अकादमी मुरादाबाद, पियूष कांत राय को एडीसीपी आगरा से एएसपी चित्रकूट, सत्यपाल सिंह को चित्रकूट से एएसपी पीटीसी मुरादाबाद, आलोक प्रसाद को एएसपी सीतापुर से कानपुर देहात, अरुण कुमार सिंह-2 को फतेहगढ़ से एएसपी यातायात निदेशालय लखनऊ, गिरीश कुमार सिंह को एडीसीपी आगरा से एएसपी फतेहगढ़, राहुल मिठास को मैनपुरी से एएसपी तकनीकी सेवाएं लखनऊ, अभिषेक तिवारी को मेरठ से एएसपी मैनपुरी, महेंद्र पाल सिंह को फतेहपुर से सीआईडी सेक्टर लखनऊ का सेक्टर ऑफिसर बनाया गया है। इसी तरह ज्ञान प्रकाश राय को एडीसीपी गाजियाबाद से एएसपी फतेहपुर, सतीश चंद्र शुक्ला एएसपी भदोही को एएसपी आपरेशन चंदौली, प्रेमचंद एएसपी उन्नाव को एएसपी राज्य मानवाधिकार आयोग लखनऊ और अभिषेक प्रताप अजेय को एएसपी कन्नौज से बुलंदशहर का एएसपी नगर बनाया गया है।

# कार डिवाइडर से भिड़ी, दो की मौत, दंपती घायल

कुंडा (प्रतापगढ़)

**अमृत विचार:** हरियाणा के फरीदाबाद जनपद स्थित कुंदन कॉलोनी, बल्लभगढ़ निवासी आशीष चक्रवर्ती पुत्र नरेंद्र नाथ चक्रवर्ती अपनी टाटा टियागो कार से अपने तीन अन्य परिजनों के साथ कोलकाता से दिल्ली की ओर जा रहे थे। गुरुवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे जैसे ही उनकी कार जहानाबाद फ्लाईओवर के पास पहुंची, अचानक चालक का नियंत्रण वाहन से हट गया और कार सीधे डिवाइडर से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जोरदार आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़े और राहत कार्य शुरू किया। घटना के बाद कुछ देर के लिए वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। हथिगवां पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को मूरतगंज सीएचसी भेजा। वहां चिकित्सकों ने घायलों को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल मंझनपुर, कौशांबी रेफर कर दिया। जहां चिकित्सकों ने मंजू भद्र (70) व बुलबुल (58) को मृत घोषित कर दिया। दोनों मृतक आपस में रिश्तेदार बताई गईं। वहीं आशीष चक्रवर्ती और उनकी पत्नी अस्पताल में भर्ती हैं।

### मालती अध्यक्ष व रितु खंडेलवाल बनी महिला शिक्षक संघ ब्लॉक शिवगढ़ की महामंत्री

शिवगढ़ ब्लॉक की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी। अमृत विचार

**रानीगंज (प्रतापगढ़) अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ ब्लॉक शिवगढ़ का निर्वाचन गुरुवार को जिलाध्यक्ष स्नेह कुमारी शुक्ला और जिला उपाध्यक्ष प्रतिभा ने सम्पन कराया। इसमें मालती सिंह सिंह को ब्लॉक अध्यक्ष और रितु खण्डेवाल को महामंत्री बनाया गया। महिला जिलाध्यक्ष ने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए स्पष्ट किया कि महिलाओं का उत्पीड़न और शोषण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हर महिला की लड़ाई और न्याय दिलाने का कार्य संगठन करेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिवगढ़ ब्लॉक के खण्ड शिक्षा अधिकारी शुभम कुमार, राजकुमारी, अनुपमा, सपना, प्रियंका सरोज, नीलम सिंह, मनीषा गौतम रहीं।

### शायर नाजिश की 42 पुण्यतिथि आज

**प्रतापगढ़, अमृत विचर :** हम बन के लहू धरती की रग रग में बहेगें, हम एक थे, हम एक है, हम एक रहेंगे...राष्ट्रीय एकता का यह संदेश प्रसारित करने वाले प्रतापगढ़ के मशहूर कवि और शायर नाजिश प्रतापगढ़ी की 42 वीं पुण्यतिथि शुक्रवार को मनाई जाएगी। उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से प्रतापगढ़ का नाम पूरी दुनिया में रोशन किया। उनके बेटे डॉ. मो. अनीस ने बताया कि उनकी पुण्यतिथि पर काव्यगोष्ठी का आयोजन शुक्रवार छह बजे से होटल स्नेह में आयोजित है। डीएम शिव सहाय अवस्थी बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

### सेवानिवृत्त इंजीनियरों को समयबद्ध पेंशन देने की नई व्यवस्था

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने सेवानिवृत्त इंजीनियरों को समय पर पेंशन भुगतान सुनिश्चित करने के लिए नई व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए हैं। शासन स्तर पर स्पष्ट किया गया है कि पेंशन मामलों में देरी या त्रुटि किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं होगी और सभी लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। सरकार का फोकस इस बात पर है कि रिटायरमेंट के बाद कर्मचारियों को अपने ही हक के लिए भटकना न पड़े। इसके लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि पेंशन स्वीकृति, भुगतान और अन्य देयकों की प्रक्रिया को समयबद्ध और पारदर्शी बनाया जाए।


अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम ADNAN KHAN था से बदलकर MO ADNAN KHAN रख लिया है अब मुझे MO ADNAN KHAN के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-SAFAT KHAN ADD-PURE BADAL POST-RUKUNPUR JUGRAJPUR DIST-AMETHI-227405 (U.P.)

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र के स्कूल अभिलेखों में त्रुटिवश उसका नाम अधिनव गुप्ता अंकित हो गया है जो कि गलत है। जबकि उसका सही नाम नैतिक गुप्ता (Naitik Guputa) है जो उसके आधार कार्ड में अंकित है। उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति (मेरे पुत्र) के हैं। अतः उसके स्कूल अभिलेखों में उसका नाम अधिनव गुप्ता के स्थान पर नैतिक गुप्ता दर्ज किया जाये। **सुधीर गुप्ता पुत्र स्व0 रामेश्वर दयाल गुप्ता निवासी रेलवेगंज, लोहा मण्डी, हरदोई।**

**सूचना**

मैने अपना नाम VIMAL KUMAR से बदलकर VIMAL KUMAR VERMA रख लिया है आज से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-ANANT PRASAD VERMA R/0-5388/233/1 TAPASWI NAGAR, SITAPUR ROAD TRIVENI NAGAR-II DIST-LUCKNOW-226020 (U.P.)

**सूचना**

मैं SURYA BHAN SINGH S/O LATE DEVRAJ SINGH, ARMY NO-16019142P, RANK-N/K, UNIT-15RPJRIT, R/O VILL - POST-HATHNASA, PS-SARENI, TEHSIL-LALGANJ, DISTRICT-RAEBARELI, STATE-UTTAR PRADESH-229212 का निवासी हूँ। मेरे पार्ट-2 में त्रुटिवश मेरी पत्नी का नाम रंजीता (RANJEETA) अंकित हो गया है, जबकि आधार कार्ड व अन्य शैक्षिक अभिलेखों में रंजीता सिंह (RANJEETA SINGH) अंकित है जो कि सत्य व सही है। जिसे संशोधन किया जाना अति आवश्यक है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा BTC (2001) का सार्टिफिकेट कहीं गिर गया, जिसका अनुक्रमांक 2291 है। यदि किसी को सार्टिफिकेट प्राप्त हो तो मो.नं. 7355300305 या घर सम्पर्क करने की कृपा करे। **राजन पुत्र श्री राम प्रसाद सोनकर फायर स्टेशन के सामने ओनई की कोठी, रायबरेली**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम अभिजीत श्रीवास्तव,पुत्र दुर्गेश कुमार और पता 215, एस.ई. II, वार्ड नं.-22 दूरभाष नगर थाना - मिल एरिया,रायबरेली दर्ज है, जो कि गलत है। मेरा सही नाम अभिनीत श्रीवास्तव,पुत्र दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव और पता - 1/क वार्ड न. 3 त्रिपुला चौराहा बिसाइड एन.एस.पी. एस. स्कूल लकेओ, इलाहाबाद मार्ग पोस्ट अहियापुर रायबरेली है।

**सूचना**

पहले मेरा नाम AMIT KUMAR RAJESH SINGH था अब मैने अपना नाम बदलकर AMIT RAJESH SINGH रख लिया हूँ। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। AMIT RAJESH SINGH S/0-RAJESH BRIGUNATH SINGH ADD-VIRAT KHAND GOMTINAGAR DIST-LUCKNOW-226010(U.P.)

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **सुरेश कुमार शुक्ला, पिता इंद्रभान शुक्ला, माता उषा देवी निवासी ग्राम व पोस्ट नहवा परसौरा थाना व तहसील करनैलगंज जिला गोंडा।** मेरी हाईस्कूल वर्ष 2023 की मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक 1232713444 है, जो कहीं गुम हो गई है। जिसकी सूचना स्थानीय कोतवाली में भी दे दी गई है।

**सूचना**

मैने अपना नाम HARISH KUMAR से बदलकर HARISH CHANDI RANI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-HASSA RAM ADD-T-3/1202 12TH FLOOR ELDECO ETERNIA SITAPUR ROAD MADIYAON KOTWALI DIST-LUCKNOW(U.P.)

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इंटरमीडिएट संस्थागत प्रमाण पत्र वर्ष 1995 अनु. 0220586 वास्तव में कहीं खो गया है। **केशवदत्ता- निवासी ग्राम व पोस्ट ककरघटा - शाहाबाद हरदोई**

**सूचना**

मैने अपने (माइनर) पुत्र का नाम MOHD HASHIR MOHAMMAD NAFIS से बदलकर MOHD HASHIR रख लिया है अब भविष्य मे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-MOHAMMAD NAFIS ADD-KASAI TOLA WORD NO-9 NANPARA DIST-BAHRAICH-271865 (U.P.)

**सूचना**

मैने अपना नाम KRITICKA KAPOOR से बदलकर KRITTIKA KAPOOR रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-ANUJ SETH ADD-1, MADAN MOHAN MALVIYA MARG, OPP-BUTTLER, DALIBAGH DIST-LUCKNOW-226001(U.P)


### तालाब जीर्णोद्धार के दौरान जल संरक्षण एवं स्वच्छ पर्यावरण के प्रति किया प्रेरित

स्वच्छता अभियान में शामिल बीएसएस एकेडमी के बच्चे।

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** युवा सामाजिक सेवा संस्थान एवं मेगा फाउंडेशन द्वारा करनपुर में तालाब जीर्णोद्धार के दौरान प्लास्टिक प्रदूषण के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि डीएफओ आशुतोष गुप्ता ने बीएसएस एकेडमी के बच्चों को प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। जल संरक्षण एवं स्वच्छ पर्यावरण के प्रति प्रेरित किया। बच्चों ने स्वच्छता अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। संस्थान के सचिव आलोक शुक्ला ने उपस्थित लोगों को बताया कि किस प्रकार हम अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव कर तालाबों एवं जल श्रोतों को प्लास्टिक प्रदूषण से बचा सकते हैं। इस अवसर पर विपिन सिंह नड्डा, धीरेन्द्र नारायण, मुकेश कुमार, आकाश कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


ता0 पेशी- 27.04.2026

**एच0सी0जे0 फार्म नं. 33 भाग 7 हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारुप)**

**नायब तहसीलदार क्षेत्र कुर्सी स्थान फतेहपुर जिला बाराबंकी**

वाद संख्या- ..... सन् 2026 ई0

**लालजी** बनाम **नानकशरण**

1. सुमित्रा देवी पत्नी रामचन्दर निवासी धनवालिया मजरे बिन्दौरा घरथरिया पर0 मो0 पुर तहसील फतेहपुर बाराबंकी। 2- राजेश पुत्र स्व0 रामचन्दर निवासी ग्राम धनवालिया मजरे बिन्दौरा घरथरिया पर0 मो0 पुर तहसील फतेहपुर बाराबंकी। 3- रमेश पुत्र रामचन्दर निवासी ग्राम धनवालिया मजरे बिन्दौरा घरथरिया पर0 मो0 पुर तहसील फतेहपुर बाराबंकी। 4- विनोद कुमार पुत्र स्व0 रामचन्दर निवासी ग्राम धनवालिया मजरे बिन्दौरा घरथरिया पर0 मो0 पुर तहसील फतेहपुर बाराबंकी।

चूंकि उपरिनामांकित वादी में यह आवेदन किया है कि मु0अ0 धारा- 34/35 अतएव आपका एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिये 20... के ..... के ..... दिवस को .... बजे .... पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यकरुपेण अनुदिस्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंज्ञात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीयरुप सुना जाएगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आप 20 के..... के . ... दिवस की निकासी गई।

**आज्ञा से न्यायालय**



कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल-लखनऊ।
निकट-विकास भवन, सर्वोदय नगर, लखनऊ।
E_mail:-seredlucknow@gmail.com

ई-प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

पत्रांक :-022/ग्रा0अ0वि0/निविदा/लखनऊ/2026-27 दिनांक-02.04.2026

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0 प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल-लखनऊ के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए, बी एवं सी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न बिल ऑफ क्वान्टिटी के अंकित दरों में जी0एस0टी0 के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित है, जी0एस0टी0 का भुगतान सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् है:-

| क्र0सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | कार्य की कुल लागत (लाख रु0 में) (जी0एस0टी0 सहित) | बिड सिक्योरिटी (लाख रु0 में) | जी0एस0टी0 सहित बिड डाक्यूमेंट का मूल्य (रु0 में) | वर्षा ऋतु सहित कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लखनऊ | जानकीपुरम प्रथम वार्ड के अन्तर्गत जानकी विहार कालोनी में सेन्ट एन्टोनी स्कूल के बगल से राजेश्वरी लॉन तक सड़क सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य। | 50.85 | 1.02 | 5000.00 | 03 माह |
| 2 | लखनऊ | लालालाजपथ राय वार्ड के अन्तर्गत मामा चौराहे से वर्मा पेट्रोल पम्प तक सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 86.99 | 1.74 | 5000.00 | 03 माह |
| 3 | लखनऊ | लखनऊ पश्चिम क्षेत्र के कन्हैया माधवपुर द्वितीय वार्ड के कानपुर रोड बाईपास/रिंग रोड मोड़ से लेकर नूरानी मस्जिद होते हुए संगीता पब्लिक स्कूल के आगे तक डामरीकरण एवं आस-पास की गलियों का आंतरिक कार्य। | 95.53 | 1.91 | 5000.00 | 03 माह |
| 4 | लखनऊ | 1090 चौराहे से जियामऊ ढाल से लॉमार्ट कॉलेज के पीछे वाले गेट तक डामर सड़क व साइड इण्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण कार्य। | 141.96 | 2.84 | 5000.00 | 04 माह |
| 5 | लखनऊ | ऐशबाग वार्ड के अन्तर्गत ऐशबाग पीली कालोनी के अन्तर्गत राधा कृष्ण मन्दिर से रंजना नर्सिंग होम होते हुए एस0एन0 मिश्रा द्वार तक सड़क निर्माण एवं साइड पट्री इण्टरलाकिंग कार्य। | 235.36 | 4.71 | 5000.00 | 04 माह |

2. वेब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि :- 15.04.26 को दोपहर 12.00 बजे से।
3. बिड डाक्यूमेन्ट डाउन लोडींग प्रारंभ करने की तिथि एवं समय :- 15.04.26 को दोपहर 12.00 बजे से।
4. प्रि-बिड मीटिंग की तिथि एवं समयः- 08.05.26 को प्रातः 11.00 बजे से।
5. ई-निविदा के माध्यम से निविदा डालने की प्रारंभ तिथि/समय :- 15.04.26 .को अपरान्ह 12:30 बजे से।
6. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समयः- 14.05.26 को दोपहर 12:00 बजे तक।
7. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समयः- 15.05.26 को अपरान्ह 12:30 बजे।
8. टेण्डर प्रक्रिया से पूर्व का कोई भी शपथ पत्र मान्य नहीं होगा।
9. निविदा आन-लाईन वैब साइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा एवं उसी साइट पर डाला जायेगा।
10. निविदा आमंत्रण कर्ता को आईटीबी के क्लॉज-10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा।सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती हैकि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
11. समस्त स्टाम्प ई-स्टाम्प के रूप में ही स्वीकार किये जायेगें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वेब साइट https://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

सभी सम्भावित निविदादाता को सलाह है कि बिड सब्मिट करने से पूर्व बिड डाक्यूमेन्ट को भली भाँति पढ़ लें।

UP - 249419 दिनांक: 08/04/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

अधीक्षण अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
परिमण्डल-लखनऊ।
श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से।



कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी रायबरेली।

पत्रांक C-10/जि0 प्रो0का0 / कोर्ट केस /2026-27 दिनांक 8 अप्रैल,2026

विज्ञप्ति

**उपयुक्त व्यक्ति (फिट पर्सन) / उपयुक्त सुविधा (फिट फैसिलिटी) /फास्टर केयर / ग्रुप फास्टर केयर के रूप में मान्यता हेतु आवेदन**

किशोर न्याय (बालकों की देख-रेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के अंतर्गत बालकों को सुरक्षित पारिवारिक वातावरण में देखरेख, संरक्षण, पुनर्वास एवं सामाजिक पुनःएकीकरण कराने हेतु उपयुक्त व्यक्ति, उपयुक्त सुविधा, फास्टर केयर तथा ग्रुप फास्टर केयर के रूप में जनसामान्य में लोकहितैषी भावना से कार्य करने वाले इच्छुक व्यक्तियों, स्वयंसेवी संस्थाओं से अपनी सेवायें देने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। उपयुक्त व्यक्ति तथा उपयुक्त सुविधा की सेवायें निःशुल्क प्रदान की जायेगी।

ऐसे व्यक्ति / संस्थायें जो बालकों को बुनियादी सेवायें उपलब्ध कराने में शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक रूप से सक्षम हों, किसी भी अनैतिक या आपराधिक कार्य में संलिप्त न हों तथा बाल संरक्षण अथवा सामाजिक कार्य करने क्षेत्र में अनुभवी हों, आवेदन हेतु पात्र होंगे।

विस्तृत जानकारी तथा आवेदन का प्रारूप विभागीय वेबसाइट https://mahilakalyan.up.nic.in से डाउनलोड करें अथवा कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी /जिला बाल संरक्षण इकाई विकास भवन, जनपद रायबरेली से प्राप्त कर उक्त कार्यालय में जमा करें।

**जिला बाल संरक्षण इकाई /जिला प्रोबेशन अधिकारी रायबरेली।**

# सपा विधायक की सभा में सैन्यकर्मी को पीटा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** सपा विधायक की जनसभा में पीएम मोदी को लेकर की गई टिप्पणी का विरोध करने पर एक सैन्यकर्मी की पिटाई कर दी गई। किसी तरह खुद को बचाकर निकले जवान ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। सतरिख थाना क्षेत्र के हांसेमऊ मजरे असैनी गांव निवासी फौजी विकास दीप ने पुलिस से की गई शिकायत में बताया कि वह भारतीय सेना में कार्यरत हैं और इन दिनों छुट्टी पर अपने घर आया हुआ है। आरोप है कि गुरुवार को गांव में सपा के सदर विधायक सुरेश यादव द्वारा एक जनसभा आयोजित की गई थी।

घायल विकासदीप। अमृत विचार

सभा के दौरान विधायक द्वारा देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ कथित रूप से आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया। पीड़ित के अनुसार उन्होंने शांतिपूर्ण तरीके से इसका विरोध करते हुए माइक लेकर ऐसी भाषा के प्रयोग को अनुचित बताया। इसी बात से नाराज होकर विधायक के साथ मौजूद कार्यकर्ताओं ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर उनकी जान बचाई। पीड़ित ने खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से आहत बताया और सपा विधायक सुरेश यादव व उनके कार्यकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

## एमएलसी पर टिप्पणी से हंगामा, युवक गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** एमएलसी अंगद सिंह की एक फेसबुक पोस्ट पर तल्ख टिप्पणी के बाद एक युवक की गिरफ्तारी बड़ा मुद्दा बन गया। एक ओर इस युवक जिसे भाजपा कार्यकर्ता भी बताया जा रहा, के चालान के बाद देर शाम आपाधापी के बाद जमानत मंजूर की गई, वहीं इस मामले को लेकर सोशल मीडिया पर वाकयुद्ध छिड़ गया है। समर्थन में वकीलों ने प्रदर्शन भी किया। बताते चलें कि कुछ दिन पहले एमएलसी अंगद सिंह ने परिवार समेत फेसबुक पर एक पोस्ट डाली। जिसको लेकर राजा दुबे नामक युवक ने सोशल मीडिया पर ही टिप्पणी की, उसका कहना था कि भारत माता का जयकारा लगाते समय उनका पुत्र शांत खड़ा रहा, मां के इशारा करने पर उसने जय करते हुए हाथ उठाया। राजा दुबे ने इसे संस्कार से जोड़ते हुए काफी तल्ख टिप्पणियां कीं। मामला शांत ही था लेकिन बुधवार शाम को अचानक उबाल आ गया, फेसबुक यूजर राजा दुबे को अचानक शहर कोतवाली पुलिस ने हिरासत में लिया और एफआईआर दर्ज करने के बाद शांतिभंग की धारा में चालान कर गुरुवार को एसडीएम कोर्ट पर पेश किया। हालांकि जमानत अचानक निरस्त करने की चर्चा शुरू हो गई। जिसकी भनक वकीलों को लगी तो उन्होने राजा दुबे के समर्थन में विरोध प्रदर्शन शुरु कर दिया। इस बीच मामले को लेकर राजा दुबे के समर्थन में फेसबुक पर वाकयुद्ध शुरु हो गया। तमाम यूजर्स ने राजा दुबे की गिरफ्तारी के लिए एमएलसी को जिम्मेदार ठहराते हुए जमकर ट्रोल किया। इस बारे में एमएलसी से बात करने का प्रयास किया गया पर उनकी ओर से चौपाल में व्यस्त होने की बात कही गई। काफी आपाधापी के बीच देर शाम जमानत मंजूर हुई।

डीएम कार्यालय पर बैठे राष्ट्रीय अध्यक्ष व अन्य किसान नेता। अमृत विचार

## किसानों ने नेशनल हाईवे किया जाम

**बाराबंकी, अमृत विचार :** गुरुवार को नवाबगंज में भाकियू (अराजनैतिक) के बैनर तले सैकड़ों किसानों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। यहां से बुलावे पर सभी डीएम कार्यालय पहुंचे जहां डीएम, एसपी से बातचीत के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष रामबरन के नेतृत्व में गन्ना संस्थान परिसर में गुरुवार को धरना दिया गया। इनकी प्रमुख मांगों में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति का मुआवजा और धान खरीद में हो रही अनियमितताओं को दूर करना शामिल रहा। राष्ट्रीय अध्यक्ष का कहना है कि लंबे समय तक धरना देने के बावजूद न तो कोई अधिकारी और न ही लेखपाल ज्ञापन लेने पहुंचे। अधिकारियों की अनुपस्थिति से आक्रोशित किसान गन्ना संस्थान से निकलकर नवाबगंज तहसील गेट के पास मुख्य मार्ग पर पहुंचे और सड़क पर बैठकर जाम लगा दिया। जाम से यातायात बाधित हो गया और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस बल ने किसानों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन किसान अपनी मांगों पर अड़े रहे।

## सिलेंडर न मिलने पर सड़क पर लगाया जाम

**सूरतगंज, बाराबंकी :** अमराईगांव भुंड स्थित दीपक सिंह की भारत गैस एजेंसी पर गुरुवार को गैस सिलेंडर न मिलने के कारण सैकड़ों उपभोक्ताओं ने महादेवा-सूरतगंज मार्ग जाम कर प्रदर्शन किया। राम विजय, राजू कुमार, ब्रजेश कुमार, संजय सिंह, देवराज, प्रेमचंद्र, कौशल सहित अन्य लोग लाइन में लंबे समय तक खड़े रहने के बाद दोपहर तक सिलेंडर न मिलने पर नाराज हो गए। प्रदर्शनकारियों ने एजेंसी मालिक पर आरोप लगाते हुए कहा कि अक्सर वाहन न आने का बहाना दिया जाता है। पुलिस ने अधिकारियों के साथ वार्ता कर शुक्रवार को गैस वितरण कराने का आश्वासन देने के बाद प्रदर्शन शांत कराया और यातायात सुचारू हुआ। एजेंसी मालिक दीपक सिंह ने कहा कि आपूर्ति में देरी के कारण समस्या हुई है, लेकिन सिलेंडर आते ही वितरण कर स्थिति सुधारने का प्रयास किया जाएगा ताकि किसी को परेशानी न हो।

कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

## वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी :** कंपोजिट विद्यालय मुश्काबाद में गुरुवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षक राज बहादुर वर्मा, अध्यक्ष अनंत कुमार पाण्डेय और विशिष्ट अतिथि रामपाल यादव ने किया। कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। निपुण लक्ष्य प्राप्त करने वाले बच्चों को भी विशेष पुरस्कार दिए गए और नए शैक्षणिक सत्र के लिए नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकें वितरित की गईं। वीरेंद्र स्वरूप पाण्डेय ट्रस्ट द्वारा आयोजित खेल, चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र और उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय के विकास में सहयोग के लिए ग्राम प्रधान शिव देवी, उनके पति चंद्रभान रावत और कोटेदार मोहम्मद अनवर को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि राज बहादुर वर्मा ने छात्रों को समय पर विद्यालय आने और शिक्षकों द्वारा दी गई शिक्षा पर ध्यान देने की सलाह दी ताकि उनका भविष्य उज्जवल बने।

## न्यूज ब्रीफ

### सुभाष मिश्रा बने वस्तु एवं सेवा कर निरीक्षक

**सूरतगंज, बाराबंकी :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगंज में क्षय रोग विभाग के लैब टेक्नीशियन उमेश कुमार मिश्रा के भतीजे सुभाष मिश्रा का चयन वस्तु एवं सेवा कर निरीक्षक (जीएसटी इंस्पेक्टर) के पद पर हुआ है। सुभाष मिश्रा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सरकारी स्कूल से प्राप्त की और आगे की पढ़ाई जवाहर नवोदय विद्यालय, गोंडा से पूरी की। उनके चयन से परिवार और स्थानीय लोगों में खुशी की लहर है।

### 89 राजस्व गांवों में लगाए गए शिविर

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जनपद में किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिये चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को 89 राजस्व ग्रामों में कैम्पों का आयोजन किया गया। इन कैम्पों में कृषि विभाग और राजस्व विभाग के कर्मचारी, पंचायत सहायक एवं ग्राम रोजगार सेवक उपस्थित रहकर किसानों की रजिस्ट्री कर रहे हैं। उप कृषि निदेशक धीरेन्द्र सिंह ने विकास खंड बंकी के ग्राम शुक्लाई में आयोजित कैम्प का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों को बताया कि फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य है।

### निरीक्षक बनने पर लगाए गए स्टार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** तीन उपनिरीक्षकों का निरीक्षक पद पर पदोन्नति होने पर एसपी द्वारा स्टार लगाकर बधाई दी गई। एसपी अर्पित विजयवर्गीय द्वारा बाराबंकी में नियुक्त उपनिरीक्षक संतोष सिंह थाना सुबेहा, रोहित शुक्ला थाना जहांगीराबाद, मनोज कुमार थाना लोनीकटरा का निरीक्षक पद पर पदोन्नति होने पर स्टार लगाकर बधाई दी गई एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## फार्मर रजिस्ट्री से डाटा होगा एकीकृत

निरीक्षण करते एडीओ कृषि व अन्य। अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी :** डीएम शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर तहसील क्षेत्र में किसानों की फार्मर रजिस्ट्री के लिए विशेष अभियान 6 से 15 अप्रैल तक चलाया जा रहा है। इस दौरान कृषि, राजस्व और पंचायती राज विभाग की संयुक्त टीमें गांव-गांव कैंप लगाकर किसानों का पंजीकरण कर रही हैं। लेखपाल, ग्राम रोजगार सेवक और पंचायत सहायकों की टीमें किसानों के घर-घर जाकर रजिस्ट्री तैयार कर रही हैं। इसके आधार पर किसानों का 'गोल्डेन कार्ड' बनाया जाएगा, जिससे उन्हें खाद-बीज, किसान क्रेडिट कार्ड और अन्य योजनाओं का लाभ सीधे मिलेगा। नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी और सहायक विकास अधिकारी (कृषि) डॉ. दलबीर सिंह लगातार कैंपों का निरीक्षण कर टीमों को दिशा-निर्देश दे रहे हैं। एडीओ कृषि डॉ. दलबीर सिंह ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री शासन की एक अहम पहल है जिसके माध्यम से किसानों का डाटा एकीकृत किया जा रहा है।

## पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिला कृषि अधिकारी राजित राम ने बताया कि जिले में यूरिया 16,515 मी.टन, डीएपी 15,849 मी.टन, एमओपी 3,696 मी.टन, एनपीके 19,597 मी.टन एवं एसएसपी 12,351 मी.टन उपलब्ध है। गुरुवार को नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड से 499.500 मी.टन यूरिया जनपद को प्राप्त हुई जिसे निजी बिक्री केन्द्रों पर वितरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। सभी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देश दिया गया है कि रेट व स्टाक बोर्ड अपने प्रतिष्ठान पर अनिवार्य रूप लगाएं और किसानों को पीओएस मशीन से निर्धारित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराएं।

## मुआवजे और बिजली बिलों को लेकर दी धमकी

**हैदरगढ़, बाराबंकी :** भाकियू टिकैत ब्लॉक ईकाई हैदरगढ़ की बैठक पुरानी तहसील स्थित शिव मंदिर में ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. हरी रामपाल के नेतृत्व में हुई। बैठक में रक्तदान, गेहूं फसल नुकसान व बिजली बिलों के मुद्दों पर चर्चा हुई। किसानों ने बताया बारिश से फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से मुआवजा देने की मांग की। चेतावनी दी कि समय पर कार्रवाई नहीं हुई तो जोरदार आंदोलन करेगी। किसानों ने कहा कि स्मार्ट मीटर उनकी सहमति के बिना नहीं लगाए जाएं और बिल सही रीडिंग के अनुसार ही बने। बैठक में डॉ. हरी रामपाल, संतोष सिंह, सुरेंद्र प्रताप सिंह और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बालक पर गिरा तीन क्विंटल का गेट, मौत

**रामनगर, बाराबंकी :** नपं अंतर्गत मोहल्ला लखरौरा में निर्माणाधीन मकान पर खड़ा लोहे का गेट अचानक गिरने से 12 वर्षीय बालक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार क़स्बा रामनगर निवासी हाफिज असलम का मकान सीएचसी रामनगर के पास बन रहा है। निर्माण कार्य के दौरान लोहे का गेट दीवार के सहारे खड़ा किया गया था। बुधवार को उनका 12 वर्षीय बेटा मो. हजला पिता के लिए खाना लेकर निर्माण स्थल पर पहुंचा था। वह दीवार के पास बैठा ही था कि अचानक गेट उस पर गिर गया और उसकी चपेट में आकर दब गया। बालक की चीख सुनकर पिता व आसपास के मजदूर मौके पर पहुंचे और उसे बाहर निकालकर तत्काल सीएचसी रामनगर ले गए। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

## सर्वोदय इंटर कॉलेज में त्रैवार्षिक अधिवेशन कल

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिला मीडिया प्रभारी डॉ. विकास चंद्र शर्मा के अनुसार उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ बाराबंकी शाखा का त्रैवार्षिक अधिवेशन शनिवार को सर्वोदय इण्टर कॉलेज विशुनपुर के परिसर में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें ज़िले भर से बेसिक शिक्षक भाग लेंगे, साथ ही साथ प्रदेश अध्यक्ष योगेश त्यागी और अयोध्या मंडल के विभिन्न पदाधिकारी भी रहेंगे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर हुई बैठक

**बाराबंकी, अमृत विचार :** नौ मई को आयोजित होने वाली साल की दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी के लिए गुरुवार को जनपद न्यायालय परिसर में बैठक हुई। अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतिमा श्रीवास्तव ने की। बैठक में अपर जिला जज कृष्णचन्द्र सिंह, सिविल जज शाम्भवी यादव, अपर जिलाधिकारी राज कुमार सिंह, एलडीएम सौरभ मोर्या और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। सभी विभागों को निर्देश दिए गए कि वे आपसी समन्वय से काम करें, लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए आशा बहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और लॉ कॉलेज छात्रों का सहयोग लें, तथा लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें। अधिकारियों ने भरोसा जताया कि 9 मई की लोक अदालत ऐतिहासिक सफलता हासिल करेगी।

## तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

कार्यक्रम के दौरान मौजूद प्रो. चांसलर और कुलपति। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** श्री रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी एवं इंटरनेशनल फैशन बिजनेस एक्सचेंज काउंसिल के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को सस्टेनेबल इनोवेशन 2.0 विषयक तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू हुआ। 11 अप्रैल तक चलने वाला यह सम्मेलन ब्रिजिंग रिसर्च एंड इंडस्ट्री फॉर रेजिलिएंट फ्यूचर थीम पर आधारित है और हाइब्रिड मोड में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, कला एवं गणित (एसटीईएएम) के समन्वय को फैशन और सस्टेनेबिलिटी से जोड़कर वैश्विक पर्यावरणीय व नैतिक चुनौतियों का समाधान तलाशना है।

## वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ऐंठे 14 लाख

**बनीकोडर, बाराबंकी :** क्षेत्र स्थित एक महाविद्यालय के प्रबंधक ने कालेज की ही शिक्षिका व उसके साथी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उससे 14 लाख वसूले जा चुके और रकम की मांग की जा रही है। मामला असंद्रा थाना क्षेत्र का है। कस्बा स्थित रामखेलावन महाविद्यालय के प्रबंधक ग्राम शेषपुर दामोदर निवासी आलोक पांडेय ने तहरीर में बताया कि उनके कालेज में ही पढ़ाने वाली महिला शिक्षिका ने अपने सहयोगी के साथ मिलकर उसे प्रेमजाल में उलझाने का प्रयास किया और झूठे मुकदमे में फंसाने और फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर करीब 14 लाख 39 हजार 200 रुपये वसूल लिए। तहरीर के मुताबिक, आरोपियों ने हाल ही में फिर 2 लाख रुपये की मांग की, जिसमें से डर के कारण पीड़ित ने 10 हजार रुपये नकद दे दिए। इसके बावजूद बाकी रकम के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा था। पीड़ित द्वारा शिकायत किए जाने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## हादसों में घायल दो लोगों की मौत, सात जख्मी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अलग-अलग हादसों में घायल होकर इलाज करा रहे वृद्ध समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनाओं के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। शहर कोतवाली क्षेत्र के बबुरी गांव निवासी 62 वर्षीय किसान श्रीराम सिंह बुधवार दोपहर कचहरी से पेशी कर साइकिल से घर लौट रहे थे। बंकी रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर जुटे लोगों ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मसौली थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव निवासी 60 वर्षीय रामजियावन की भी हादसे में मौत हो गई। दो अप्रैल को नवीन सब्जी मंडी के पास वाहन की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनका इलाज लखनऊ के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। गुरुवार सुबह हालत बिगड़ने पर दूसरे अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। रामसनेहीघाट क्षेत्र के ताला मोड़ कट के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में अमेठी के शुकुल बाजार निवासी 22 वर्षीय रिजवान गंभीर रूप से घायल हो गया।

निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी। अमृत विचार

## छात्रों के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं शिक्षक

**बाराबंकी, अमृत विचार :** डीएम शशांक त्रिपाठी ने गुरुवार को तहसील नवाबगंज के तीरगांव स्थित समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय (आवासीय) का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक, आवासीय एवं सुविधाओं की व्यवस्था की जांच करते हुए छात्रों और शिक्षकों से संवाद स्थापित किया। डीएम ने छात्रों से सीधे बातचीत कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। जिलाधिकारी ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि वे छात्रों के शैक्षणिक स्तर के साथ-साथ उनके समग्र विकास पर विशेष ध्यान दें। इसके लिए खेल, भाषण, वाद-विवाद और अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक कक्षा में प्रतिदिन कम से कम दो छात्रों को किसी विषय पर अपने विचार व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया जाए, जिससे उनकी आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति क्षमता में वृद्धि हो।

# अनुराग एएसओ, सत्यम बने समीक्षा अधिकारी

- श्री साईं इंटर कॉलेज के छात्रों ने हासिल की ऐतिहासिक सफलता
- अंकित कार्यालय अधीक्षक अभिषेक बने टैक्स असिस्टेंट

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

अनुराग पटेल।

अंकित वर्मा।

अभिषेक वर्मा।

सत्यम अवस्थी।

**अमृत विचार:** श्री साईं इंटर कॉलेज, बड़ेल कैनाल रोड के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए जिले का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय के चार पूर्व छात्रों ने केंद्र और राज्य सरकार की प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे जनपद का नाम रोशन किया है। हाल ही में घोषित कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) की संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा (सीजीएल) तथा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) के परिणामों में इन छात्रों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला।

एसएससी सीजीएल परीक्षा में विद्यालय के वर्ष 2019 बैच के तीन छात्रों ने सफलता हासिल की है। लखपेड़ाबाग निवासी अनुराग पटेल का चयन केंद्रीय सचिवालय सेवा (सीएसएस) में सहायक अनुभाग अधिकारी (एएसओ) के पद पर हुआ है। उनके पिता राजू वर्मा एक सरकारी अध्यापक हैं। इसी मोहल्ले के अंकित वर्मा ने भी सफलता प्राप्त करते हुए आयकर विभाग में कार्यालय अधीक्षक के पद पर स्थान पाया है।

वहीं ग्राम करंधा, पोस्ट सुढ़ियामऊ निवासी अभिषेक वर्मा, जो ओम प्रकाश के पुत्र हैं, का चयन सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेस (सीबीडीटी) में टैक्स असिस्टेंट के पद पर हुआ है।

दूसरी ओर, विद्यालय के ही पूर्व छात्र सत्यम अवस्थी ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की परीक्षा में सफलता प्राप्त करते हुए समीक्षा अधिकारी के पद पर अपना स्थान सुनिश्चित किया है। चारों छात्रों की इस बड़ी सफलता से विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल है। कॉलेज के प्रबंधक सुरेंद्र वर्मा ने इसे संस्थान के लिए अत्यंत गौरव का क्षण बताते हुए कहा कि इन छात्रों ने यह सिद्ध कर दिया है कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इनकी सफलता वर्तमान में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणा का कार्य करेगी।

# दुर्घटना संभावित स्थलों का किया निरीक्षण

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी:** लगातार सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मौतों को लेकर सीओ ट्राफिक के खिलाफ जांच बिठाने व रामसनेहीघाट कोतवाल को लाइन हाजिर करने के बाद गुरुवार को आईजी अयोध्या सोमेन वर्मा ने गुरुवार को नेशनल हाईवे पहुंचकर दुर्घटना संभावित स्थलों का निरीक्षण किया और यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए सख्त निर्देश दिए। गुरुवार शाम करीब पांच बजे आईजी ने सनाकापुर, मोहम्मदपुर कीरत, दिलौना बाईपास और बैसनपुरवा समेत कई संवेदनशील स्थानों का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तेज रफ्तार पर नियंत्रण के लिए जिग-जैग बैरियर लगाने, हाईमास्ट लाइट व रिफ्लेक्टर स्थापित करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित दिलौना बाईपास पर निरीक्षण के दौरान आईजी ने बीच में बने अवैध कट और खुले रास्तों को तत्काल बंद कर डिवाइडर बनाने के निर्देश दिए। साथ ही सनाकापुर कट को भी बंद कराने को कहा। स्पष्ट किया कि वाहनों की आवाजाही केवल निर्धारित कट या अंडरपास से ही कराई जाए, ताकि दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण हो सके। इसके बाद डाकबंगले में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय समेत अन्य अधिकारियों के साथ हाल के सड़क हादसों की समीक्षा की गई। आईजी ने निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर दुर्घटना की आशंका अधिक है, वहां तत्काल सुरक्षा उपाय लागू किए जाएं। उन्होंने मोहम्मदपुर कीरत में बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने, थुर्थिया और बीर रोड पर स्पीड ब्रेकर बनाने तथा भिटरिया चौराहे पर बैरिकेडिंग कर वाहनों की गति नियंत्रित करने के निर्देश दिए।

दुर्घटना संभावित स्थान का निरीक्षण करते आईजी। अमृत विचार

## दिल्ली में घूमते मिले अचानक लापता हुए तीन बालक

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में एक ही गांव से अलग अलग परिवार के तीन बच्चे अचानक लापता हो गए। पुलिस जांच कर ही रही थी तभी पता चला कि यह तीनों दिल्ली में घूमते मिले हैं, इन सभी को चाइल्ड लाइन ने अपने नियंत्रण में ले लिया। परिजन इनके मिलने के इंतजार में हैं। मामला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बुल्लीपुर का है। ग्राम बुल्लीपुर निवासी पप्पू चौहान ने बताया कि उनके दो पुत्र रवि 15 वर्ष और शुभम चौहान 8 वर्ष 7 अप्रैल को दोपहर करीब 3 बजे बिना बताए घर से कहीं चले गए। काफी खोजबीन के बावजूद दोनों का कोई पता नहीं चल सका। वहीं दूसरे मामले में इसी गांव की पूजा देवी पत्नी रामू ने बताया कि उनका 10 वर्षीय पुत्र राज भी उसी दिन दोपहर करीब 3 बजे से लापता है। परिजनों ने शाम से लेकर देर रात तक तलाश की, लेकिन उसका भी कोई सुराग नहीं मिला। तीनों बच्चों के एक ही समय पर लापता होने की घटना से परिजनों में हलचल मच गई। परिजनों की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज की गई है, वहीं पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। तलाश जारी ही थी कि गुरुवार को खबर मिली कि यह तीनों बच्चे दिल्ली में मिल गए हैं। इन्हे वहां घूमते चाइल्ड लाइन ने पकड़ा और पूछताछ की। इसके बाद बाराबंकी खबर की गई। बच्चों के मिलने से परिजनों को राहत मिली है।

## देवा मेला कमेटी सदस्य समेत 4 पर रिपोर्ट दर्ज

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी :** दरियाबाद थाना क्षेत्र में तालाब के पट्टाधारक ने मारपीट और जान से मारने की कोशिश का आरोप लगाते हुए न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर देवा मेला कमेटी के सदस्य समेत चार के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम कुशफर निवासी द्वारिका प्रसाद ने कोर्ट को बताया कि उसके नाम पर ग्राम सुवागाढ़ा में स्थित गाटा संख्या 175 का तालाब पट्टे पर है, जहां वह मत्स्य पालन का कार्य करता है। आरोप है कि 7 दिसंबर 2025 को वह तालाब की देखरेख कर रहा था, तभी दरियाबाद कस्बे के रहने वाले स्वरेस्वर वली उर्फ संजय वली, रियाज, दिनेश और विजय वहां पहुंचे। सभी लोग असलहों से लैस थे और गाली-गलौज करते हुए उसे मारने के लिए दौड़ पड़े। आरोपियों ने उसे पकड़कर लात-घूंसों और असलहे के बट से मारपीट की।

**लापरवाही** | कलेक्ट्रेट के लोक सभागार में की जन सूचना अधिकारियों की समीक्षा बैठक, बोले-जिले में 129 जन सूचना के मामले हैं लंबित

# राज्य सूचना आयुक्त ने लंबित जन सूचना मामलों पर जताई चिंता

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त मोहम्मद नदीम ने कलेक्ट्रेट के लोक सभागार में आयोजित जन सूचना अधिकारियों की समीक्षा बैठक और प्रेस वार्ता में कहा कि जनपद बाराबंकी में 129 जन सूचना मामले लंबित हैं, जो सबसे निराशाजनक स्थिति है। बैठक में 129 जन सूचना अधिकारी बुलाए गए थे, लेकिन न्याय विभाग, कृषि विभाग और उद्योग विभाग के अधिकारी अनुपस्थित रहे।

राज्य सूचना आयुक्त ने बताया कि अधिकांश जन सूचना अधिकारियों को सूचना अधिकार अधिनियम की विस्तृत जानकारी नहीं है। उन्हें प्रथम और द्वितीय अपील, अपीलीय अधिकारी और उसकी प्रक्रिया, सूचना देने की समय सीमा और शिकायत व अपील में अंतर जैसी बुनियादी जानकारी भी नहीं है। ऐसे में यह घोर लापरवाही की ओर संकेत करता है। राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि काम में शिथिलता किसी कीमत पर सहन नहीं की जायेगी।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक 50,000 से अधिक लंबित मामलों का निस्तारण किया जा चुका है, लेकिन अभी भी 20,000 से अधिक मामले राज्य सूचना आयोग में लंबित हैं। 2006 से अब तक 181 अधिकारियों को अधिनियम के तहत दंडित किया गया है, जिसमें जुर्माने की राशि 25,000 है, लेकिन अब तक वसूली नहीं हुई। बाराबंकी में लंबित मामलों में सबसे ज्यादा 33 मामले पंचायती राज विभाग, 23 मामले ग्राम विकास विभाग, 17 मामले राजस्व विभाग, 14 मामले नगर पालिका व नगर पंचायत, 5-5 मामले बिजली विभाग और बेसिक शिक्षा विभाग, तथा 3-3 मामले पुलिस, न्याय और कृषि विभाग में लंबित हैं। समीक्षा के दौरान लंबित मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं।

लोक सभागार में बैठक करते राज्य सूचना आयुक्त। अमृत विचार

## तहसील और ब्लॉक किया निरीक्षण

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी :** प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त मोहम्मद नदीम ने ब्लॉक बनीकोडर और तहसील रामसनेहीघाट का भी औचक निरीक्षण किया। उनके अचानक पहुंचने से दफ्तरों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और अधिकारी-कर्मचारी तत्काल सक्रिय हो उठे। बनीकोडर में खंड विकास अधिकारी विनय कुमार मिश्रा से सूचना संबंधित रजिस्टर और अभिलेख तलब किए गए, जिसमें कई खामियां पाई गईं। राज्य सूचना आयुक्त ने सख्त नाराजगी जताई और जवाब-तलब करने व नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। तहसील रामसनेहीघाट में उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह और तहसीलदार शशांकनाथ उपाध्याय ने उनका स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान लंबित मामलों और शिकायत निस्तारण में लापरवाही पर चिंता जताई और अपीलीय अधिकारियों को समयसीमा में प्रकरण निस्तारित करने के सख्त निर्देश दिए।

# विवाहिता, वृद्ध व दो मजदूरों के फंदे से लटके मिले शव, कोहराम

## अलग-अलग थानाक्षेत्रों में हुईं घटनाएं, पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेजा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** जिले के अजगैन व गंगाघाट कोतवाली के अलावा दही व असोहा थानाक्षेत्र में विभिन्न कारणों के चलते विवाहिता, वृद्ध व दो मजदूरों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। लोगों की सूचना पर पहुंची संबंधित थानों की पुलिस ने मौके की जांच कर शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। वहीं, इस घटनाओं के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा रहा।

जितेंद्र विश्वास की फाइल फोटो।

### फैक्ट्री के सर्वेंट क्वार्टर में युवक फंदे से लटका, मौत

दही औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक प्लाईवुड फैक्ट्री में मजदूरी करने वाले युवक का शव सर्वेंट क्वार्टर में फंदे से लटका मिला। साथ रहने वाले भाई व साथियों की जानकारी पर प्रबंधन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम को भेजा। जिसमें उसकी हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई।

बिहार प्रांत के अररिया जिला व थानाक्षेत्र के लोदीपुर गांव निवासी जितेंद्र विश्वास (26) पुत्र मनोहर बड़े भाई धर्मेंद्र व पड़ोसी गांव के संजय व दीपक के साथ 1 साल से दही औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक प्लाईवुड फैक्ट्री में मजदूरी करते थे। चारों फैक्ट्री में बने सर्वेंट क्वार्टर में रहते थे। धर्मेंद्र ने बताया कि जितेंद्र ने रात 8 बजे खाना बनाया। वह व 2 साथी ड्यूटी चले गए। जितेंद्र कमरे पर अकेला था। देररात लौटे तो उसका शव कमरे की छत में लगे पंखे के कुंडे में गमछा से लटका मिला। प्रबंधन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव मोर्चरी भेजा। भाई धर्मेंद्र के मुताबिक जितेंद्र की शादी हो गई थी। उसके एक माह का बच्चा भी है। उसका अक्सर फोन पर पत्नी रोजी से झगड़ा होता था। वह 3 भाइयों ने दूसरे नंबर पर था। भाई धर्मेंद्र ,महेंद्र व बहन रीता हैं। बेटे की मौत की खबर सुन मां अनिता देवी बेहाल है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपा है। इसके बाद वह शव घर लेकर चले गए। एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। पोस्टमार्टम कराया गया है।

### कमरे में फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

**नवाबगंज, उन्नाव :** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी गीता (36) का पति दिलीप से अक्सर विवाद होता था। चर्चा रही कि दिलीप पत्नी पर किसी और से बात करने का शक करता था। गुरुवार सुबह गीता ने बेटे आयुष व बेटी आयुषी को स्कूल भेजा फिर पति को खाना दिया। पति के मुताबिक वह बाजार महुआ बेचने गया था और मां छेदाना खेत गई थी। तभी घर में अकेली गीता कमरे में साड़ी के फंदे से लटक गई। जब वह लौटा तो पत्नी का शव लटका देख बेहाल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिये भेजने के साथ मायके पक्ष को सूचना दी। उसके 3 बच्चों में छोटा बेटा गोलू नानी के घर पर है। बेटी की मौत से मां इकराना, पिता सुरेश व भाई मुकेश बेहाल हैं। पोस्टमार्टम हाउस में मायके पक्ष कीमहिलाओं की ससुरालियों से झड़प भी हुई। हालांकि लोगों ने उन्हें शांत कराया। कोतवाल सुरेश सिंह ने बताया कि पति की सूचना पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अभी किसी का कोई आरोप नहीं है।

### नीम के पेड़ से लटकता मिला वृद्ध का शव, क्षेत्र में मचा हड़कंप

**शुक्लागंज, उन्नाव :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के ठाकुर खेड़ा में उस समय सनसनी फैल गई जब एक वृद्ध का शव नीम के पेड़ से लटका मिला। सुबह टहलने निकले लोगों ने शव पेड़ से लटकते देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव नीचे उतरवाकर पहचान कराई और जरूरी कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पहचान छविनाथ (70) पुत्र निवासी गांव जालापुर थाना बिहार भगवंतनगर के रूप में हुई है। वह बीते कुछ समय से अपनी बेटी सुमन व दामाद प्रमोद राजपूत के साथ ठाकुर खेड़ा में रह रहे थे। दामाद के अनुसार, वर्ष 2009 में एक हादसे के दौरान ससुर के सिर पर बैलगाड़ी का पहिया चढ़ गया था। इसके बाद से उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। उनका इलाज लखनऊ के एक डॉक्टर से चल रहा था। बताया कि मंगलवार को छविनाथ अपने पैतृक गांव गए थे और बुधवार दोपहर करीब 3 बजे लौटे। इसके बाद वह घर से बिना बताए निकल गए। बुधवार सुबह सूचना मिली कि आजाद मार्ग गोल चौराहे के पास एक प्लॉट में लगे नीम के पेड़ से उनका शव रस्सी के सहारे लटका हुआ है। मृतक के तीन बेटे गोविंद, विक्रम और विनोद तथा तीन बेटियां सुदामा, बिटाना और सुमन हैं। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

छविनाथ (फाइल फोटो)

### युवक ने पेड़ पर फंदे से लटककर की खुदकुशी

**उन्नाव :** असोहा थानाक्षेत्र के सोहो गांव निवासी भवरेश (36) पुत्र रामाधार मजदूरी करता था। उसने पहली पत्नी से अलगाव के बाद रेखा से 2 साल पहले दूसरी शादी की थी। गुरुवार सुबह वह गांव के बाहर तालाब से मछली पकड़ने जाने की बात कह कर निकला था। लेकिन दोपहर तक नहीं लौटा। इस पर परिजन उसे तलाशने निकले तो गांव से 200 मीटर आगे खेत में लगे पेड़ में उसका शव गमछे के फंदे से लटका मिला। यह देख मां रजाना, पत्नी रेखा व भाई संतोष बेहाल हो गया। फोरेंसिक टीम की जांच के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई। परिजन उसके आत्महत्या करने की वजह नहीं बता सके। लेकिन चर्चा रही कि घर में पत्नी से हुए विवाद के बाद वह गुस्से में घर से निकला था। एसओ फूल सिंह ने बताया जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों ने अभी कोई आरोप नहीं लगाया है।

भवरेश (फाइल फोटो)

## न्यूज ब्रीफ

### नमन तिवारी बने नायब तहसीलदार

नमन तिवारी

**उन्नाव, अमृत विचार :** जिले के नमन तिवारी ने उप्र सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा में सफलता पाकर नायब तहसीलदार पद पर अपना चयन सुनिश्चित किया है। उनकी इस उपलब्धि से जिले के साथ पूरे प्रदेश का मान बढ़ा है। नमन की इस सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत के साथ प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना व समाज कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित नि:शुल्क कोचिंग का बड़ा योगदान रहा है।

### पड़ोसी ने मां-बेटी को पीटा, पुलिस से शिकायत

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के शारदा नगर नई बस्ती में बुधवार को मां-बेटी से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पड़ोसी पर गाली-गलौज के बाद लाठी-डंडों से हमला करने का आरोप लगा पुलिस से शिकायत की है। जानकारी के अनुसार, शारदा नगर निवासी प्रमोद मिश्रा की पत्नी शोभा ने बताया कि घटना के समय वह अपनी बुजुर्ग मां के साथ घर पर अकेली थी। आरोप है कि तभी पड़ोसी गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने लाठी-डंडों से दोनों पर हमला कर दिया। जिससे उन्हें चोटें आ गईं। आरोप है कि मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। घटना के बाद शोभा ने गंगाघाट कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दबोचा गया कार में सवारियों को धमकाकर लूटने वाला गिरोह

- चेकिंग में 4 लुटेरे चढ़े पुलिस के हत्थे, तमंचा व चापड़ भी बरामद

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** कार में सवारियों को बैठाकर सुनसान इलाके में तमंचे व धारदार हथियार के बल पर लूटपाट करने वाले गिरोह का दही पुलिस ने स्वाट व सर्विलांस टीम की मदद से भंडाफोड़ किया है। संयुक्त टीम ने 4 लुटेरों को गिरफ्तार कर उनके पास मिली कार को सीज किया है। एसएसपी जयप्रकाश प्रकाश सिंह ने बताया कि पुलिस को इनपुट मिला कि कार में बैठी सवारी को सुनसान स्थान पर डरा धमकाकर लूटने वाला गिरोह इन दिनों जिले के कानपुर-लखनऊ हाइवे पर सक्रिय है। इस पर इनकी गिरफ्तारी के लिए दही पुलिस के साथ स्वाट व सर्विलांस टीम लगाई गई थी। गुरुवार सुबह संयुक्त टीम ने चेकिंग के लिए निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे पुल के नीचे एक कार को रोककर तलाशी ली। उसमें बैठे 4 युवकों में एक के पास तमंचा, कारतूस व दो के पास चापड़ मिले। इस पर पुलिस ने चालक रोहन उर्फ अक्षत वर्मा पुत्र स्व. कमलकिशोर गांधीनगर शुक्लागंज, यश शुक्ला पुत्र अरविंद निवासी सुभाष नगर शुक्लागंज, यश तिवारी पुत्र पुत्र बसंत निवासी ऋषि नगर शुक्लागंज व आदित्य उर्फ यश गुप्ता पुत्र स्व. रोशनलाल निवासी सुभाष नगर शुक्लागंज कोतवाली गंगाघाट को गिरफ्तार कर जेल भेजा। पूछताछ में उन लोगों ने बताया कि रोहन उर्फ अक्षत वर्मा कार चालक है। जो अपने इन साथियों के साथ कानपुर से लखनऊ की सवारी बैठाता था। इसके साथी सवारी बनकर पहले से बैठे रहते थे। कार को सुनसान इलाके में रोककर सवारी को चापड़ व तमंचा से डराकर उसकी नकदी व सामान छीन लेते हैं और उसके मोबाइल से पैसा भी आनलाइन ट्रांसफर करा लेते थे। एसएसपी के मुताबिक सभी शातिर अपराधी हैं और इन पर पहले से कई मामले दर्ज है। गिरोह के खुलासे में एसओ ज्ञानेंद्र सिंह, स्वाट प्रभारी जयप्रकाश यादव, सर्विलांस प्रभारी अतुल वर्मा व उनकी टीम शामिल रही।

लुटेरों के बारे में जानकारी देते एसएसपी व अन्य अधिकारी।

### संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव) अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ चौकी अंतर्गत झब्बू पुरवा गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू की है। झब्बू पुरवा निवासी राकेश निषाद (40) पुत्र जगदीश खेती कर परिवार का भरण-पोषण करता था। परिजनों के अनुसार, बुधवार रात वह छत पर बाथरूम गया था। तभी अचानक छत से नीचे गिर गया। इससे उसके सिर में गंभीर चोट आ गई। परिजन उसे अस्पताल ले जाना चाहते थे लेकिन उसने डॉक्टर के पास जाने से मना कर दिया। बताया कि देररात 3 बजे उसकी हालत बिगड़ गई और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना पीआरवी को दी गई। मौके पर पहुंची जाजमऊ चौकी पुलिस ने घर के बाहर नल के पास पड़े शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम में सिर पर गंभीर चोट की पुष्टि हुई है। वहीं परिजनों ने पड़ोस में रहने वाले एक युवक पर संदेह जताया है। जिस पर पुलिस पूछताछ कर रही है। कोतवाल अजय सिंह ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उसकी मौत पर पत्नी नीतू, बेटा नितिन व बेटी पायल सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

रोते बिलखते परिजन व इनसेट में राकेश की फाइल फोटो।

## प्रधान शिक्षिका पर लापरवाही और अभद्रता का आरोप

- एसडीएम और बीईओ से हुई मामले की शिकायत

**हसनगंज उन्नाव, अमृत विचार :** विकासखंड हसनगंज के गांव कोहरापुर कौड़िया स्थित कंपोजिट विद्यालय की प्रधान शिक्षिका के विरुद्ध ग्रामीणों ने शिक्षा के प्रति लापरवाही व अभद्रता का आरोप लगा एसडीएम हसनगंज व बीईओ को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव निवासी सुनीत कुमार, मंगू, बृजमोहन व अरविंद सहित आधा दर्जन अभिभावकों का आरोप है कि उनके बच्चे विद्यालय से कक्षा 8 उत्तीर्ण कर चुके हैं। आगे की पढ़ाई के लिए नए विद्यालय में प्रवेश हेतु बच्चों के दस्तावेजों पर प्रधान अध्यापिका के हस्ताक्षर अनिवार्य हैं। जब अभिभावक इसके लिए विद्यालय पहुंचे तो प्रधान शिक्षिका ने हस्ताक्षर करने से मना कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि विरोध करने पर शिक्षिका ने न केवल अभद्रता की बल्कि शिकायत करने पर रिपोर्ट दर्ज कराने की धमकी भी दी। बीईओ दीपेश कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर वह अब तक दो बार जांच करने जा चुके हैं। कहा कि प्रधान शिक्षिका के विरुद्ध कार्रवाई के लिए बीएसए को पत्र भेजा गया है। इससे पहले भी इस शिक्षिका की विद्यालय में सोते हुए फोटो वायरल हुई थी। जिसमें पूर्व में ही कार्रवाई हेतु रिपोर्ट भेजी जा चुकी है। वहीं, दूसरी ओर प्रधान शिक्षिका आरती ने अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के उद्देश्य से फर्जी आरोप लगाए जा रहे हैं। उनका कहना था कि वह नियमानुसार अपना कार्य कर रही हैं।

## सीयू यूपी में प्रेरणा कैंटीन की हुई शुरुआत

- स्वयं सहायता समूह की महिलाएं संभालेंगी कमान

नवाबगंज, उन्नाव

**अमृत विचार:** गुरुवार को लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी परिसर में डीएम गौरांग राठी ने प्रेरणा कैंटीन का उद्घाटन किया। यह कैंटीन पूरी तरह स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित होगी। इस दौरान डीएम ने कहा कि बहुत कम समय में इस कैंटीन को तैयार किया गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह कैंटीन केवल आजीविका का साधन नहीं है, बल्कि यूनिवर्सिटी के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण, स्वच्छ भोजन व पारिवारिक वातावरण देने का एक माध्यम बनेगी।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शौर्य अरोरा ने कहा कि कैंटीन संचालन के लिए कुटुंबश्री संस्था के सहयोग से करीब 100 महिलाओं का साक्षात्कार लिया गया। कड़ी चयन प्रक्रिया के बाद 10 कुशल महिलाओं को चुना गया है। इन महिलाओं को आधुनिक बिलिंग मशीन चलाने की ट्रेनिंग दी जा चुकी है। भोजन की गुणवत्ता व स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए इन्हें होटल मैनेजमेंट संस्थान लखनऊ में 6 दिवसीय प्रशिक्षण भी दिलाया जाएगा। यूनिवर्सिटी परिसर में कैंटीन की सफल स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अफसरों व कर्मियों को डीएम ने प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में सुनील सिंह, मनोज कुमार, अरविंद सोनी व सोनम सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर राजकुमार व लाईजेन मैनेजर आशुतोष दुबे रहे। यूनिवर्सिटी के करीब 2500 छात्र-छात्राओं को अब कैंपस में ही स्वच्छ व स्वादपूर्ण भोजन मिलेगा। कुटुंबश्री की स्टेट नोडल कॉर्डिनेटर रुचिता बडे ने बताया कि महिलाओं की टीम दो शिफ्टों में कैंटीन का संचालन करेगी। इस दौरान सीडीओ कृति राज, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, एसडीएम प्रज्ञा पांडेय, यूनिवर्सिटी डायरेक्टर संजय चोपड़ा, बीडीओ शशांक व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

फीता काटकर कैंटीन का उद्घाटन करते डीएम गौरांग राठी व अन्य। ● अमृत विचार

### ट्रांस गंगा सिटी में भूखण्ड आवंटन को लेकर राज्यपाल से हुई शिकायत

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** बैराज मार्ग स्थित ट्रांस गंगा सिटी परियोजना में प्रभावित किसानों को नि:शुल्क भूखण्ड उपलब्ध न कराने का मामला एक बार फिर उठ गया है। इस संबंध में किसान आंदोलन के प्रदेश संयोजक अजय अनमोल बुधवार को लखनऊ स्थित राज्यपाल भवन पहुंचे। जहां उन्होंने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को पत्र सौंपकर हस्तक्षेप की मांग की है। किसान नेता अजय अनमोल ने पत्र मेंबताया कि 16 जनवरी 2014 को किसानों व संबंधित विभाग के बीच हुए समझौते के अनुसार अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को उनकी भूमि के सापेक्ष 6 प्रतिशत भूमि नि:शुल्क, मिश्रित लैंड यूज के भूखण्डों के रूप में दी जानी थी। इसके लिए तत्कालीन सरकार द्वारा शासनादेश भी जारी किया गया था। वहीं, करीब 1580 किसानों की सूची भी तैयार की गई थी। इसके बावजूद आज तक किसानों को भूखण्ड नहीं मिले हैं। इससे उनमें रोष व असंतोष है। पत्र में कहा कि यह मामला किसानों के अधिकारों व न्याय से जुड़ा है। अजय अनमोल ने राज्यपाल से मांग की कि वह प्रकरण का संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दें, ताकि प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द उनका हक मिल सके।

राज्यपाल को ज्ञापन देते किसान नेता।

## जनचौपाल में लाभार्थियों का हुआ सम्मान

- भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर चला गांव व बस्ती संपर्क अभियान

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार: भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 'गांव व बस्ती संपर्क अभियान' के तहत जन प्रतिनिधियों ने जनचौपाल लगा न केवल सरकार की योजनाएं बताईं, बल्कि स्वच्छता अभियान चलाकर कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरी।

सदर विधायक पंकज गुप्ता ने परियर के जानकी कुंड, मरौदा मझवारा व ऑट सरोसी में जनचौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और वहां मौजूद अधिकारियों को उनके निराकरण के निर्देश दिए। विधायक ने सरकार की जनहितकारी योजनाओं के लाभार्थियों को माला, अंगवस्त्र व घड़ी देकर सम्मानित किया। विधायक ने परियर के जानकीकुंड व मरौदा मझवारा के ठाकुरद्वारा मंदिर में पूजा-अर्चना की और परिसर में झाड़ू लगाकर सफाई की। वहीं, गांव तौरा में आयोजित कार्यक्रम में विधायक अनिल सिंह व ब्लॉक प्रमुख नीरज गुप्ता ने शिरकत की। इसमें ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि भाजपा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय की राष्ट्रवादी सोच का परिणाम है। विधायक अनिल सिंह ने उन बलिदानियों को याद किया जिन्होंने पार्टी के विकास की नींव रखी। भाजपा नेता राहुल पांडेय ने कहा कि पार्टी लोकतांत्रिक मूल्यों व समग्र मानवतावाद के आदर्शों के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति के लिए काम कर रही है।

मंदिर परिसर में झाड़ू लगाते सदर विधायक पकंज गुप्ता।

## छात्र सीखेंगे एफ-1 रेसिंग कार मॉडल निर्माण

- परिषदीय विद्यालयों के छात्रों के लिए स्टेम रेसिंग कार्यक्रम आयोजित

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** परिषदीय विद्यालयों के कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए नवीन तकनीकी नवाचार पर आधारित स्टेम रेसिंग कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी में हुआ। इसमें नगर क्षेत्र व सरोसी ब्लॉक के प्रथम चरण में उत्तीर्ण छात्रों ने प्रतिभाग किया।

दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ जिलाधिकारी गौरांग राठी व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शौर्य अरोरा ने किया। उन्होंने छात्रों से संवाद कर विज्ञान व तकनीक के दैनिक जीवन में उपयोग, समस्या समाधान, तार्किक, वैज्ञानिक चिंतन व कार डिजाइनिंग से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की। विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तरी में भी भाग लिया। कार्यशाला में डीएम व अन्य अधिकारियों ने विद्यार्थियों के साथ बैठकर टीम सदस्य बन गतिविधियों में सहभागिता की। जिससे छात्रों में उत्साह बढ़ा। बीएसए शैलेश पांडे ने कहा कि 15 अप्रैल को प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों द्वारा अपने प्रोजेक्ट्स का प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। इसके बाद उत्कृष्ट प्रतिभागी पुरस्कृत होंगे। बीईओ जगदीश श्रीवास्तव ने कहा कि नई तकनीकों से बच्चों को जोड़ते हुए उनके सर्वांगीण विकास में भूमिका निभाएगा। संचालन स्टेम्पलिफाई के स्टेट हेड यशराज ने किया।

कार्यशाला में बच्चों के साथ बैठे डीएम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व बीएसए। ● अमृत विचार

### गरेरे पुरवा में प्रधान के विरुद्ध ग्रामीणों का प्रदर्शन

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** सन्नी गांव के गरेरे पुरवा में गुरुवार को ग्रामीणों ने प्रधान व उनके प्रतिनिधि के विरुद्ध विरोध दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि बिना सूचना व जांच के उनकी झोपड़ियां व अस्थायी निर्माण हटवा दिए गए। जिससे उनमें आक्रोश है। ग्रामीणों के अनुसार, जिस जमीन पर वे वर्षों से झोपड़ियां बनाकर रह रहे थे और गोबर के कंडे रखने व पशुओं को बांधने के लिए उपयोग करते थे उसे अचानक खाली करा दिया गया। विरोध करने पर प्रधान प्रतिनिधि ने जमीन सरकारी बता वहां खेल मैदान बनाने की बात कही। ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 1968 में आई बाढ़ के बाद उनका मूल गांव कट गया था। इसके बाद वे सभी यहीं बस गए थे और तब से यहीं रह रहे हैं। गांव के गंगाराम, रामस्वरूप, दीपक, रामकेशन, मीना, रामजीवन, धर्मेंद्र निषाद व माधुरी आदि ने बताया कि वे जल्द ही जिलाधिकारी से इसकी शिकायत करेंगे और न्याय की मांग करेंगे।

### शिक्षक संघ आज डीआईओएस को देगा ज्ञापन

**उन्नाव, अमृत विचार :** उप्र माध्यमिक शिक्षक (चंदेल गुट) का डीआईओएस कार्यालय में 10 अप्रैल को होने वाला धरना उस समय स्थगित कर दिया गया जब शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल को जिला स्तर की समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किए जाने का डीआईओएस से आश्वासन मिला। हालांकि संघ के जिलाध्यक्ष हरिहर प्रसाद दीक्षित ने कहा है कि प्रांतीय आह्वान पर 10 तारीख को धरना व ज्ञापन दिए जाने के निर्देश थे। इसके तहत अब 10 अप्रैल को डीआईओएस को केवल प्रांतीय समस्याओं का ज्ञापन दिया जाएगा। इससे पूर्व गुरुवार को संघ के जिलाध्यक्ष हरिहरप्रसाद दीक्षित, जिला मंत्री राम शंकर, प्रदेशीय मंत्री रमाशंकर मिश्रा (मुन्ना), जिला उपाध्यक्ष अरुण सिंह व कार्यकारिणी सदस्य सत्येंद्र दीक्षित डीआईओएस सुनील दत्त से मिले और जिले के शिक्षकों की समस्याओ पर बिन्दुवार वार्ता की। इस पर डीआईओएस ने समस्याओं का निस्तारण करने का आश्वासन देते हुए कल होने वाले धरना-प्रदर्शन को स्थगित करने का अनुरोध किया। इस पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि 10 अप्रैल को अपरान्ह 2 बजे अब केवल प्रांतीय समस्याओं का ज्ञापन दिया जाएगा।

### रोवर्स रेंजर्स शिविर से युवाओं का होता विकास

**उन्नाव, अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय लोटना पुरवा में 3 दिवसीय प्रवेश रोवर रेंजर जांच शिविर का समापन ध्वज अवतरण के साथ हुआ। शिविर के तीसरे दिन मुख्य अतिथि डॉ. नीलिमा नागर व विशिष्ट अतिथि डॉ. पुष्प लता रेंजर प्रभारी राजकीय महा विद्यालय बक्खा खेड़ा रहीं। मुख्य अतिथि ने कहा कि रोवर्स रेंजर्स शिविर से युवाओं का सर्वांगीण विकास होता है। अतिथि व प्राचार्य डॉ. प्रशांत ने रोवर्स रेंजर्स द्वारा तैयार तंबू निर्माण का निरीक्षण किया। रानी अवंती बाई लोधी टीम ने बिना बर्तन के चोखा बाटी बनाई। अन्य टीमों ने भेलपुरी आदि व्यंजन बनाये। रानी लक्ष्मी बाई टीम ने कैंप फायर में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। गुंजन ने प्रेरणादायक गीत गाया। रोवर स्काउट लीडर भरत लोधी ने युवाओं को भारत पोर्टल के बारे में बताया। इस मौके पर रेंजर लीडर अंजना सिंह, एनसीसी प्रभारी डॉ. विकास, रोवर प्रभारी डॉ. कैलाश चंद यादव, रेंजर्स प्रभारी डॉ. नीलिमा शुक्ला व एनएसएस प्रभारी डॉ. इशांत श्रीवास्तव व आरती ने सहयोग किया।

कैंप में प्रदर्शन करती रानी लक्ष्मी बाई की टीम।

दिए निर्देश

लखनऊ-कानपुर रेल मार्ग पर पुल मरम्मत कार्य जारी, गुणवत्ता पर विशेष जोर

## प्रिंसिपल चीफ ने एचबीम स्लीपर कार्य का किया निरीक्षण

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** उत्तर रेलवे द्वारा गंगा नदी पर बने रेलवे पुल के जर्जर ट्रफ व पुराने स्लीपर हटाकर नए एचबीम चैनल स्लीपर लगाने का कार्य आठवें दिन भी जारी रहा। गुरुवार को कार्य का निरीक्षण करने उत्तर रेलवे के प्रिंसिपल चीफ टीएस गुप्ता दिल्ली से डीपीसी स्पेशल शैलून से गंगाघाट स्टेशन पहुंचे।

वहां से वह अधिकारियों के साथ पुश ट्रॉली से कानपुर की ओर चल रहे कार्य स्थल पहुंचे और डाउन लाइन के कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। इसमें उन्होंने पुल के स्पैन में लग रही स्टील चादर, एचबीम, नट-बोल्ट व अन्य सामग्रियों की गुणवत्ता जांची। अफसरों ने उन्हें बताया कि कार्य में उपयोग हो रही हर सामग्री की दो स्तर पर जांच की जा रही है ताकि किसी प्रकार की खामी न रहे। गौरतलब है कि गुरुवार सुबह 10 बजे से रेलवे पुल की डाउन लाइन पर जर्जर संरचनाओं को हटाने के लिए मेगा ब्लॉक लिया गया था। ब्लॉक मिलते ही कर्मियों ने तेजी से कार्य शुरू कर दिया। निरीक्षण के दौरान प्रिंसिपल चीफ ने कार्य में गुणवत्ता व सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद वह दोपहर करीब 2:10 बजे अपने शैलून में लौटे और लखनऊ के लिए रवाना हो गए।

रेलवे पुल पर हो रहे कार्य की चर्चा करते प्रिंसिपल चीफ व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

### आठ घंटे के ब्लॉक में तेजी से बढ़ा काम कुल 395 स्लीपर लगाए गए

गुरुवार सुबह 8 से शाम 6 बजे तक 8 घंटे के मेगा ब्लॉक में रेलवे पुल की डाउन लाइन पर 55 एचबीम स्लीपर सफलतापूर्वक लगाए गए। इसके साथ ही अब तक कुल 395 एचबीम स्लीपर लगाए जा चुके हैं। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, आगामी दिनों में कार्य की गति और तेज की जाएगी, ताकि निर्धारित समय में पुल का मरम्मत कार्य पूर्ण किया जा सके।

### तीन मनोनीत सभासदों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार :** नगर पंचायत कार्यालय में गुरुवार को शासन से नामित 3 सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इसमें हसनगंज एसडीएम प्रज्ञा पांडेय ने नामित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों में शिवदीप सिंह, सुशील श्रीवास्तव व शन्नो देवी त्रिवेदी ने शपथ ग्रहण के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष दिलीप लश्करी ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि मनोनीत सभासदों के आने से नगर के विकास कार्यों में तेजी आएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी सभासद शासन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और नगर की समस्याओं के समाधान के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव साझा करेंगे। इस दौरान में मंडल अध्यक्ष शशिकांत राजपूत, राजेंद्र त्रिवेदी, धर्मेश प्रताप सिंह, ईओ अनिल कुमार मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### 50 लाख के गांजे के साथ एक गिरफ्तार

**हरदोई, अमृत विचार।** वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने कर सवार एक व्यक्ति को लगभग डेढ़ लाख रुपए के गांजे के साथ गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक मार्तंड प्रताप सिंह ने बताया कि बेनीगंज पुलिस गुरुवार को वाहनों की चेकिंग कर रही थी तभी एक कार संदिग्ध अवस्था में आई हुई दिखाई दी। कार की तलाशी लेने पर उसमें एक कुंटल 5 किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजा ले जा रहे उज्जवल पुत्र मोहनलाल निवासी भवानीपुर थाना मिश्रिख जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गांजा व कार को बरामद करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया।

### विवाहिता अपने प्रेमी के साथ हुई फरार

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र निवासी विवाहिता अपने तीन बच्चों को छोड़कर प्रेमी के साथ फरार हो गई। आरोपी प्रेमी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले के रहने वाले पति के अनुसार उसकी 25 वर्षीय पत्नी 1 अप्रैल को सुबह जिला अस्पताल शाहजहांपुर में भर्ती बुआ को देखने के लिए घर से निकली थी, लेकिन देर शाम तक जब वापस नहीं लौटी तो उसकी तलाश शुरू की गई। पीड़ित पति ने बताया उसकी पत्नी संगीत पाल नाम के एक युवक से फोन पर बात करती थी। पति के अनुसार उसकी पत्नी 20, हजार रुपये की नकदी और काफी जेवर अपने साथ ले गई है। पीड़ित पति रुद्रपुर में एक प्राइवेट कंपनी में कार्य करता है। पति के अनुसार उसकी पत्नी दो जुड़वा बेटियों और एक बेटे को घर पर छोड़ गयी है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवाहिता की तलाश की जा रही है।

# सवारी वाहन के इंतजार में तहसील गेट पर खड़ी महिला की गिरकर मौत

## एसडीएम सदर ने निजी खर्च से वाहन कर घर भिजवाया महिला का शव

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** ट्यूबर कुलोसिस (टीबी) का इलाज करा रही महिला तहसील गेट पर खड़ी सवारी वाहन का इंतजार कर रही थी, तभी वह गिरी और गिरते ही उसका वहीं पर दम टूट गया। इसका पता होते ही एसडीएम सदर सुशील कुमार मिश्रा बाहर निकले। उन्होने शव भिजवाने के लिए पहले सीएमओ, फिर ईओ को फोन लगाया। लेकिन दोनों अफसरों ने काफी देर तक कोई जवाब नहीं दिया। इस पर गैर ज़िम्मेदारीपूर्ण रवैए को लेकर एसडीएम ने ईओ को फटकार लगा दी। उसके बाद अपने निजी खर्चे पर महिला का शव उसके घर पहुंचवाया।

बात गुरुवार की है, सुरसा थाने के

मृतका के परिजनों के साथ जमीन पर बैठकर शव भिजवाने के लिए अधिशासी अधिकारी से बात करते एसडीएम सदर सुशील कुमार मिश्रा।

खजुरमई निवासी रामनीर की 32 वर्षीय पत्नी राबिना करीब एक साल से ट्यूबर कुलोसिस का इलाज करा रही थी, वह गुरुवार को पिहानी से अपनी

- **महिला का शव भिजवाने के लिए एसडीएम के फोन करने पर भी सीएमओ व ईओ ने नहीं की कार्रवाई**

दवाई ले कर लौटी, तहसील सदर के गेट पर खड़ी हो कर घर थाने के लिए सवारी की राह देख रही थी, वहीं पर वह गिरी, और गिरते ही उसकी मौत हो गई। शोर-शराबा होने का पता चलते ही एसडीएम सदर सुशील कुमार मिश्रा अपने दफ्तर से निकल कर बाहर आए, उन्होने राबिना के साथ उसकी मां छोटी से पूरी बात की, शव को भिजवाने के लिए एसडीएम ने सीएमओ और ईओ को फोन लगाया, लेकिन उधर से कोई तसल्ली बख्श जवाब नहीं आया, आखिरकार काफी देर उलझे रहे एसडीएम ने ईओ के गैर ज़िम्मेदारी वाले रवैए पर उन्हे फटकार लगाई, उसके बाद अपने निजी खर्चे पर गाड़ी का बंदोबस्त कर राबिना का शव उसके गांव भिजवाया, उसके बाद ही एसडीएम ने सांस ली।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने मदद को बढ़ाया हाथ

**हरदोई।** तहसील गेट पर महिला की मौत की खबर सुनकर पहुंचे कांग्रेस ज़िलाध्यक्ष विक्रम पाण्डेय ने सिर्फ राबिना का शव को उसके घर पहुंचवाने में न सिर्फ आर्थिक मदद की, बल्कि आगे भी मदद करने साथ ही सरकार से हर मुमकिन मदद दिलाने का भरोसा दिलाया। श्री पाण्डेय ने कहा कि पता चला है कि राबिना के परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी ने उसके परिवार की मदद करने का संकल्प लिया है।

# झाड़-फूंक के बहाने से किशोरी को पीटने वालों पर हल्की कार्रवाई से लोगों में रोष

संवाददाता, भरखनी, हरदोई,

**अमृत विचार।** पचदेवरा थाना क्षेत्र के नई बस्ती गांव में झाड़-फूंक के नाम पर किशोरी के साथ मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है। हालाकि गंभीर अपराध के बावजूद पुलिस द्वारा कथित आरोपी पुजारी व उसके पुत्रों पर हल्की कार्रवाई को लेकर भी ग्रामीणों में नाराजगी है। इस बीच यह भी खुलासा हुआ है कि आरोपी ने अपनी जाति छिपाकर लोगों से धोखाधड़ी की है।

जानकारी के अनुसार बीती 1 अप्रैल को एक महिला अपनी 13 वर्षीय बेटी को नई बस्ती गांव में परमेश्वरदीन शर्मा के पास लेकर गई थी। आरोप है कि खुद को पुजारी और सिद्धि हासिल होने का दावा करने वाले परमेश्वरदीन शर्मा ने किशोरी को उसकी मां से अलग कर चोटी पकड़कर बेरहमी से पीटा और गले पर धारदार गंडासा रगड़कर झाड़-फूंक करता रहा। इस दौरान उसके पुत्र मंजेश और संजेश ने भी मारपीट की। घटना में किशोरी घायल हो गई। मामले ने उस समय तूल पकड़ लिया जब घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

- **जाति छिपाकर खुद को सिद्ध पुजारी होने का झांसा देकर कर रहा था झाड़-फूंक**

हो गया। वीडियो में आरोपी कथित पुजारी की करतूत साफ नजर आ रही है, जिससे लोगों में भारी नाराजगी है।

ग्रामीणों ने बताया कि परमेश्वरदीन शर्मा खुद को ब्राह्मण बताकर झाड़-फूंक करता था, जबकि उसकी वास्तविक जाति लोहार बताई जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि उसने भोले-भाले लोगों को गुमराह कर खुद को सिद्ध बाबा बताकर चमत्कार के नाम पर धोखाधड़ी की।

पीड़िता की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज होने के बावजूद पुलिस ने आरोपी पुजारी और उसके पुत्रों को गिरफ्तार कर केवल शांति भंग जैसी हल्की धाराओं में कार्रवाई की। लोगों का आरोप है कि मारपीट के साथ-साथ, झाड़-फूंक कर अंधविश्वास फैलाने जैसे गंभीर अपराध के बावजूद पुलिस ने सख्त धाराएं नहीं लगाईं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि पुलिस ने मामले को हल्का करने के लिए आरोपी से कथित रूप से रुपये लेकर नरमी बरती है। पुलिस ने बताया कि वायरल वीडियो को जांच में शामिल किया गया है और मामले की विवेचना जारी है।

# शीतला माता के मंदिर का होगा जीर्णोद्धार, पहली किस्त जारी

संवाददाता, संडीला, हरदोई

**अमृत विचार।** नगर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल शीतला माता मंदिर के जीर्णोद्धार का मार्ग अब प्रशस्त हो गया है। विधायक अलका सिंह अर्कवंशी के प्रयासों से मंदिर को वंदन योजना में शामिल कर लिया गया है। इस योजना के अंतर्गत करीब 1 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से मंदिर परिसर का समग्र विकास किया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, परियोजना के लिए 75 लाख रुपये की पहली किस्त जारी कर दी गई है। जीर्णोद्धार कार्य के तहत मंदिर परिसर में बाउंड्री वॉल, भव्य मुख्य द्वार, धर्मशाला का निर्माण एवं सुधार, टीन शेड, श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था, शीतल पेयजल की सुविधा तथा बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इससे मंदिर की सुंदरता और सुविधाओं में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। बताया जाता है कि विधायक ने इस योजना को मंजूरी दिलाने के लिए नगर विकास विभाग को प्रस्ताव भेजा था, जिसे स्वीकृति मिल गई। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा नगर विकास मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# सरकारी भूमि पर लगे पेड़ चोरी से काटे गए

**हरदोई, अमृत विचार।** सरकार ने पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गांव-गांव पौधरोपण कराया था। अहिरोरी ब्लाक के काईमऊ में नवीन परती भूमि और तालाब के किनारे यूकेलिप्टिस के अलावा आम, गूलर और पापुलर के पौधे लगाए गए थे। पेड़ तैयार हुए और उसी बीच उनके ऊपर आरा चल गया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि लेखपाल के इशारे पर यूकेलिप्टस के 31 पेड़ काटकर गायब कर दिया गया। काईमऊ थाना बघौली निवासी शिवम ने अपनी शिकायत में कहा कि वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान दौरान ग्राम पंचायत ने नवीन परती भूमि और तालाब के किनारे पौधरोपण कराये थे।

# विकास कार्यों पर खर्च होंगे 17 करोड़ से अधिक

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार।** नगर पालिका बोर्ड की बैठक में वर्ष 2026-2027 का अनुमति बजट 17 करोड़ से 83 लाख रुपये से वेतन, सड़कें, पेयजल, प्रकाश मार्ग, क्रास सहित अन्य विकास कार्य के प्रस्ताव पास किये गए।

गुरुवार को नगर पालिका बोर्ड की बैठक 10 माह बाद बुलाई गईं। बोर्ड की बैठक चेयरमैन तबस्सुम की अध्यक्षता में बुलाई गईं जिसमें अधिशासी अधिकारी राजेश राणा ने पिछली कार्यवाही पढ़ कर सुनाया। गत वर्ष आय 2025- 26 में 16 करोड़ 31 लाख 785 रुपए रही जिसमें व्यय 10 करोड़ 79 लाख

बोर्ड बैठक में मौजूद चेयरमैन तबस्सुम व सभासदगण। अमृत विचार

- **नगर पालिका बोर्ड की बैठक में पास किए गए प्रस्ताव**

48500 रूपये किया गया। वर्ष 2026-27 की अनुमानित आय 22 करोड़ 79 लाख 83790 रूपये जिसमें 17 करोड़ 83 लाख 69504 रूपये से वेतन, डीजल, 100 रिबोर, इंटर लाकिंग, सीसी रोड, पाइप लाइन विस्तार क्रास मरम्मत आदि शामिल है। चेयरमैन तबस्सुम ने सभी सदस्यों के प्रस्ताव लेकर विकास कार्य का भरोसा दिलाया। बैठक में सभासद भाष्कर मिश्रा ने सड़क, नाला, खड़केश्वर मन्दिर अतिक्रमण हटाने का प्रस्ताव दिया। सभासद मयंक अग्निहोत्री ने बाबा वैदेश्वर मंदिर का जीर्णोद्वार, सभासद अफसर बल्लू ने वार्ड में तीन सड़कें प्रस्ताव हेतु दी। सभासद इंतिसार अंसारी ने वार्ड में फ्रिजर न लगने पर नाराजगी व्यक्त की। सभासद सगीर अंसारी, माया देवी, मारूफ अंसारी, विनीत वर्मा, गुड्डी देवी, सहित अन्य सभासदों ने भी अपने -अपने वार्ड के प्रस्ताव सौपे। इस दौरान लिपिक संजय कुमार, जेई बृजेश वर्मा, कंप्यूटर ऑपरेटर सलीमुद्दीन शेख सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# हैण्डपंप पर पानी भरने गए अधेड़ की करंट लगने से मौत

**हरदोई, बिलग्राम, अमृत विचार।** अधेड़ अपने घर में लगे हैण्डपंप से पानी भरने के लिए उसे छूते ही करंट की चपेट में आ गया, घर वाले उसे आनन-फानन में सीएचसी बिलग्राम उठा ले गए, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते। हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। बिलग्राम कोतवाली के पनेउड़ा गांव निवासी 58 वर्षीय बाबूराम खेती-बाड़ी करता था। परिवार में उसकी पत्नी सावित्री देवी के अलावा चार बेटे मनोज, मंजुल, अशोक और अनिल है। मनोज ने बताया कि गुरुवार की सुबह



बाबूराम की फाइल फोटो।

करीब 7 बजे घर में नहाने की तैयारी कर रहे थे। उन्होंने पानी भरने के लिए जैसे ही हैण्डपंप छुआ, उसके छूते ही करंट लग गया, इसका पता होते ही सारे लोग दौड़ पड़े, बाबूराम को वहां से उठा कर सीएचसी बिलग्राम पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। बिलग्राम पुलिस ने शव अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है, हादसे की जांच की जा रही है।

# ज्वैलर्स की दुकानों में चोरी का प्रयास, आहट पर भागे

**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार।** बीती रात सोहरामऊ कस्बा की एक ज्वैलर्स दुकान का शटर तोड़ते समय लोगों के जागने पर चोर भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर चोरों की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किया है।

सोहरामऊ कस्बा निवासी अमरजीत की हाइवे किनारे अमर ज्वैलर्स के नाम से सोने चांदी के आभूषण की दुकान है। बीती देरशाम वह दुकान बंद कर घर लौट गए। देररात अज्ञात नकाबपोश चोर उनकी दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे उखाड़ने के बाद शटर तोड़ने लगे। इसकी आहट सुन कुछ लोगों की नींद खुल गई। उनके शोर मचाने पर चोर भाग निकले। लोगों की सूचना पर पहुंचे अमरजीत ने पीआरवी को इसकी जानकारी दी। बाद में उन्होंने पुलिस को अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर दी है। घटना को लेकर लोगों ने बताया कि थाने के पास होने के साथ कस्बे में मुख्य बाजार व कई बैंकें भी हैं। लेकिन पुलिस की गश्त सिर्फ कागज पर ही होती है। एसओ अरविंद पांडेय ने बताया कि अज्ञात चोरों ने शटर तोड़कर चोरी का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुए। सीसीटीवी फुटेज से पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

### कछौना में चोरों का कहर: चार दिन में तीन चोरियां

**संवाददाता, कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। चार दिनों में तीन बड़ी चोरियां हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस कार्रवाई में नाकाम नजर आ रही है। ग्राम सभा हथौड़ा के मजरा पुरबखेड़ा में अज्ञात चोरों ने हेमराज के घर पर धावा बोल दिया। हेमराज परिवार सहित बाहर मजदूरी करते हैं। दो दिन पहले उनका बेटा घर लौटा तो दरवाजा टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो जेवरात समेत 50 हजार नकदी उड़ चुकी थी। कुल चोरी का नुकसान करीब 5 लाख बताए जा रहे हैं, जिससे परिजनों में हाहाकार मच गया। पिछले दिनों कछौना कस्बे में ट्रक ड्राइवर को लूटा गया, वहीं मेढ़ोरा में भी चोरों ने घर खाली कर दिया। लगातार चोरियां होने से इलाके में दहशत फैल गई है। थाना प्रभारी अमित सिंह का कहना है कि ट्रक चालक वाली चोरी के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुरबखेड़ा का घर छह माह से बंद पड़ा था। पुलिस जांच कर रही है और जल्द खुलासे का भरोसा दिला रही है। लेकिन सवाल यह उठ रहा है कि चोर बेखौफ क्यों घूम रहे हैं, लगातार वारदातों पर पुलिस अंकुश क्यों नहीं लगा पा रही।

# धोखाधड़ी से कराया बैनामा जबरन काट ले गए फसल

**हरदोई, अमृत विचार।** पति की मौत के बाद उसकी पत्नी बीमार पड़ गई। पड़ोसी ने उसी का फायदा उठाते हुए धोखाधड़ी करते हुए उसका खेत अपनी पत्नी के नाम करा लिया, पता होने पर शिकायत की गई तो उसी धोखेबाज़ पड़ोसी ने जबरन उसके खेत का सारा गेहूं कटवा लिया और उल्टे धमका रहा है। कछौना कोतवाली के प्रताप पुर मजरा टिकारी निवासी रोहित पुत्र खिम्मा ने कहा है कि उसके पिता ने सुंदरी और रामश्री दोनों से शादी की थी, सुंदरी से उसका और रामश्री से शारदा देवी का जन्म हुआ। पिता की मौत के बाद विरासत में दोनों पत्नियों सुंदरी और रामश्री का नाम दर्ज था, उसी क पड़ोसी ने बीमार का फायदा उठाते हुए सुंदरी को बरगला कर ज़मीन अपनी पत्नी के नाम करा ली।

# आरोपियों के साथियों ने पीड़ित के बेटे व दामाद को दौड़ाकर पीटा

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गौरी गांव निवासी 75 वर्षीय राजकुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के बाहर खेत की मेड़ पर यूके लिप्ट्स के पेड़ लगाए गए थे। पिछली बार की तरह पेड़ों को बेच दिया गया। पेड़ बेचे जाने के बाद गांव निवासी संतोष त्रिवेदी ने उनकी भूमि पर जबरन कब्जा करने के प्रयास में बुधवार को उनके घर पर चढ़ाई कर गाली-गलौज व मारपीट की थी। इसकी शिकायत पर पुलिस ने उसे शांतिभंग में निरुद्ध किया था। गुरुवार को पुलिस आरोपी को एसडीएम कोर्ट में पेश करने ले गई। उधर पीड़ित के दामाद किसी काम से तहसील गए थे तभी वहां संतोष पक्ष के लोग दामाद आदित्य व बेटे कुलदीप पर टूट पड़े और उन्हें दौड़ाकर पीटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो और लोगों को हिरासत में लेकर जांच शुरू की है। उधर एसडीएम ने आरोपी नीरज व मनोज की जमानत निरस्त कर 14 दिन के लिए जेल भेज दिया। प्रशिक्षु आईपीएस संचित शर्मा ने बताया कि बुधवार को राजकुमार की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मनोज व नीरज को जेल भेजा गया है।

# गंगा की कटान रोकने का कार्य तेज

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** गंगा किनारे मिश्रा कॉलोनी बस्ती की ओर हो रही कटान रोकने को सिंचाई विभाग शारदा नहर द्वारा युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। कानपुर छोर पर नए पुल के पिलर निर्माण के चलते गंगा की धारा शुक्लागंज की ओर मुड़ गई है। जिससे यहां पानी का वेग बढ़ गया है और कार्य में लगे कर्मियों को परेशानी हो रही है। कटान रोकने के लिए जियो बैग लगाने से पहले बेस तैयार किया जा रहा है। कार्यदायी संस्था के अनुसार रोज करीब 70 से 80 हजार एसी

मिश्रा कॉलोनी के सामने कटान रोकने का होता कार्य। अमृत विचार

(जियो) बैग लगाए जा रहे हैं और अब तक डेढ़ लाख बैग लग चुके हैं। बढ़ते जल प्रवाह के बावजूद कार्य को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। कार्य में तेजी लाने के लिए गंगा नदी में 4 ड्रेजिंग मशीनें लगाई गई हैं, जो मिट्टी और रेत को समतल कर बेस को मजबूत बना रही हैं।

### आरओबी निर्माण में देरी से आक्रोशित ग्रामीणों ने रोका काम

**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार।** अजगैन-इटौंजा स्टेट हाईवे पर रेलवे क्रॉसिंग संख्या-23 पर बन रहा आरओबी स्थानीय लोगों व व्यापारियों के लिए परेशानी बन गया है। उप्र सेतु निगम की लापरवाही का आलम यह है कि निर्धारित समय सीमा बीते 6 माह से अधिक समय हो चुका, लेकिन पुल का निर्माण अभी भी अधर में है। परियोजना की शुरुआत 16 अगस्त 2023 को हुई थी। इसमें कहा गया था कि 30 जुलाई 2025 तक इसे जनता को सौंप दिया जाएगा। व्यवसायी विमल साहू ने कहा कि 2 साल से चल रहे इस काम ने कारोबार चौपट कर दिया है और अब दुकान बंद करने की नौबत आ गई है। निर्माण स्थल पहुंचे ग्रामीणों ने सेतु निगम की मनमानी का विरोध किया।

# टोल से गुजरने वाले हर संदिग्ध वाहन की हो जांच : एसएसपी

**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार।** गुरुवार को एसएसपी जय प्रकाश सिंह, एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह व एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम संजीव सिंह ने अजगैन कोतवाली अंतर्गत नवाबगंज टोल प्लाजा का संयुक्त निरीक्षण किया। इसमें अधिकारियों ने टोल प्लाजा पर सुरक्षा इंतजामों व यातायात के संचालन का जायजा लिया और टोल कर्मियों को निर्देश दिए कि टोल से गुजरने वाले हर संदिग्ध वाहन की गहन जांच करें। किसी भी असामान्य गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। सीसीटीवी कैमरों व अन्य सुरक्षा उपकरणों की कार्यक्षमता को अपडेट रखें। यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अधिकारियों ने प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा की। स्पष्ट किया कि सड़क पर दौड़ रहे डग्गामार व नियम तोड़ने वाले वाहनों पर लगाम लगाई जाए। मुख्य रूप से क्षमता से अधिक माल ढोने वाले वाहनों पर जीरो टॉलरेंस, बिना वैध परमिट, इंश्योरेंस या फिटनेस के चल रहे वाहनों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें। जिससे टोल पर जाम न लगे और आमजन को असुविधा न हो।

# संतोषी माता मंदिर के वार्षिकोत्सव पर हुआ हवन-पूजन व कन्याभोज

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला खत्रियाना स्थित प्रसिद्ध संतोषी माता मंदिर में वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंदिर परिसर की सजावट व माता के भव्य दरबार ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। सुबह से मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की भीड़ रही। इसका शुभारंभ प्रातःकाल वैदिक मंत्रोच्चार व विधि-विधान से हवन-पूजन के साथ हुआ। यजमानों व क्षेत्रीय नागरिकों ने आहुतियां देकर परिवार व क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। दोपहर में महाआरती में भक्तों के जयकारों से मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। भक्तों ने माता रानी को चुनरी, नारियल व पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया। इसमें कन्या भोज का भी आयोजन किया गया। श्रद्धा भाव से कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया और उपहार दिये गए। मंदिर के सेवादार सक्षम शुक्ला ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। गायक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत मधुर भक्ति गीतों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे।

वार्षिकोत्सव पर हुआ संतोषी माता का श्रृंगार।

### नशा छोड़ें, मोबाइल से नाता तोड़ें' का दिया संदेश

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** क्षेत्र के बरुआघाट मार्ग स्थित रामवती श्रीराम इंटर कालेज में बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो व सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के 'नशामुक्त भारत अभियान' के तहत ब्रह्माकुमारीज़ माउंट आबू से आई एचडी एलसीडी टीवी वैन से ग्रामीणों, शिक्षकों व छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया गया। इसमें पहुंचे ब्रह्माकुमार पंकज ने एलसीडी वैन से संदेश देते हुए कहा कि जब अभिभावक शराब, बीड़ी या सिगरेट का सेवन करते हैं तो इसका सीधा और नकारात्मक प्रभाव बच्चों पर पड़ता है। कहा कि बच्चे अक्सर बड़ों के दुर्गुणों को अपनाते हैं इसलिए एक स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए अभिभावकों को स्वयं इन बुराइयों से दूर रहना होगा। इसमें बीके सरला, यशवंत सिंह यादव, बीके आरुषि, मनीराम प्रधान, रामसागर, रहीस सिंह यादव, विकास, गोपी रस्तोगी, राम औतार आदि रहे।

# ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार।** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के महपरापुर निवासी रामलखन पुत्र बृज किशोर दिल्ली में मजदूरी करता था। कुछ दिन पहले वह घर आया था। गुरुवार को उसे लौटना था। इससे छोटा भाई

जयलखन का फाइल फोटो।

उसे बस में बैठाने काली मिट्टी चौराहा जा रहा था। तभी फतेहपुर चौरासी कस्बा स्थित निरीक्षण भवन के सामने से तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें जय लखन उछलकर ट्रक के पहिए के नीचे चला गया। इसमें उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं दूसरी और गिरने से राम लखन को मामूली चोटें आ गईं। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला। जिसे पुलिस ने सीज किया है। युवक की मौत से परिजन रो-रोकर बेहाल हैं। एसओ ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ट्रक पकड़ा गया है।

### सड़क पार कर रहे अधेड़ को बाइक ने मारी टक्कर, मौत

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** कोतवाली अंतर्गत गांव मदार नगर निवासी सुखलाल कुशवाहा (55) खेती करता था। बुधवार रात वह घर से चौराहा स्थित दुकान से सामान लेने गया था। तभी कोतवाली क्षेत्र के कटरा-बिल्हौर मार्ग पार पर सड़क पार करते समय तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वह उछलकर सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गया। परिजन उसे सीएचसी लेकर गए जहां जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी पर पत्नी शिवरानी, बेटियां रानी, सुदामा बेटे सुरेंद्र व वीरेंद्र बेहाल रहे। अस्पताल के मेमो पर पुलिस ने शव मोर्चरी भेजा। गुरुवार को पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। कोतवाल अखिलेश पांडेय ने बताया कि पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

# अफवाह से नवीन पुल पर लगा रहा जाम

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** गुरुवार सुबह नवीन पुल पर एक अफवाह से भीषण जाम लग गया। जिससे राहगीरों व वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ी। करीब डेढ़ घंटे तक पुल पर यातायात प्रभावित रहा। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब साढ़े 9 बजे कुछ लोग पुल के पास खड़े थे। गंगा नदी में 3 गोताखोर पैसे तलाश रहे थे। तभी किसी ने अफवाह फैला दी कि कोई व्यक्ति पुल से गंगा में कूद गया है और गोताखोर उसे तलाश रहे हैं। यह सुन वहां से गुजर रहे लोग रुक गए और अपने वाहन बीच पुल पर खड़े कर नीचे झांकने लगे। देखते ही देखते पुल पर वाहनों की कतार लग गई और जाम लग गया। सूचना पर गंगाघाट पुलिस के साथ कानपुर छावनी पुलिस पहुंची और स्थिति की जांच की।

# ससुराल वालों की पिटाई से आहत होकर युवक ने कर ली आत्महत्या

## गर्भवती पत्नी के बीमार होने की सूचना मिलने पर पहुंचा था ससुराल

संवाददाता, हरदोई, भरखनी

**अमृत विचार।** फ्लोर मिल में हेल्पर की नौकरी करने वाले युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव बाहर निकाला। आरोप है कि युवक को उसके ससुराल वालों ने गर्भवती पत्नी के बीमार होने की बात बताकर ससुराल बुलाया और पिटाई कर भगा दिया। उसी से शर्मसार होकर युवक ने आत्महत्या कर ली। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

पचदेवरा थाने के रामपुर घासा निवासी 25 वर्षीय अनुपम सिंह पुत्र मलिखान सिंह सण्डीला इंडस्ट्रियल स्टेट में फ्लोर मिल में नौकरी करता था। बड़े भाई देवेंद्र सिंह ने बताया कि अनुपम की शादी करीब तीन साल पहले शाहजहांपुर ज़िले के भाहपुर थाना अल्हागंज के विजय की पुत्री शीला के साथ हुई थी। शीला के बच्चे नहीं थे। काफी इलाज के बाद शीला गर्भवती हो गई। इन दिनों शीला अपने मायके में थी। मंगलवार को अनुपम के ससुर विजय ने उसे शीला के बीमार होने की खबर दी। जिस पर अनुपम सीधे ससुराल पहुंचा। अनुपम के पिता मलिखान सिंह ने बताया कि शीला को जलालाबाद से फर्रुखाबाद के लिए रेफर कर दिया गया। अनुपम शीला को वहां को ले जा रहा था, साथ में उसके सास-ससुर, साले और चचेरे ससुर भी फर्रुखाबाद जा रहे थे। आरोप है कि ससुरालियों ने रास्ते में अनुपम को बुरी तरह पीटा और चौरसिया गांव के पास गाड़ी से उतारकर भगा दिया। उसी से शर्मसार अनुपम बुधवार की शाम घर पहुंचा और कमरा बंद कर फांसी लगा ली। भाभी रीता ने उसे खाना खाने के लिए जब आवाज़ दी तो कोई उत्तर नहीं आया। काफी देर तक जब अनुपम कमरे से बाहर नहीं आया तो रीता ने कमरे में झांका। वहां अनुपम का शव लटक रहा था। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अनुपम की फाइल फोटो।

### पत्नी व बेटियों से पिटे युवक ने की खुदकुशी

**हरदोई, अमृत विचार।** पत्नी और बेटियों ने मिलकर युवक की पिटाई कर दी। इसके बाद बेटियों को साथ लेकर पत्नी मायके चली गई। इधर पत्नी के हाथों हुई पिटाई से पति इतना शर्मिंदा हो गया कि उसने पत्नी की साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गुरुवार की सुबह पाली थाने के घुरहई गांव निवासी रामप्रताप (33) पुत्र मुंशीलाल का शव घर की गैलरी में बल्ली के सहारे पत्नी की साड़ी से लटका देखा गया। पिता मुंशीलाल ने बताया कि रामप्रताप बुधवार की देर रात टहलता रहा। सुबह आंख खुली तो उसका शव लटकते हुए देखा। छोटे भाई संदीप कुमार ने बताया कि रामप्रताप पत्नी संगीता और तीन बेटियों के साथ अलग मकान में रहता था। मंगलवार को रामप्रताप घर पहुंचा तो किसी बात पर पत्नी संगीता से नोंकझोंक होने लगी। भाभी ने तीनों बेटियों की मदद से रामप्रताप को बुरी तरह पीटा। शोर सुनकर वह पहुंचा और रामप्रताप को अपने साथ घर ले गया। उधर संगीता तीनों बेटियों को लेकर मायके हुंसियापुर कोतवाली शहर चली गई। बुधवार सारे दिन रामप्रताप में बेचैनी देखी गई। देर रात तक जागता रहा, उसके बाद फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### संदिग्ध हालात में जहर खाने से अधेड़ की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** घरेलू बात से नाराज़ होकर अधेड़ ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर वह परिजनों से उसे बचाने की गुहार लगाने लगा। परिजन उसे लेकर सीएचसी कछौना पहुंचे, जहां से मेडिकल कालेज भेज दिया गया, वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। बघौली थाने के बरवा पुरवा निवासी सत्यपाल (50) खेती-बाड़ी करता था। बुधवार की दोपहर वह घर पहुंचा और लड़खड़ा कर गिर गया, उसे उल्टियां होने लगी। सत्यपाल ने घर वालों से उसे बचाने की गुहार लगाई। सत्यपाल का पुत्र रवि उसे एम्बुलेंस-108 से सीएचसी कछौना फिर वहां से मेडिकल कालेज लेकर गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। उसका कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में आगे कुछ कहा जा सकता है।

### ट्यूबवेल ऑपरेटर ने ग्रामीण को पुत्रों के साथ मिलकर पीटा

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के ग्राम सुहागपुर में दबंग ऑपरेटर ने अपने पुत्रों और साथियों के साथ एक ग्रामीण को चारा बोने को लेकर हुए विवाद के कारण पीटा और जान माल की धमकी दी। घटना की लिखित शिकायत पुलिस से की गई। घर पर जाकर गाली गलौज करने का ऑपरेटर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुहागपुर निवासी रामपाल पुत्र हिमाचल के अनुसार गुरुवार को सुबह 10:00 बजे चारा बोने को लेकर हुए विवाद के बाद ट्यूबेल ऑपरेटर हरपाल निवासी बासित नगर ने अपने दो पुत्रों और दो अज्ञात व्यक्तियों सहित उसके घर सुहागपुर कार से पहुंचकर गाली गलौज किया और थप्पड़ मार कर मारपीट की। दबंगों द्वारा गाली गलौज करने का किसी ने वीडियो बनाया और गुरुवार को दोपहर 3:00 बजे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। गाली गलौज का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

समारोह में बच्चे को सम्मानित करतीं मुख्य अतिथि बीईओ प्रियंका सिंह। अमृत विचार

### वार्षिकोत्सव में मेधावी बच्चे व उनके अभिभावक हुए सम्मानित

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** पिहानी ब्लाक के संविलियन विद्यालय पंडरवा किला में बुधवार को भव्य तरीके से वार्षिकोत्सव/अभिभावक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बीईओ पिहानी प्रियंका सिंह ने बच्चों की शिक्षा पर ज़ोर देते हुए उनकी बेहतरी के लिए अभिभावकों से अपनी बात साझा की। इस बीच प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले बच्चों को मेडल पहना कर पुरस्कृत किया गया, साथ ही उनके अभिभावकों को प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें भी सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रधानाध्यापक मुजीबुल महज़र खां की निगरानी में शिक्षक मुशीरुद्दीन अंसारी, अभिषेक शुक्ला, अजय केशरवानी, अतुल कश्यप मौजूद रहे।

### सर्वोदय आश्रम के बच्चों ने रैली निकाल कर दिया संदेश

**हरदोई, अमृत विचार।** अच्छा स्वास्थ्य और अच्छी स्वच्छता के सकंल्प के साथ सर्वोदय आश्रम आवासीय विद्यालय सिकंदरपुर के बच्चों ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर रैली निकाली। बच्चे हाथों में स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की तख्तियां ले कर कदम से कदम मिलाते हुए चल रहे थे। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर बुधवार को सर्वोदय आश्रम के आवासीय विद्यालय सिकन्दरपुर और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र टडियावां संयुक्त तत्वावधान में निकाली गई रैली शिक्षा सद्भावना समिति की अध्यक्ष उर्मिला श्रीवास्तव, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अधीक्षक डा.सुशील कुमार कन्नौजिया व डा. राम लखन गुप्ता 'अनुज' ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। बच्चों ने बेहतर कल के लिए अच्छा स्वास्थ्य और अच्छी स्वच्छता पर ज़ोर देते हुए लोगों को जागरूक किया।

मांगों को लेकर बीडीओ को ज्ञापन देने पहुंचे किसानों ने की नारेबाजी। अमृत विचार

### मांगों को लेकर किसानों ने बीडीओ सौंपा ज्ञापन

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के तहसील अध्यक्ष शिवकुमार वाजपेई के नेतृत्व में किसानों ने खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे और अपनी मांगों को लेकर जोरदार नारेबाजी की। किसानों ने आरोप लगाया कि लंबे समय से क्षेत्र की मूलभूत समस्याएं अनदेखी का शिकार हैं। कई बार शिकायत और ज्ञापन देने के बावजूद भी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन में ग्राम सभा नूपुर हथौड़ा में जलभराव की समस्या, नाली निर्माण तथा क्षतिग्रस्त इंटरलॉकिंग सड़क के पुनर्निर्माण की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। किसानों का कहना है कि जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। तहसील अध्यक्ष शिवकुमार वाजपेई ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो किसान यूनियन आंदोलन करने को बाध्य होगी।

# निजी हॉस्पिटल में प्रसव के अगले दिन प्रसूता की मौत, लापरवाही का आरोप

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** निजी हास्पिटल में प्रसव के बाद प्रसूता की वहां से छुट्टी हो गई, ससुराल वाले उसे घर ले गए, लेकिन वहां उसकी तबियत बिगड़ने पर दोबारा दूसरे निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां बुधवार को उसकी मौत हो गई। पिता ने डाक्टर पर आरोप लगाया है कि उसने ससुरालियों के इशारे पर इलाज में लापरवाही बरती, जिससे मौत हुई। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कोतवाली देहात के बडौरी मजरा नीर निवासी आशीष गाज़ियाबाद में नौकरी करता है। उसकी शादी पिछले साल 7 मई को जौनपुर जिले के महोली थाना चंदौर निवासी विजय की 21 वर्षीय बेटी नीतू के साथ हुई थी। नीतू गर्भवती थी, उसे 6 मार्च को शहर के एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उसी दिन सामान्य प्रसव से उसे बेटी हुई। अगली सुबह डाक्टरों ने नीतू की छुट्टी कर दी। ससुराल वाले उसे घर लिए गए। वहां बुधवार को उसकी तबियत बिगड़ने पर शहर के दूसरे निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। पिता विजय का आरोप है कि निजी हास्पिटल के डाक्टर ने ससुरालियों के इशारे पर नीतू के इलाज में लापरवाही बरती। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर पर शव को कब्ज़े में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया है। कहा कि रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

नीतू की फाइल फोटो।

- मृतका के परिजन ने ससुराल वालों और अस्पताल के डॉक्टरों पर लगाया आरोप

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के सेदूपुर गांव में एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगा ली। सोनू पुत्र पुत्तूलाल (26) की शादी 25 मई 2025 को बघौली थाना क्षेत्र के मेरउरा निवासी प्रांशी से हुई थी। दो भाइयों में छोटा सोनू बड़ा भाई बिनोद के साथ रहता था। सुबह कमरे में सोनू का शव फंदे से लटका मिला शव। थाना अध्यक्ष अमित सिंह ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की पुष्टि हुई है। इस घटना से सोनू की पत्नी प्रांशी सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# गैस एजेंसी के खिलाफ भाजपाइयों ने मोर्चा खोला

संवाददाता, संडीला, हरदोई

**अमृत विचार।** नगर क्षेत्र में रसोई गैस उपभोक्ताओं को हो रही परेशानी को लेकर भाजपा सण्डीला नगर इकाई ने उप जिलाधिकारी नारायणी भाटिया को शिकायत पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। आरोप लगाया कि राम रानी गैस एजेंसी में उपभोक्ताओं को लंबे समय से गैस सिलेंडर की आपूर्ति नहीं मिल पा रही है, जिससे आम जनता को परेशानी हो रही है।

भाजपा नगर अध्यक्ष नितीश जायसवाल के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि 19 मार्च से बुक किए गए गैस सिलेंडरों की डिलीवरी अब तक नहीं हो सकी है। उपभोक्ता लगातार एजेंसी के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा। आरोप है कि जब भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस संबंध में गैस एजेंसी के मैनेजर से बात करनी चाही तो उन्होंने संतोषजनक जवाब देने के बजाय अभद्र व्यवहार किया। साथ ही, मैनेजर द्वारा उपभोक्ताओं और जनप्रतिनिधियों के फोन कॉल का भी जवाब नहीं दिया जाता। भाजपा नेताओं ने एसडीएम से मामले की जांच कराकर शीघ्र समाधान कराने तथा उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने की मांग की। उप जिलाधिकारी ने आवश्यक जांच एवं कार्रवाई का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर अमित कुमार शर्मा (महामंत्री), नरेश अर्कवंशी (उपाध्यक्ष), मनीष गुप्ता, सौरभ गुप्ता, अनुज सिंह, शरद चौरसिया (नामित सभासद), अमन बाबू (नामित सभासद), गोपाल अर्कवंशी, रितेश गुप्ता, रानू अंसारी, मो. रईस, सुमित चौधरी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

- उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की आपूर्ति न करने का आरोप लगाते हुए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

### न्यू हाइट्स-11 ने 16 रनों से दर्ज की जीत

**हरदोई, अमृत विचार।** सीतापुर रोड स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में गुरुवार को अखिलेश अग्रवाल मेमोरियल अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट मे पूल-ए का दूसरा मैच मैच परफेक्ट मोबाइल्स-11 और न्यू हाइट्स-11 के बीच खेला गया। न्यू हाइट्स-11 ने रोमांचक मुकाबले में 16 रनों से शानदार जीत दर्ज की। अक्षत ने बल्लेबाज़ी करते हुए 24 रन व गेंदबाज़ी करते हुए 5.2 ओवर में 13 रन देकर 5 विकेट लिए। उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। अक्षत ने बल्लेबाज़ी करते हुए 24 रन व गेंदबाज़ी करते हुए 5.2 ओवर में 13 रन देकर 5 विकेट लिए। उन्हें उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। विकेट लिए। मैच के दौरान अर्जित मित्तल, राधा कृष्ण गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# भूतपूर्व सैनिकों की सभी समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता से होगा : डीएम

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिला सैनिक कल्याण की बैठक जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार में आयोजित की गई। बैठक में शहीद सैनिकों के नाम पर उनके ही गांव/ नगर में पार्क निर्माण तथा सोलजर बोर्ड चौराहे का सौंदर्यीकरण के संबंध में जिलाधिकारी ने पीडब्लूडी अधिकारी को निर्देश दिये कि शहीद सैनिकों के नाम बनने वाले पार्क के लिए स्टीमेट बनाकर शासन को प्रस्ताव प्रेषित करें और धनराशि प्राप्त होने पर शीघ्र पार्को का निर्माण करायें। उन्होने कहा कि सोल्जर बोर्ड चौराहे का सौंदर्यीकरण नगर पालिका द्वारा कराया जायेगा। नगर क्षेत्रों में बनने वाली सरकारी दुकानों को भूतपूर्व सैनिकों के नाम आवंटन के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि दुकानों का निर्माण होने पर नियमानुसार पूर्व सैनिकों को दुकानों का आवंटन कराया जायेगा तथा वरासत वाले शस्त्रों का पंजीकरण किया जायेगा। बैठक में सैनिकों की भूमि पर कब्जे आदि शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया भूतपूर्व सैनिकों की सभी समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर कराया जायेगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, जिला विकास अधिकारी, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी मिश्रा, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम तथा भूतपूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

- शहीदों के नाम बनने वाले पार्क के लिए स्टीमेट बनाकर शासन को प्रस्ताव भेजने का दिया निर्देश

# पिहानी के अंशुमन गुप्ता बने ऑडिटर

**पिहानी, हरदोई, अमृत विचार।** नगर के भाटन टोला निवासी अंशुमन गुप्ता ने कर्मचारी चयन आयोग की संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा उत्तीर्ण कर ऑडिटर पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार व क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

अंशुमन गुप्ता ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर, पिहानी से प्राप्त की। इसके पश्चात उन्होंने गुरु राम राय पब्लिक स्कूल से इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की। उच्च शिक्षा के लिए प्रयागराज में रहकर उन्होंने एसएससी परीक्षा की तैयारी की और इसी दौरान बीएससी की पढ़ाई भी सफलतापूर्वक पूरी की। परिवार में शिक्षा का माहौल होने के चलते अंशुमन को प्रारंभ से ही प्रोत्साहन मिलता रहा। उनके छोटे भाई अस्मित गुप्ता ने वर्ष 2024 में नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर सोनभद्र मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस में प्रवेश लिया है। उनकी माता मनोरमा गुप्ता गृहणी हैं तथा धार्मिक प्रवृत्ति की हैं, जबकि पिता अशोक गुप्ता भारतीय डाक विभाग, हरदोई में कार्यरत हैं।

# एसडीएम ने नामित सभासदों को दिलाई पद व गोपनीयता की शपथ

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** नगर पंचायत के प्रांगण में गुरुवार को भाजपा सरकार द्वारा नामित सभासद फूल सिंह, निर्मला और विमलेश को औपचारिक रूप से शपथ दिलाई गई। उपजिलाधिकारी नारायणी भाटिया ने फूल सिंह और निर्मला को शपथ ग्रहण कराई, जबकि स्वास्थ्य खराब होने के कारण विमलेश शपथ लेने में असमर्थ रहीं। उपजिलाधिकारी ने नामित सभासदों को अपने कर्तव्यों के प्रति पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। नगर अध्यक्ष राधा रमण शुक्ला पंकज ने सभी को बधाई देते हुए माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष ब्रह्माकुमार सिंह ने नामित सभासदों के कार्यकाल के दौरान अपेक्षित योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अजय शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मयंक सिंह, आचार्य राम शंकर शुक्ला, सुशील गुप्ता, शिवम मिश्रा, पूर्व प्रधान अवधेश, योगेश शुक्ला सहित कस्बे के नागरिक और सभासद उपस्थित रहे।

नामित सभासद उप जिलाधिकारी नारायणी भाटिया व नगर अध्यक्ष राधा रमण शुक्ला के साथ।

मिशन शक्ति | पुलिस की मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और छात्राओं को किया जागरूक

# साइबर अपराध से बचने व गुड टच-बैड टच में बताया अंतर

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति के फेज 5.0 के द्वतीय चरण की सफलता के लिए गुरुवार को पुलिस की मिशन शक्ति टीम के सदस्यों ने महिलाओं और छात्राओं को जागरूक किया। मिशन शक्ति में लगीं महिला पुलिस कर्मियों ने कस्बे के मौलागंज में जाकर महिलाओं को एकत्रित कर चौपाल का आयोजन किया। महिलाओं को पंफलेट वितरित कर महिला हेल्पलाइन नंबरों 112, 1090, 1930, 181, 108, 102, आदि की जानकारी दी। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया गया। बालिकाओं को गुड टच, बैड टच के बारे में बताया गया। महिलाओं और बालिकाओं को साइबर आपराध के बारे में जानकारी देकर बचाव के उपाय भी बताये गये। साइबर ठगी के शिकार होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर जानकारी देने को कहा गया।

बिलग्राम संवाददाता के अनुसार थाना की मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्बा स्थित बीजीआर इंटर कॉलेज में जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। बालिकाओं को एकत्रित कर उन्हें विभिन्न सुरक्षा उपायों व सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान टीम ने बालिकाओं को पंफलेट वितरित करते हुए हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।

पिहानी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विशेष स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में किया गया, जिसमें बालिकाओं के टीकाकरण और गर्भवती महिलाओं की जांच पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान 12 बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। कार्यक्रम में डॉ. मौसमी जायसवाल, डॉ. बिंदु आर्या, डॉ. जुबैर, शिल्पी वर्मा, इरम जमाल, रश्मि मिश्रा एवं काउंसलर पूजा सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

महिलाओं व बालिकाओं को जागरूकता संबंधी पंफलेट वितरित करती पुलिसकर्मी। अमृत विचार

# आपस के झगड़े में बीच-बचाव करना पड़ा भारी, डंपर चढ़ने से युवक की मौत

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** गिट्टी लदे डंपर और डबल डेकर बस के आपस में टकराने से उनके ड्राइवरों के बीच झगड़ा होने लगा, उसी बीच उधर से निकल रहा युवक बीच-बचाव करने लगा, उसने डंपर ड्राइवर का बचाव कर उसे अलग कर सड़क किनारे खड़ा हो गया, उसी ड्राइवर ने अपने मददगार युवक के ऊपर डंपर चढ़ा दिया, जिससे वह बुरी तरह ज़ख्मी हो गया, उसे सीएचसी से हायर सेंटर लखनऊ रिफर कर दिया गया, जहां उसकी मौत हो गई। उधर ड्राइवर डंपर और डबल डेकर बस छोड़ कर भाग निकले, पुलिस जांच कर रही है।

गुरुवार की सुबह गिट्टी से लदा डंपर बघौली की तरफ से गिट्टी भर कर आ रहे डम्फर प्रताप नगर चौराहे की तरफ पहुंचा, वहीं से डबल डेकर बस निकल रही थी, दोनों आपस में टकरा गई, उसी बात पर दोनों के ड्राइवर और हेल्पर के अलावा बस के सारे पैसेंजर नीचे उतर आए। दोनों ड्राइवरों के बीच झगड़ा होने लगा। उसी बीच बेनीगंज कोतवाली के झरोइया निवासी 22 वर्षीय कौशिक शुक्ला उर्फ सन्नू पुत्र देश दीपक शुक्ला उधर से निकला, उसने बीच-बचाव कर डंपर ड्राइवर को वहां अलग कर दिया। जैसा कि बताते है कि कौशिक शुक्ला वहीं सड़क के किनारे खड़ा हुआ था, उसी बीच ड्राइवर ने डंपर स्टार्ट किया और कौशिक के ऊपर चढ़ा दिया, हादसे में वह बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया, इसकापता हैते ही पहुंची पुलिस उसे वहां से उठा कर सीएचसी कोथावां से हायर सेंटर लखनऊ ले गई, जहां उसकी मौत हो गई। उधर ड्राइवर डंपर और डबल डेकर बस छोड़ कर भाग निकले, पुलिस जांच कर रही है।

कौशिक की फाइल फोटो।

- गिट्टी लदे डंपर और डबल डेकर बस में टक्कर के बाद दोनों वाहनों के चालकों में हो रहा था विवाद

## न्यूज ब्रीफ

### अर्चित का चयन, पीएम से करेंगे संवाद

**सीतापुर / मिश्रिख।** माय भारत बजट क्वेस्ट प्रतियोगिता में मिश्रिख ब्लॉक के युवक मंगल दल कुतुबनगर के सदस्य अर्चित कुमार गुप्त ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। देश भर के लगभग 12 लाख प्रतिभागियों के बीच अपनी जगह बनाते हुए अर्चित का चयन अगले चरण के लिए हुआ है। प्रतियोगिता में दो कठिन चरण थे, जिसमें पहले क्विज और फिर निबंध लेखन के माध्यम से प्रतिभागियों की योग्यता परखी गई। अब अर्चित 12 और 13 अप्रैल को आयोजित होने वाली नेशनल लेवल वर्चुअल मीटिंग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संवाद करेंगे।

### ट्रैक्टर की टक्कर से तीन युवक घायल, गंभीर

**सीतापुर।** रामकोट के नेशनल हाईवे-30 पर काशीराम कॉलोनी के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रैक्टर की रफ्तार काफी अधिक थी, जिसने सामने से बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। घायलों की बिगड़ती हालत देख लोगों ने उन्हें ऑटो व निजी वाहनों के जरिए अस्पताल भिजवाया।

### खेतों में लगी आग, 16 बीघा गेहूं जलकर राख

**बिसवां।** तहसील क्षेत्र के ग्राम जलालपुर में शारदा नहर के किनारे स्थित गेहूं के खेतों में अचानक आग लग गई। पछुआ हवाओं के चलते आग ने विकराल रूप ले लिया, जिससे खड़ी फसल जलकर राख हो गई। घटना में नरेश पुत्र मिश्रीलाल, विमला, प्रेमा देवी, जयदेवी, बबलू, कमलेश, अमीर अली, अशरफ अली और सरफुद्दीन की कुल 16 बीघा गेहूं की फसल बर्बाद हो गई। तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी ने बताया कि नुकसान का आकलन कराने के लिए जांच टीम भेजी जा रही है।

### बाल संरक्षण के लिए इच्छुक व्यक्ति व संस्थाएं करें आवेदन

**सीतापुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम-2015 के तहत बच्चों को सुरक्षित पारिवारिक वातावरण और पुनर्वास उपलब्ध कराने के लिए इच्छुक व्यक्तियों व संस्थाओं से आवेदन मांगे गए हैं। इसके तहत उपयुक्त व्यक्ति, उपयुक्त सुविधा, फॉस्टर केयर एवं ग्रुप फॉस्टर केयर के रूप में सेवाएं प्रदान करने के लिए लोकहितैषी भावना रखने वाले लोग आगे आ सकते हैं।

### शीतगृह शुल्क और समस्याओं पर हुई चर्चा

**सीतापुर।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में निजी शीतगृह स्वामियों और आलू उत्पादक किसानों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में वर्ष 2026 के लिए आलू भंडारण शुल्क और अन्य स्थानीय समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक खालिद अंजुम, जिला उद्यान अधिकारी राज श्री मौजूद रहे।

### 20 हजार का इनामी बदमाश हलीम गिरफ्तार

**सीतापुर।** सकरन थाना पुलिस ने अंतर्जनपदीय शातिर अपराधी और 20 हजार रुपये के इनामी वांछित को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से चोरी का जेवर बरामद हुआ है। क्षेत्राधिकारी बिसवां अमन सिंह के मुताबिक, सिरकिड़ा तिराहा के पास से हलीम निवासी नई बस्ती समौदीडीह थाना तंबौर को दबोच लिया। आरोपी के पास से पुलिस ने एक जोड़ी पायल और एक जोड़ी बिछुआ बरामद किया है। पकड़ा गया आरोपी शातिर अपराधी है, जिसके विरुद्ध सीतापुर और लखीमपुर खीरी के विभिन्न थानों में चोरी, नकबजनी, मारपीट और गैंगस्टर एक्ट जैसे करीब डेढ़ दर्जन 16 गंभीर मामले दर्ज हैं।

### शिक्षक हाजी मो. असलम को दी गई भावभीनी विदाई

**बिसवां।** श्री कृपा दयाल म्युनिसिपल इंटर कॉलेज के सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षक हाजी मो. असलम के सम्मान में विद्यालय परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय परिवार ने नम आंखों से शिक्षक को विदा किया। प्रधानाचार्य अनूप कुमार मिश्र ने हाजी मो. असलम को माला पहनाकर, पुष्प गुच्छ भेंट कर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विजय कुमार चौधरी, रमेश कुमार सरोज, दुर्गा शक्ति यादव, हरी लाल, राजेश अवस्थी, अर्चना वर्मा, मृत्युंजय मौर्य, फूल जहां, दिलीप मिश्र, गौरव, शिव सागर सहित समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# लुटेरा गैंग के निशाने पर लखनऊ-बरेली हाईवे

जीशान कदीर, सीतापुर।

**अमृत विचार:** हाईवे से गुजरने वाले यात्री वाहनों से परहेज करें, वरना पैसा बचाने का लालच आपकी जान पर बन जाएगा, जी हां ये सौ फीसद सच है। सीतापुर में एसओजी ने जिन अपहर्ताओं को पकड़ा उन्होंने पूछताछ में ये बताया कि लखनऊ और बरेली स्थित हाईवे के प्रमुख स्थानों पर उनका टारगेट धनाढ्य राहगीर ही रहे है। पकड़े गए लुटेरा गैंग के पांच सदस्यों ने इस बात को स्वीकार किया है कि वे लखनऊ और आसपास के शहरों में जाकर प्राइवेट वाहनों का सहारा लेने वालों को अपहृत करने का कार्य करते हैं।

**अमृत विचार खास**

- **पांच अपहर्ताओं का रहा है अपराधिक इतिहास**
- **हाईवे किनारे धनाढ्य सवारियों को करते थे टारगेट, सीतापुर में है गठजोड़**

दरअसल, बहराइच जनपद के मटेरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात इमरान पुत्र मुश्ताक अहमद निवासी मोहल्ला काजीपुरा दक्षिण थाना कोतवाली नगर का बीते दिन लखनऊ के कमता चौराहे से अपहरण किया गया, जिसकी बरामदगी सीतापुर की एसओजी टीम ने शहर सीमा क्षेत्र से की। अपर पुलिस अधीक्षक विनायक गोपाल भोसले के मुताबिक, पकड़े गए आरोपियों की पहचान लखनऊ जनपद के थाना ठाकुरगंज क्षेत्र स्थित राधाग्राम कॉलोनी वासी मोहित मिश्रा, सीतापुर के महोली कोतवाली क्षेत्र स्थित बड़ा गांव निवासी नागेन्द्र मिश्रा, अखिलेश कश्यप, रिक्की मिश्रा, गोण्डा जनपद के थाना कोतवाली देहात स्थित ठाकुरपुरवा डिहवा निवासी मनीष गोस्वामी के रूप में हुई। पुलिस पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि वे लखनऊ-बरेली और मुख्य मार्ग पर उन यात्रियों को टारगेट करते थे, जो दिखने में धनाढ्य लगते थे।

### डीएम का संदेश और अलर्ट मोड में आई पुलिस

सौहार्द की कड़ियां फलदाई होती हैं, अपहृत मामले में भी कुछ ऐसा ही हुआ। इमरान के परिजनों ने सिद्धार्थनगर जनपद की डुमरियागंज विधायक व पारिवारिक सदस्य सैय्यदा खातून से संपर्क साधा, बताते हैं कि उन्हीं जनप्रतिनिधि के माध्यम से सांसद जगदंबिका पाल ने डीएम राजा गणपति आर. से बातचीत की, हालात की गंभीरता भांप डीएम ने तत्काल एसपी अंकुर अग्रवाल को संदेश दिया, जिसके बाद सीतापुर पुलिस अलर्ट मोड में आ गई, एसपी की मॉनीटरिंग में एसओजी ने अपहृत फार्मासिस्ट को सकुशल बरामद किया।

### परिवार की सूझ-बूझ ने शातिरों के हथकंडों को किया नाकाम

हवाई यात्रा का सफर तय करके इमरान मुंबई से सीधे लखनऊ पहुंचे। खुर्रमनगर स्थित साले के घर परिवार के साथ समय बिताया। बहराइच जाने के लिए कार में अधिक लोग हो गए, तो परिवार को वाहन से भेजकर खुद सवारी वाहन का इंतजार करने लगे, अपहृत होने के बाद शातिरों के दबाव में इमरान ने वीडियो कॉल करके डेढ़ लाख रुपये अपनी पत्नी से फौरन पेटीएम करने की बात कहीं तो परिजनों को शंका हो गई। पीड़ित पक्ष की मानें तो उन लोगों ने पैसा भेजकर अकाउंट ब्लॉक करवा दिया। जिससे शातिरों के पैसे लेने के मंसूबे नाकाम हो गए।

### एसटीएफ के रडार पर सीतापुर और लखनऊ के ट्रैवेल एजेंट

मोहित मिश्रा ने जिस कार से फार्मासिस्ट का अपहरण किया था, वो उसके पिता राज बहादुर मिश्रा के नाम है। बताते हैं कि ये कार उसके पिता द्वारा ट्रैवेल एजेंसी में चलाई जाती थी, अक्सर युवकों का गैंग कुछ इसी तरह से वाहनों के सहारे वारदात को अंजाम देता था। इनपुट मिलने के बाद एसटीएफ के रडार पर सीतापुर और लखनऊ के ट्रैवेल एजेंट व चालक हैं।

### कुछ कर रहे पढ़ाई, कई ने छोड़ी शिक्षा, हैं अपराधिक इतिहास

गैंग लीडर गोण्डा निवासी मनीष गोस्वामी गंभीर धाराओं में गोण्डा में तीन केस दर्ज हैं। नागेंद्र मिश्रा पर कोतवाली देहात और लखनऊ के गोमतीनगर लखनऊ पूर्वी कमिश्नरेट लखनऊ में केस दर्ज हैं। अखिलेश मिश्रा के विरुद्ध महोली कोतवाली में अभियोग पंजीकृत है। मोहित मिश्रा स्नातक का छात्र है, अन्य पढ़ाई छोड़ चुके हैं।

### ये रही पुलिस टीम

एसओजी प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र विक्रम सिंह, उप निरीक्षक अरविंद शुक्ला, उप निरीक्षक लाल बहादुर मिश्रा, उपनिरीक्षक प्रिंस सोनकर सहित एसओजी टीम व कोतवाली पुलिस।

# सरकारी जमीन से कब्जा हटाने गई राजस्व टीम पर हमला, तीन पर केस

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार:** महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घुरेहटा में सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाने पहुंची राजस्व और पुलिस टीम पर हमला कर दिया गया। लेखपाल की तहरीर पर महिला समेत तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

ग्राम घुरेहटा की नवीन परती भूमि पर इंद्रपाल नामक व्यक्ति ने अवैध रूप से दीवार खड़ी कर कब्जा कर रखा था। तहसीलदार न्यायालय द्वारा जारी बेदखली आदेश के अनुपालन में बुधवार को नायब तहसीलदार राकेश पाल और लेखपालों की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची थी। जैसे ही टीम ने कार्रवाई शुरू की, आरोपी इंद्रपाल ने अपने बेटे राम प्रताप और पत्नी गायत्री के साथ मिलकर टीम पर हमला कर दिया।

मौके पर मौजूद राजस्व टीम। अमृत विचार

- **महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घुरेहटा का है मामला, राजस्व और पुलिस टीम पर हमला**

आरोप है कि तीनों ने सरकारी कार्य में बाधा डाली, मारपीट की और लेखपाल को जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। लेखपाल कृतिका सिंह की तहरीर पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी कार्य में बाधा डालने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

### फंदे से लटका मिला युवक का शव

**सीतापुर।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के आनंद नगर मोहल्ले में दोपहर युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटका मिला। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है। बताते हैं कि कोतवाली देहात क्षेत्र का आनंद नगर निवासी मृतक की पहचान देवेंद्र यादव (30) पुत्र रामपाल यादव देर रात घर लौटा। परिजनों के मुताबिक देवेंद्र शराब पीकर घर लौटा और अपने कमरे में सोने चला गया सुबह जब वह काफी देर तक बाहर नहीं निकला, तो परिजनों ने कमरे में जाकर देखा। वहां देवेंद्र का शव फंदे से लटक रहा था। प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का लग रहा है, लेकिन मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

# जमीन पर अवैध कब्जा डीएम के निर्देश पर केस

संवाददाता बिसवां।

**अमृत विचार:** बिसवां तहसील क्षेत्र के ग्राम टिकरा में ग्राम सभा की सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण और प्लाटिंग करने का मामला सामने आया है। डीएम के निर्देश पर लेखपाल नितिन कुमार राव की तहरीर पर कोतवाली बिसवां में लखनऊ निवासी एक बिल्डर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

लेखपाल द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार, ग्राम टिकरा में स्थित गाटा संख्या 252 (नाली) और गाटा संख्या 243 (बंजर भूमि) पर जायना इन्फ्राटेक के मो. रहीस अहमद द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण कार्य कराया जा रहा था। लेखपाल ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि लगभग 40 वर्ग मीटर और 35 वर्ग मीटर सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण से ग्राम सभा की संपत्ति को क्षति पहुंचाई जा रही है। पुलिस ने इस मामले में संबंधित धाराओं के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

- **डीएम के निर्देश पर जांच के बाद हुई कार्रवाई, बिसवां पुलिस ने की कार्रवाई**

अध्यक्ष के साथ बार एसोसिएशन के अन्य सदस्य। अमृत विचार

### नीरज श्रीवास्तव बने बार एसोसिएशन के सचिव

**संवाददाता, बिसवां। अमृत विचार :** बार एसोसिएशन की वार्षिक कार्यकारिणी का चुनाव एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन ब्रजेश कुमार गुप्ता की देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान कुल 65 सदस्यों में से 59 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के बाद हुई मतगणना में सचिव पद पर नीरज कुमार श्रीवास्तव ने एकतरफा जीत हासिल की। नीरज को कुल 48 मत मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी इंद्रपाल वर्मा को मात्र 11 मतों से संतोष करना पड़ा। वहीं, कार्यकारिणी के अन्य महत्वपूर्ण पदों पर पहले ही निर्विरोध निर्वाचन हो चुका था। इसमें राजकिशोर यादव अध्यक्ष, संतोष कटोरिया वरिष्ठ उपाध्यक्ष, इंतखाब आलम उपाध्यक्ष और बिपिन कुमार यादव संयुक्त सचिव चुने गए।

### गन्ने के पैसे मांगने पर भाइयों में मारपीट, केस

**लहरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम किशुनपुर में गन्ने की पर्ची का मूल्य न देने को लेकर हुए विवाद में सगे भाइयों के बीच जमकर मारपीट हुई। पुलिस द्वारा सुनवाई न होने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली, जिसके आदेश पर अब प्राथमिकी दर्ज की गई है। ग्राम किशुनपुर निवासी दिलीप कुमार पुत्र गोवर्धन लाल का आरोप है कि उसके ताऊ राम लखन की गन्ने की पर्ची पर उसके पिता ने दो डनलप गन्ना डाला था। जब उसके पिता ने गन्ने के पैसे मांगे, तो ताऊ ने गाली-गलौज की। इस विवाद को सुलझाने के लिए जब दोनों पक्ष ग्राम प्रधान के पास पहुंचे, तो वहां राम लखन और उनके पुत्रों दिलीप, पंकज व राजकुमार ने गोवर्धन लाल की पिटाई कर दी।

# बेमौसम बारिश की मार लाखों कच्ची ईंटें बेकार

संवाददाता, लहरपुर।

**अमृत विचार :** क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बेमौसम बारिश ने ईंट भट्ठा संचालकों की कमर तोड़ दी है। भारी बारिश के कारण भट्ठों पर पथाई कर रखी गई लाखों कच्ची ईंटें गलकर नष्ट हो गई हैं, जिससे संचालकों को भारी आर्थिक चपत लगी है।

बारिश का पानी भट्ठा स्थलों और खदानों में भर जाने से ईंटों की पथाई का कार्य पूरी तरह ठप हो गया है। इसके चलते भट्ठों पर काम करने वाले हजारों मजदूर बेरोजगार हो गए हैं और भट्ठों का संचालन बंद होने की कगार पर पहुंच गया है। भट्ठा संचालकों का कहना है कि तैयार माल नष्ट होने और नया काम बंद होने से उन्हें दोहरा नुकसान उठाना पड़ रहा है।

जिला ईंट उद्योग के अध्यक्ष हाजी कमालुद्दीन ने बारिश से हुए नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि बेमौसम बारिश ने उद्योग को संकट में डाल दिया है। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की है कि ईंट भट्ठों पर हुए नुकसान का उचित आंकलन कराया जाए और प्रभावित संचालकों को मुआवजा दिया जाए, ताकि इस उद्योग से जुड़े लोगों को राहत मिल सके।

### मेहनत सफलता की कुंजी: एसडीएम

मेधावियों को पुरस्कृत करतीं एसडीएम लहरपुर।

**संवाददाता, लहरपुर।** स्थानीय तहसील सभागार में मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी एसडीएम आकांक्षा गौतम ने लहरपुर पब्लिक स्कूल के 19 मेधावी बच्चों को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि साहित्यकार संदीप मिश्र 'सरस' ने सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षित और अनुशासित छात्र ही राष्ट्र का निर्माता होता है। कार्यक्रम में मोहम्मद हसीन अंसारी, सिराज अहमद, अफरोज जहां, सबीहा बानो, शीतल गौतम, अफ्फान, सलीम, कोमल और गौतम सहित विद्यालय स्टाफ व अभिभावक उपस्थित रहे।

### किसान पर धारदार हथियार से हमला

**कमलापुर।** अटरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में देर शाम पुरानी रंजिश के चलते गेहूं के खेत में काम कर रहे किसान पर धारदार हथियार से हमला किया गया। हमले में घायल व्यक्ति को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली में भर्ती कराया गया है। घायल देशराज का गांव के ही एक परिवार से पिछले कुछ वर्षों से विवाद चल रहा था। अस्पताल में भर्ती किसान की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

### रीता ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में मेधावी छात्र सम्मानित

**संवाददाता, बिसवां। अमृत विचार :** रीता ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में शिक्षा उन्नयन संगोष्ठी एवं मेधावी छात्र अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षक रामचंद्र वर्मा ने की। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रवक्ता हाजी मोहम्मद असलम ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए मात्र साक्षर होना पर्याप्त नहीं, बल्कि उच्च शिक्षा प्राप्त करना अनिवार्य है। विशिष्ट अतिथि पूर्व सभासद डॉ. अहमद अली अंसारी ने शिक्षा को अभिभावकों द्वारा बच्चों को दिया जाने वाला सर्वश्रेष्ठ उपहार बताया। इस अवसर पर इंजीनियर रशीद अहमद, माधुरी वाजपेयी, अन्नू सिंह, प्रियंका गुप्ता सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व अभिभावक मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित मुख्य अतिथि और अन्य।

### अनिल द्विवेदी का साहित्य प्रेम अमर: पुष्पा

**संवाददाता सीतापुर। अमृत विचार :** अन्नपूर्णा साहित्य संगम की 621 वीं मासिक काव्य गोष्ठी नई बस्ती स्थित अनिल निवास पर आयोजित की गई। इस दौरान वक्ताओं ने संस्था के संस्थापक स्वर्गीय अनिल द्विवेदी को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। गोष्ठी की संरक्षिका पुष्पा अवस्थी ने कहा कि अनिल द्विवेदी साहित्य के प्रति पूर्णत: समर्पित थे। उनके द्वारा रोपित साप्ताहिक काव्य गोष्ठी का क्रम आज भी अनवरत जारी है, जो उनके अमर साहित्य प्रेम का प्रतीक है। संयोजक यासीन इब्ने उमर ने कहा कि उनके द्वारा लगाया गया साहित्यिक पौधा आज वटवृक्ष बन चुका है। पंडित एसपी भारद्वाज 'अक्स लखनवी' की अध्यक्षता व रामकिशोर श्रीवास्तव के संचालन में कवियों ने अपनी रचनाओं से समां बांध दिया। इस अवसर पर गीता किशोर, रौनक सीतापुरी, आलोक आदर्श व विदुषी विधु समेत कई साहित्यकार मौजूद रहे।

### बैंक अधिकारियों के साथ की बैठक

राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर बैठक करते सचिव।

**सीतापुर।** जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आशीष जैन के निर्देश पर सचिव विजय भान ने आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मई की तैयारियों को लेकर बैंक अधिकारियों के साथ बैठक की। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/नोडल अधिकारी विजय कुमार आजाद की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अधिक से अधिक वादों को चिन्हांकित कर उनके नोटिस समय से प्रेषित करें ताकि लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। इसके पश्चात सचिव विजय भान ने जिला कारागार का साप्ताहिक निरीक्षण भी किया। साथ ही, कारागार में आयोजित विशेष जागरूकता शिविर में अपर जिला जज (एफटीसी) ने बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों और नि:शुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी। इस दौरान जेल अधीक्षक सुरेश सिंह व लीगल एड डिफेंस काउंसिल के सदस्य मौजूद रहे।

### केशरीगंज बाजार में भारी वाहनों से लगा जाम, एम्बुलेंस फंसी

**लहरपुर।** क्षेत्र के केशरीगंज बाजार में भारी वाहनों के चलते भीषण जाम लग गया। इस जाम में एक एम्बुलेंस समेत दर्जनों वाहन घंटों फंसे रहे, जिससे राहगीरों और मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हैरानी की बात यह है कि जाम स्थल के पास ही पुलिस चौकी स्थित है, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिसकर्मी इस रोजमर्रा की समस्या को हल करने के बजाय तमाशबीन बने रहते हैं। बाजार का मुख्य मार्ग संकरा होने और दोनों ओर दुकानें होने के कारण यहां अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। हरगांव, लखीमपुर और भदफर जाने वाले भारी वाहन इसी एकमात्र रास्ते से गुजरते हैं, जिससे लगभग 600 मीटर का बाजार क्षेत्र दिनभर चोक रहता है। स्थानीय निवासी रमानिकेत सिंह, महेंद्र अवस्थी, मनोज गुप्ता और संजय शुक्ला सहित कई व्यापारियों ने मांग की है कि जाम से मुक्ति के लिए नबीनगर-भदफर मार्ग वाले वैकल्पिक रास्ते को दुरुस्त कर भारी वाहनों को वहां से निकाला जाए। साथ ही, चौराहे पर पुलिस ड्यूटी लगाकर एक-एक कर वाहनों को पास कराने की व्यवस्था की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

स्कूटी रैली निकालते शिक्षक व अन्य। अमृत विचार

### 'स्कूल चलो अभियान' के तहत निकाली बाइक रैली

**संवाददाता, खैराबाद। अमृत विचार :** विकास खंड खैराबाद में परिषदीय विद्यालयों में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने और शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से स्कूल चलो अभियान के तहत बाइक व स्कूटी रैली निकाली गई। कंपोजिट विद्यालय मुलायमपुर में मां सरस्वती के पूजन के बाद हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा व ब्लॉक प्रमुख अजय विश्वकर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली मुबारकपुर, विष्णु नगर, आमखेड़ा, अशर्फापुर, खैरमपुर, कोडरी नवीन, भिमरी, चौबेपुर और निजामाबाद होते हुए प्राथमिक विद्यालय सरवरपुर पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में पवन कुमार सिंह, नरेश मिश्रा, डॉ. अनुपम मिश्र, बृजेंद्र प्रताप सिंह, जाहिर आलम सहित लगभग दो सैकड़ा शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए।

स्कूल चलो अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना करतीं प्रधानाचार्य।

### आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगे

**संवाददाता हरगांव/ तंबौर, अमृत विचार :** हरगांव के कम्पोजिट विद्यालय कल्लापुर और तंबौर संकुल विद्यालय में 'स्कूल चलो अभियान' के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में बच्चों का नामांकन सरकारी विद्यालयों में कराने के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रधानाध्यापिका ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकें, ड्रेस और मध्याह्न भोजन के साथ-साथ उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि खेलकूद व रचनात्मक गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं। जागरूकता रैली में आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगे जैसे नारों के साथ शिक्षा का संदेश दिया। इस दौरान तंबौर में प्रधानाध्यापिका दरख्शां खातून, राजेश वर्मा, सुशील पाण्डेय, नौशाद अंसारी, पूजा जायसवाल और हरगांव में अर्चना रस्तोगी, सीमा, रीतू श्रद्धा, अनीता सहित विद्यालय स्टाफ व बच्चे मौजूद रहे।

# केबल कटने से 6 हजार की आबादी अंधेरे में

संवाददाता, महमूदाबाद।

**अमृत विचार :** नगर के रामकुण्ड चौराहे पर लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्य के दौरान बड़ी लापरवाही सामने आई है। सड़क चौड़ीकरण के लिए जेसीबी से हो रही खुदाई के दौरान 11 केवी की भूमिगत विद्युत केबल कट गई, जिससे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है।

जानकारों की मानें तो 66 लाख की लागत से हो रहे इस कार्य की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग की है, जिसे ठेकेदार सुभाष सिंह मेमर्स द्वारा कराया जा रहा है। स्थानीय निवासी संतोष पाण्डेय और शिवेंद्र प्रताप यादव ने बताया कि केबल कटने से मोहल्ला मोतीपुर, पैंतेपुर और बेलदारी टोला सहित करीब छह हजार की आबादी प्रभावित है। स्थानीय नागरिक पवन सिंह, विजय जायसवाल, आदि का आरोप है कि शिकायत के बावजूद पीडब्ल्यूडी का कोई भी जिम्मेदार सुध लेने नहीं पहुंचा।

रामकुण्ड चौराहे पर सौंदर्यीकरण के लिए कराया जाता कार्य। अमृत विचार

> खुदाई के दौरान संबंधित ठेकेदार द्वारा न तो कोई सूचना दी गई और न ही अनुमति ली गई। लापरवाही के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित हुई है। इस संबंध में ठेकेदार के विरुद्ध केस दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है। - **अखिलेश कुमार, एसडीओ, विद्युत विभाग, महमूदाबाद**

पवन सिंह

शिवेन्द्र प्रताप

### मधुमक्खी भगाने के चक्कर में घर में आग, नकदी जली

**संवाददाता, महोली। अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मदनिया गांव में मधुमक्खियां भगाने के प्रयास में भीषण आग लग गई। हादसे में पीड़ित की 15 हजार रुपये की नकदी समेत पूरी गृहस्थी जलकर खाक हो गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। गांव निवासी संदीप राठौर पुत्र राजाराम चाट का ठेला लगाकर परिवार पालते हैं, उनके घर के एक कमरे में मधुमक्खियों ने छत्ता लगा रखा था। मधुमखियों के छत्ते को हटाने के लिए धुआं किया जा रहा था, तभी अचानक निकली चिंगारी ने पास रखे कपड़ों को पकड़ लिया। ग्रामीणों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक कमरे में रखी 15 हजार की नकदी और राशन-कपड़े समेत सारा सामान जल गया। एसडीएम देवेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि लेखपाल द्वारा जांच रिपोर्ट के आधार पर पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**सलोन :** सलोन कोतवाली अंतर्गत पूरे कुशल खमरिया पूरे कुशल निवासी दीपक सिंह गुरुवार की दोपहर किसी काम से बाइक लेकर सलोन की तरफ जा रहा था। वहीं दूसरी तरफ से राष्ट्रीय राज्यमार्ग जौनपुर हाइवे से रायबरेली की तरफ जा रहे वैगनार कार सवार से बाइक सवार युवक की टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही बाइक सवार युवक लहूलुहान अवस्था मे सड़क पर गिर कर घायल हो गया।घायल युवक को सीएचसी सलोन में भर्ती कराया गया, जहां से उसे एम्स रेफर कर दिया गया। उपनिरीक्षक अमरनाथ ने बताया कि कार सवार अभिनव सिंह पुत्र पवन कुमार सिंह निवासी सोमनसियां साहबगंज थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ की गाड़ी से बाइक सवार की टक्कर हुई है। कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम ने बताया कि घटना की तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### दो बाइकों में टक्कर से तीन लोग घायल

**बछरावां :** थाना क्षेत्र के मैंनाहार कटरा निवासी शकील पुत्र इसरार हुसैन (30) बाइक पर सवार होकर बछरावां से अपने घर की तरफ जा रहे थे। तभी बछरावां-राजामऊ मार्ग पर राजामऊ गांव के निकट सामने से अपनी पत्नी ममता के साथ आ रहे बाइक सवार जयराम पुत्र रामजियावन (35) निवासी पासी टूसी की बाइक की टक्कर हो गई। जिसमें तीनों लोग से घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां से घायल शकील को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### हादसे के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**रायबरेली :** मंगलवार को खनन अधिकारी सुरेश लकड़ा अपनी टीम के साथ शारदा नहर स्थित रिंग रोड पर खनन की जांच कर रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे मौरंग लदे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी स्कॉर्पियो को टक्कर मार दी थी। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि दुर्घटना के बाद से फरार चल रहे अयोध्या पारसपुर सरथना निवासी आकाश कुमार यादव पुत्र शोभनाथ यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### गोबर फेंकने को लेकर मारपीट, केस दर्ज

**महराजगंज :** सामने गंदगी फैलाने और गोबर फेंकने के मामूली विवाद के चलते दो पक्षों में मारपीट हो गई। गुरुवार सुबह कुबना गांव निवासी सुखेंद्र बहादुर सिंह घर के सामने झाड़ू लगा रहे थे। दूसरे पक्ष द्वारा वहां गोबर फेंका जा रहा था।इसको लेकर दोनों में विवाद बढ़ गया। आरोप है कि गांव के ही धर्मेंद्र, जितेंद्र, योगेंद्र, अरविंद, पुष्पेंद्र और गोविंद पुत्रगण योगेंद्र बहादुर ने पुरानी रंजिश को ढाल बनाकर सुखेंद्र बहादुर व उनकी पत्नी बच्चों पर हमला बोल दिया। आरोप है कि अरविंद ने कट्टा निकालकर उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर के आधार पर गांव के ही धर्मेंद्र, जितेंद्र, अरविंद, पुष्पेंद्र और गोविंद के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

### निकली जागरूकता रैली

**शिवगढ़ :** गुरुवार को शिवगढ़ खण्ड शिक्षाधिकारी अनिल कुमार मिश्रा के नेतृत्व में क्षेत्र के सभी परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा स्कूल चलो अभियान के तहत मोटर साइकिलों से जागरूकता रैली निकाली गई। नेरथुवा से मोटरसाइकिलों द्वारा शुरू हुई यह रैली गुमावां, रीवां, कसना, बदावर, श्रीबरखण्डीनाथ, शिवगढ़, भवानीगढ़, गूढ़ा, चन्दापुर और बेड़ारु होते हुए पिण्डौली पहुंचकर समाप्त हुई। रैली में शिक्षक सुरेंद्र वर्मा, राजेंद्र बाजपेई, आशुतोष यादव, मोहम्मद इमरान, हरिकेश सिंह, अनिल कुमार रहे।

## स्कूल चलो अभियान के तहत छतोह में निकाली गई रैली

रैली में शामिल शिक्षक व मौजूद अन्य। अमृत विचार

छतोह (रायबरेली)

**अमृत विचार।** शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत सरकारी स्कूल में गुरुवार को स्कूल चलो अभियान निकाला गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी छतोह विजय प्रकाश रहे। बाइक रैली ब्लॉक मुख्यालय छतोह से परैया नमकसार, अशरफपुर होते हुए नगर पंचायत नसीराबाद से निकाली गई। इस दौरान नुक्कड़ सभा आदि की गई। इस अवसर पर गिरजेश सिंह, आदित्य नारायण पाण्डेय, हरिकेश मौर्य, जैनुल अंसारी, रवि सिंह, शिव कुमार निर्मल, रितेश साहू, बीआरसी स्टाफ रहे।

## केवाईसी का अनुपालन किया जाता तो ना होता फर्जीवाड़ा

दिलीप सिंह / केके ओझा, रायबरेली

**शिथिलता**

- **संलिप्त बैंक अधिकारियों को बचाने में लगे जिम्मेदार, मामूली लिखापढ़ी कर की खानापूरी**

**अमृत विचार।** रिजर्व बैंक द्वारा जारी नियमों का बैंक के जिम्मेदार यदि अनुपालन किए होते तो शायद इतना बड़ा फर्जीवाड़ा नहीं हुआ होता। वर्तमान में बैंक खाता ही नहीं बल्कि गैस सिलेंडर से लेकर तमाम योजनाओं में केवाईसी अनिवार्य कर दिया गया है। इसके बावजूद करीब नौ करोड़ का हुआ फर्जीवाड़ा कहीं ना कहीं बैंक के अधिकारियों की शिथिलता को उजागर करता है। या फिर यूं कहे कि इनकी मिलीभगत से ही ऐसा हो सका है। सबसे आश्चर्य की बात यह है कि इसमें 48 लोगों को नामजद किया गया था। इतने बड़े पैमाने में हुई धांधली से बैंक की छवि भी धूमिल हुई है। वहीं कोतवाली पुलिस भी बैंक अधिकारियों की संदिग्धता को लेकर गंभीर नहीं दिखाई दे रही है, क्योंकि अभी तक किसी बैंक अधिकारी से पूछताछ का जिक्र नहीं हुआ है।

जानकारों की माने तो किसी भी बैंक में लोन लेने पर बैंक का अधिकारी सबसे पहले लोन लेने वाले व्यक्ति की पहचान की पुष्टि करता है। इसके लिए उसके बताए पते पर भ्रमण कर रिपोर्ट लगाता है। भ्रमण रिपोर्ट में व्यक्ति, निवास स्थान, कार्यस्थल सहित उसके द्वारा दिये गए सभी पहचान डॉक्यूमेंट के सत्यता की पुष्टि की जाती है। इन प्रकरणों में यदि बैंक नियमों का पालन करते हुए लोन स्वीकृत किया जाता तो ऐसी घटना न होती। ऐसे में इसे भी नजरअंदाज करते हुए लोन दे दिया गया। जिस बैंक में लोन लेने वालों के बचत खाते खोले गए थे वहां के बैंक अधिकारी के भी इसमें संलिप्त होने की आशंका व्यक्त की जा रही है, क्योकि बचत खाता खोलने में भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा निर्देशों को नजरअंदाज किया गया। यह मामला न केवल बैंकिंग सिस्टम की कमजोरियों को उजागर करता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि बिना आंतरिक मिलीभगत के इतनी बड़ी धोखाधड़ी संभव नहीं है। अब देखना यह होगा कि क्या जांच एजेंसियां बैंक अधिकारियों तक भी कार्रवाई का दायरा बढ़ाती हैं या नहीं।

**फर्जी सैलरी स्लिप और नियुक्ति पत्र लगाकर कराया पर्सनल लोन:** पकड़े गए आरोपियों द्वारा सांठगांठ करके बैंक ऑफ बड़ौदा की मुख्य शाखा में खाते ट्रान्सफर व नये खाते खुलवाये जाते थे। उन लोगो के आधार पर पता बदलवा देते थेञ गोपाल ने मिलकर अपनी पत्नी राधिका के नाम से यूको बैंक में ट्रेजर के नाम से खाता खुलवाकर उसी से फर्जी सैलरी स्लिप और फर्जी नियुक्ति पत्र के दस्तावेज लगाकर इन खातों पर पर्सनल लोन कराया गया। राजेश ने यूको बैंक में रायबरेली ट्रेजर के नाम से खाता खुलवाकर पर्सनल लोन कराया गया। बब्लू राठौर व कामिनी राठौर जो कि पति-पत्नी है के द्वारा फर्जी सैलरी स्लिप, फर्जी नियुक्ति पत्र व आधारकार्ड पर पता बदलकर 38 लाख 90 हजार का पर्सनल लोन लिया गया।

### कई शाखाओं में मकड़जाल, जांच में होगा खुलासा

बैंक ऑफ बड़ौदा की कई शाखाओं में भी इनका मकड़जाल फैला हुआ है। सूत्र बताते हैं कि ऊंचाहार और महराजगंज में भी फर्जी पर्सनल लोन स्वीकृत किये गए हैं, जिसमे बैंक ऑफ बड़ौदा के उच्चाधिकारियों द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों से भी स्पष्टीकरण मांगा गया है। हालांकि इस संदर्भ में जब क्षेत्रीय प्रबंधक से बात करने की कोशिश की गई तो उनका मोबाइल स्विच आफ मिला। वहीं मामले में पुलिस अधीक्षक रवि कुमार भी बोलने से बचते दिखाई दिए।

# फर्जी दस्तावेजों से करीब नौ करोड़ का कर दिया लोन, पांच लोग गिरफ्तार

## एसपी ने मामले का किया खुलासा, बैंक अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** बैंक में खाता खुलवाने जैसे मामूली प्रक्रिया से गुजरने में जहां आम नागरिकों को नाकों चने चबाने पड़ जाते हैं। वहीं बैंक अधिकारियों की सांठगांठ करके करीब नौ करोड़ का लोन कर दिया गया। करीब चार महीने पहले एफआईआर के बाद बैंक अधिकारियों के होश उड़ गए। पुलिस ने जांच करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं बैंक अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध है। अंदरखाने की माने तो यह मामला करीब दो साल पुराना है। इसमें संलिप्त अधिकारी और कर्मचारी जैसे तैसे मामले को सुलटाने में लगे हुए हैं। सबसे आश्चर्य की बात यह है कि पुलिस के खुलासे में भी बैंक के किसी अधिकारी और कर्मचारी की संलिप्तता को नहीं दर्शाया गया है। इससे कहीं ना कहीं इस पर सवाल भी उठने लगे हैं।

पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने पत्रकार वार्ता में पर्दाफाश करते हुए बताया कि बैंक आफ बडौदा की मुख्य शाखा रायबरेली में 48 पर्सनल लोन बैंक खातों में लोन पास हुआ। लोन लेने वाले ऋण खाता धारकों के द्वारा फर्जी सैलरी स्लिप, फर्जी नियुक्ति पत्र व आधार पर पता बदलवाकर पर्सनल लोन लिया गया, जिसमें बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकारियों द्वारा जांच कराने के बाद 29 दिसंबर 2025 को मुकेश पुत्र स्व. राज किशोर प्रसाद सिन्हा निवासी सुधा समृद्धि, तारा नगर, जेल रोड थाना कोतवाली नगर रायबरेली वर्तमान पता मुख्य प्रबन्धक बैंक ऑफ बड़ौदा, मुख्य शाखा रायबरेली द्वारा थाना कोतवाली नगर पर 48 पर्सनल लोन बैंक खाता धारको के विरुद्ध मु0अ0सं0-569/2025 धारा-318 (4)/319(2)/336/338/340 (2) व 3(5) बीएनएस मुकदमा पंजीकृत करवाया गया था।

एसपी ने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली संजीव कुमार सिन्हा के कुशल पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार नौहवार के नेतृत्व में लालगंज रोड पर राना नगर कब्रिस्तान के पास से राजेश सिंह पुत्र छेदा सिंह निवासी मोहल्ला इन्दिरा नगर प्रथम कस्बा हैदराबाद थाना आसीवन जनपद उन्नाव, बब्लू राठौर पुत्र श्रीराम रतन राठौर निवासी म.नं. 234 गुप्ता कालोनी तरीनपुर थाना कोतवाली नगर जनपद सीतापुर अन्य पता- मोहल्ला पूर्णागिरी मुंशीगंज थाना कोतवाली नगर सीतापुर, गोपाल सिंह पुत्र स्व. महेश सिंह निवासी गाजीपुर मजरा भैसामऊ थाना बीकेटी बक्शी का तालाब लखनऊ, राधिका देवी पत्नी गोपाल सिंह निवासी ग्राम गाजीपुर मजरा भैसामऊ थाना बीकेटी बक्शी का तालाब लखनऊ, कामिनी राठौर पत्नी बब्लू राठौर निवासी म.नं. 234 गुप्ता कालोनी तरीनपुर थाना कोतवाली नगर जनपद सीतापुर अन्य पता- मोहल्ला पूर्णागिरी मुंशीगंज थाना कोतवाली नगर सीतापुर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

फर्जी दस्तावेज से लोन कराने में पकड़े गए आरोपी और मामले की जानकारी देते पुलिस अधीक्षक रवि कुमार व मौजूद अन्य अधिकारी। अमृत विचार

## चाइनीज लोन एप से वसूली करने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार।** प्रतिबंधित चाइनीज लोनिंग एप के माध्यम से बेरोजगार युवकों को ब्लैकमेल और ठगी करने वाले गिरोह के सरगना को एसटीएफ ने बुधवार देर रात को गिरफ्तार किया। आरोपी को एसटीएफ के एएसपी अमित नागर की टीम ने आरोपी को रायबरेली के गदागंज-ऊंचाहार मार्ग पर दौलतपुर गांव के पास से दबोचा। उसके पास से दो मोबाइल, एक कार और 20 हजार रुपये नकद बरामद हुए।

एसटीएफ के एएसपी अमित नागर के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी सौरभ मिश्रा नई दिल्ली उत्तमनगर विश्वास पार्क का रहने वाला है। वह काफी दिनों से फरार चल रहा था। पूछताछ में सौरव मिश्रा ने बताया कि वह बीसीए करने के बाद वर्ष 2020 में कई अवैध चाइनीज लोन ऐप में रिकवरी एजेंट के रूप में काम करता था। इन ऐप के जरिए लोगों को कम समय के लिए ऊंचे ब्याज पर लोन दिया जाता था और उनका निजी डेटा एकत्र किया जाता था। कंपनी बंद होने के बाद आरोपी ने उसी डेटा का दुरुपयोग शुरू कर दिया। वह लोन लेने वाले लोगों को फोन, ईमेल और व्हाट्सएप से उन्हें डराता था। आरोपी लोगों की निजी जानकारी और फोटो का इस्तेमाल कर उन्हें बदनाम करने की धमकी देता था और उनसे पैसे वसूलता था।

### सोनी ने यूपी स्टेट में दो गोल्ड मेडल जीते

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** स्थानीय राजर्षि रामपाल सिंह वैदिक इंटर कॉलेज की छात्रा सोनी कुमारी ने मदन मोहन मालवीय स्पोर्ट स्टेडियम प्रयागराज में 8 और 9 अप्रैल को आयोजित यूपी स्टेट जूनियर फेडरेशनएथलेटिक चैंपियनशिप में डबल धमाका किया। सोनी ने 100 मी और 200 मी फर्राटा दौड़ में गोल्ड मेडल जीता है। यह जानकारी एथलेटिक एसोसिएशन के जिला सचिव लक्ष्मीकांत शुक्ल ने दी है।

खिलाड़ी सोनी कुमारी।

उन्होंने बताया कि 24 से 26 अप्रैल तक बैंगलोर कर्नाटक में आयोजित हो रही नेशनल चैंपियनशिप में प्रतिभाग़ करेगी। सोनी कुमारी के शानदार प्रदर्शन पर विद्यालय के कीड़ा प्रभारी एवं माध्यमिक शिक्षा के क्रीड़ा सचिव अजय सिंह चंदेल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सोनी ने इसके पहले स्कूल गेम्स के प्रतियोगिता में 100 मी का रिकॉर्ड तोड़ा था, उसे आगे बढ़ाने के लिए विद्यालय स्तर से और अपने स्तर से हर प्रकार का प्रोत्साहन प्रदान करेंगे। डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक एसोसिएशन अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा सोनी को एसोसिएशन की तरफ से गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए सम्मानित किया जाएगा। समाजसेवी धर्मेश बहादुर सिंह, जिला क्रीड़ा अधिकारी धीरेंद्र पुरुषोत्तम, डा एसएम सिंह, गौरव अवस्थी ,विनोद शुक्ला, शैलेंद्र प्रताप सिंह, राजेश कुमार सिंह, अभिषेक द्विवेदी, कोच सौरभ कुमार यादव, रजत सिंह, अनुभव मिश्रा, अमन सिंह, मो शोएब, नवनीत वर्मा, मो अनीश आदि ने बधाई दी।

### एसएससी सीजीएल में आदित्य का हुआ चयन

**ऊंचाहार (रायबरेली)।** ऊंचाहार निवासिनी किरन कौशल के बेटे आदित्य कौशल का चयन एसएससी सीजीएल में हुआ है। भारत सरकार कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली इस परीक्षा में आदित्य का चयन वित्त मंत्रालय में कार्यालय अधीक्षक के पद पर हुआ है। आदित्य भाजपा के ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री अभिलाष कौशल के भांजे है। उनके चयन पर ऊंचाहार में मिठाई बांटी गई और क्षेत्र के संभ्रांत लोगों ने बधाई दी। बौद्धिक विचार मंच के संयोजक रतीपाल शुक्ल, इंटर कालेज के पूर्व प्रवक्ता शिव करन त्रिपाठी, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य जितेंद्र बहादुर सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन सिंह, पूर्व प्रधान लालचंद कौशल, हीरालाल गुप्ता, नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष बाबा ज्ञान सिंह आदि ने उसे बधाई दी।

आदित्य कौशल।

### रास्ते के विवाद में चटकीं लाठियां, दो घायल

**जगतपुर।** थाना क्षेत्र के पूरे सरदार मजरे बेहीखोर गांव में रास्ते के विवाद को लेकर गुरुवार को दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। पीड़िता प्रीति पुत्री राजेश ने बताया कि गांव में रास्ते को लेकर काफी समय से विवाद चला आ रहा है। आधा दर्जन लोगों ने उसके बाबा पर लाठियों से हमला कर दिया। बचाने दौड़ी उसकी मां पर भी हमलावरों ने लाठी-डंडों से प्रहार कर दिया, जिससे वह घायल हो गईं। दोनों घायलों को सीएचसी जगतपुर पहुंचाया गया। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर गांव के ही आधा दर्जन लोगों को नामजद किया है। वहीं थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से मारपीट की तहरीर मिली है। मारपीट में सभी घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सामूहिक विवाह उत्सव 20 को

**लालगंज।** लालगंज नगर में श्री दोसर वैश्य आदर्श सामूहिक विवाह उत्सव 20 अप्रैल को किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए 13वें विवाह उत्सव कार्यक्रम के आयोजक हनुमान प्रसाद गुप्ता, रज्जन लाल गुप्ता (रौला) केसी गुप्ता, आनंद गुप्ता, गोपाल, अर्पित गुप्ता ने दी। इस दौरान बताया गया कि पांच जोड़ों का सामूहिक विवाह होगा। 20 अप्रैल को श्री दोसर वैश्य काशी शाह धर्मशाला से बारात निकलेगी। कार्यक्रम शिवम गुप्ता की देखरेख में संपंन होगा।

### एनटीपीसी में विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न

डॉ. आंबेडकर जयंती पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बच्चे।

**ऊंचाहार, अमृत विचार।** एनटीपीसी में आगामी आम्बेडकर जयंती को भव्य बनाने के लिए एससी-एसटी एसोसिएशन द्वारा कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें बड़ी संख्या में कक्षा एक से बारह तक के स्कूली बच्चों ने भाग लिया। इसी प्रकार कक्षा छह से 12 तक के छात्रों के लिए निबंध और सामान्य ज्ञान की प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद लोहकरे ने बताया कि डॉ. आम्बेडकर के जीवन दर्शन और उनके व्यक्तित्व से परिचित कराने एवं उससे प्रेरणा लेने के लिए यह प्रतियोगिताएं बच्चों के लिए आयोजित की गई हैं। विजेताओं को अम्बेडकर जयंती के दिन मुख्य समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। आयोजन को सम्पन्न कराने में नरेंद्र बंसल, संतोष रावत, राहुल कनौजिया तथा स्कूल के अध्यापकों का योगदान सराहनीय रहा। परियोजना प्रमुख बिस्व मोहन सिंह तथा प्रियदर्शिनी महिला क्लब की अध्यक्षा रश्मि देबाता ने सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दीं। महाप्रबंधक आशुतोष बिस्वास, मानव संसाधन प्रमुख पंकज कुमार ने बच्चों की प्रचुर भागीदारी पर संतोष व्यक्त किया।

### जमीन पर कब्जा करने की शिकायत

**लालगंज (रायबरेली)।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के चिलौला गांव निवासी गनेश प्रसाद पुत्र नन्हा ने जमीन कब्जे को लेकर गांव के ही पिंटू व बाबादीन पुत्र गण भगवानदीन के खिलाफ शिकायत की है। पीड़ितों ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि गांव में उसकी बुजुर्गी जमीन है जिस पर गांव के ही उपरोक्त विपक्षीगणों ने मवेशियों के खूंटा उखाड़ कर जबरन कब्जा कर लिया है। पीड़त की शिकायत पर मौके पर पहुंचकर पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

## पंचकुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ

श्री बाबू सिंह इंटर कॉलेज छिवलहा में आयोजित महायज्ञ में शामिल लोग।

सरेनी (रायबरेली)

**अमृत विचार।** क्षेत्र स्थित श्री बाबू सिंह इंटर कॉलेज छिवलहा में एक दिवसीय पंचकुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में 33 कोटि देवी-देवताओं का आवाहन कर वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत कर दिया गया। यज्ञ में शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं और क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा मानव कल्याण और राष्ट्र उत्थान के लिए आहुतियां अर्पित कीं। यह आयोजन विद्यालय के नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के उपलक्ष्य में किया गया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य शिवचंद सिंह (ब्लॉक समन्वयक, सरेनी) और उनकी टीम ने किया। उन्होंने अखिल विश्व गायत्री परिवार की विचारधारा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसकी स्थापना पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने की थी। इस मौके पर प्रबंधक राम सकल सिंह, अमरपाल सिंह सहित सैकड़ों नागरिक आदि उपस्थित रहे।

## वार्षिकोत्सव में बच्चों की प्रस्तुति ने मोहा मन

अतिथि का स्वागत करतीं शिक्षिका। अमृत विचार

कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग।

शिवगढ़ (रायबरेली)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय गूढ़ा में नवारम्भ उत्सव वार्षिकोत्सव तथा कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि शिवगढ़ खण्ड शिक्षाधिकारी अनिल कुमार मिश्रा रहे। समारोह में छात्र-छात्राओं ने शिक्षा, संस्कृति और देशभक्ति पर आधारित प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों तथा एआरपी विनय मिश्रा, रामू, गोविंद, एसएमसी अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, विजय कुमार ने कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उत्साह वर्धन किया तथा अभिभावकों से नए नामांकन कराने एवं बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की बात कही। इस मौके पर एमएलसी प्रतिनिधि एवं जिला पंचायत सदस्य विनय वर्मा, गूढ़ा प्रधान प्रतिनिधि अंकित वर्मा, प्रधानाध्यापिका हिमांशी सिंह, सुरेन्द्र वर्मा, राहुल वर्मा, सरला वर्मा, गीता बिष्ट रहीं।

**वार्षिक परीक्षा फल वितरण का हुआ आयोजन, लालगंज:** प्राथमिक विद्यालय ऐहार प्रथम के प्रांगण में वार्षिक परीक्षा फल वितरण एवं नवारंभ उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी नंदलाल रजक रहे। बैंक ऑफ़ बड़ौदा शाखा प्रबंधक अतुल श्रीवास्तव द्वारा जल्द ही बच्चों के लिए विशेष निधि का आश्वासन दिया गया। छात्र-छात्राओं को परीक्षा फल एवं पुरस्कार वितरण के बाद जलपान एवं मिष्ठान का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका रचना दीक्षित, श्वेता तिवारी, सच्चिदानंद वर्मा, प्रतीक्षा शुक्ला, पुष्पांजलि यादव, आंगनबाड़ी कार्यकत्री सौभ्या शुक्ला, समाजसेवी रिंकू मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

**धर्मकर्म**

**सात दिनों से चल रही भागवत कथा के अंतिम दिन कथा व्यास ने मित्रता के बारे में बताया**

# श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण लीला प्रसंग सुन झूमे श्रोता

महराजगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के हलोर में पिछले सात दिनों से चल रही भागवत कथा के सातवें व अन्तिम दिन कथावाचक वागीश रामचंद्र दास ने श्रीकृष्ण के अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया गया। कथा के दौरान श्रीकृष्ण लीला का प्रसंग सुनकर श्रोता झूम उठे।

भगवान के 16 हजार 108 विवाह की कथा, ऊषा अनिरुद्ध विवाह की कथा एवं सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा व्यास वागीश रामचंद्र दास ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्रीकृष्ण-सुदामा जी से समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र से मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे। द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं। दोनों की ऐसी मित्रता देखकर श्री कृष्ण की सभा में बैठे सभी लोग अचंभित हो गए। कथावाचक वागीश रामचंद्र दास ने अपनी कथा में कहा कि जब भी भक्तों पर विपदा आ पड़ी है, प्रभु उनका तारण करने अवश्य आए हैं। समापन दिवस पर कथा में आयोजक राजेंद्र दत्त मिश्रा, कुसुम मिश्रा, शशांक शेखर शुक्ला, पूजा मिश्रा, प्रीती मिश्रा, पल्लवी मिश्रा, डॉ. अशोक मिश्रा, उमाकांत पांडेय, रामसागर चौधरी, मनोज मिश्रा, फूल सिंह, राजकुमार शर्मा, रामफेर तिवारी, गुरूदीन साहू, अनिल शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। अमृत विचार

### भगवान शिव की भक्ति सरल, सहज और अत्यंत फलदायी है : आचार्य

**शिवगढ़ (रायबरेली) अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैंती स्थित श्री राम जानकी मन्दिर ठाकुरद्वारा परिसर में शिव परिवार स्थापना के उपलक्ष्य में चल रही पांच दिवसीय शिव आराधना के तीसरे दिन श्रद्धालुओं की अटूट आस्था देखने को मिली। नैमिषारण्य, सीतापुर से आए आचार्य चंचल कृष्ण शास्त्री, दिव्यांश शर्मा, राघवेन्द्र शास्त्री, हर्षित दीक्षित, शिवांश पाण्डेय ने अक्षत और मिश्री से भगवान का स्नान कराया। आचार्य चंचल कृष्ण शास्त्री ने बताया कि 7 अप्रैल से 11 अप्रैल तक वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना चलेगी। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की भक्ति सरल, सहज और अत्यंत फलदायी मानी जाती है। कार्यक्रम का आयोजक गणेश शंकर मिश्रा, पूर्व प्रधान सुमति मिश्रा तथा कांग्रेस जिला सचिव एडवोकेट गौरव मिश्रा द्वारा कराया जा रहा है। अप्रैल को भव्य शिव बारात निकाली जाएगी। इस अवसर पर शशि दीक्षित, सुधा अवस्थी, छाया दीक्षित, ममता मिश्रा, जयशंकर मिश्रा, प्रीति मिश्रा, गरिमा, गुंजा, विभू आर्या आदि लोग उपस्थित रहे।

मंदिर में पूजा-अर्चना करते भक्त।

न्यूज ब्रीफ

## 34 आबकारी दुकानों का ई-लॉटरी से हुआ आवंटन

**अमेठी :** जनपद अमेठी में आबकारी दुकानों के आवंटन के लिए ई-लॉटरी प्रक्रिया गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में स्वच्छ और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई गई। इस दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान और पुलिस अधीक्षक सरवणन टी की मौजूदगी में कुल 34 आबकारी दुकानों का आवंटन किया गया। कार्यक्रम में आबकारी आयुक्त द्वारा नामित सहायक आबकारी आयुक्त ए.के. राय, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अर्पित गुप्ता सहित अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में आवेदक भी उपस्थित रहे। जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश कुमार आर्य ने बताया कि जनपद में कुल 36 रिक्त दुकानों के लिए 1604 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें 22 देशी शराब की दुकानों के लिए 955 आवेदन, 9 कंपोजिट दुकानों के लिए 646 आवेदन तथा 5 भांग की दुकानों के लिए 3 आवेदन मिले। उन्होंने बताया कि दो भांग की दुकानों पर कोई आवेदन न मिलने के कारण वे अभी रिक्त हैं, जबकि शेष 34 दुकानों का आवंटन ई-लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई गई, जिससे सभी आवेदकों को समान अवसर मिल सके।

## बैंक का एक्शन, कर्ज न चुकाने पर जमीन कुर्क

**मुसाफिरखाना (अमेठी) :** बैंक लोन न चुकाने वाले बकायेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तेज हो गई है। बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा रस्तामऊ मंगरौली द्वारा एक बड़े बकायेदार की भूमि को कुर्क कर दिया गया है, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया है। यह पूरा मामला मुसाफिरखाना तहसील क्षेत्र का है, जहां लंबे समय से लोन न चुकाने वाले बकायेदार नरेंद्र प्रताप के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की गई। बैंक द्वारा पूर्व में नोटिस जारी किए जाने के बावजूद बकाया जमा न होने पर उप जिलाधिकारी के आदेश पर जमीन कुर्क कर ली गई। मौके पर बैंक अधिकारियों की टीम पहुंची और कुर्की/बिल्डिंग सूचना का बोर्ड लगाकर स्पष्ट कर दिया गया कि संबंधित भूमि अब बैंक की कार्रवाई के दायरे में है। बोर्ड पर यह भी उल्लेख किया गया है कि लोन बकाया होने के कारण यह कदम उठाया गया है।प्रशासन और बैंक की इस संयुक्त कार्रवाई के बाद अन्य बकायेदारों में भी चिंता बढ़ गई है। अधिकारियों ने साफ संदेश दिया है कि समय रहते बकाया जमा करें, अन्यथा इसी तरह की सख्त कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

## घरेलू कलह में युवक ने खाया जहर, मौत

**सुलतानपुर , अमृत विचार :** जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के धरसौली गांव के राहुल ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी अर्चना के अनुसार, राहुल सुबह करीब 6 बजे अयोध्या जिले के जमौली खुर्द ससुराल आए थे। जब उसने खाना बनाने की बात कही, तो राहुल ने बताया कि वह अब खाना नहीं खा पाएंगे क्योंकि उन्होंने जहर खा लिया है। यह सुनते ही अर्चना के पैरों तले जमीन खिसक गई। पूछने पर राहुल ने रोते हुए कहा कि उनके माता-पिता उन्हें पसंद नहीं करते, जिससे वह मानसिक रूप से काफी आहत थे। घटना की जानकारी मिलते ही अर्चना ने तुरंत एम्बुलेंस बुलाकर राहुल को कूरेभार सीएचसी पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है।

# विद्युत आपूर्ति को लेकर ग्रामीणों में त्राहि-त्राहि

## विभाग मौन: आंधी-पानी आने के छह दिन बाद भी गांवों में नहीं पहुंची बिजली, पेयजल संकट छाया

महराजगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** एक तरफ सरकार निर्बाध बिजली आपूर्ति के दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर महराजगंज क्षेत्र में बिजली विभाग की घोर लापरवाही के चलते जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। पिछले शनिवार को आए तूफान और बारिश ने विभाग की पोल खोलकर रख दी है। जर्जर तार और टूटे खंभों के कारण दर्जनों गांवों की बिजली आपूर्ति ठप है, जिससे क्षेत्र में अब पेयजल का संकट भी गहरा गया है।

महराजगंज पावरहाउस से जुड़े कुसुढी सागरपुर, पूरे पलटगीर, गहिरा, बखतखेरा, कुसमहुरा और गोसाईं का पुरवा समेत दर्जनों गांवों में पिछले 6 दिनों से बिजली नहीं आई है। विभाग लाइनों को ठीक करने के बजाय 'जुगाड़ तकनीक' से जोड़-गांठ कर काम चलाने की कोशिश कर रहा है, जो पहली ही बारिश में जवाब दे गई।

पानी के लिए नारायनपुर गांव में हैंडपंप पर जमा भीड़। अमृत विचार

**हैंडपंप बने पानी का सहारा, ग्रामीण परेशान:** बिजली न होने से घरों में लगे सबमर्सिबल पंप और मोटर शोपीस बनकर रह गए हैं। आलम यह है कि लोग पानी के लिए गांव के हैंडपंपों पर निर्भर हैं, जहां सुबह से ही लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। गुरुवार तक भी आपूर्ति बहाल न होने से ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे रहा है। मोन गांव निवासी शिव शंकर गोस्वामी ने बताया दो साल पहले आई आंधी में उनके घर के पास का पोल टूट गया था, जो आज तक नहीं लगा। जिसके तार नीचे की ओर लटक रहे हैं। नारायनपुर गांव में नरसिंह बहादुर के घर की छत पर चलती लाइन का एक पोल करीब डेढ़ साल से पड़ा है। जिसकी मरम्मत आज तक नहीं कराई गई।

वहीं इस संबंध में अजय सैनी, जेई, महराजगंज विद्युत उपकेंद्र का कहना है कि आंधी-पानी वाले दिन कहां-कहां विद्युत पोल टूटे हैं उन्हें अभी तक इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है और न ही किसी भी तरह की उन्हें कोई शिकायत प्राप्त हुई है। किन गांवों को विद्युत आपूर्ति मिल रही है उन्हें इसकी भी जानकारी नहीं है। मामला संज्ञान में आने के बाद विद्युत लाइनों की मरम्मत कराई जाएगी।

### नवीन मण्डी में पानी के लिए भटक रहे किसान

**जायस (अमेठी), अमृत विचार।** जनपद की दूसरी सबसे बड़ी गल्ला एवं सब्जी मण्डी जायस में आगन्तुक किसान भीषण गर्मी में पीने के पानी के लिए भटक रहे हैं। कहने के लिए मण्डी परिसर में दो वाटर कूलर लगभग एक दर्जन इण्डिया मार्क टू हैण्ड पम्प लगें हैं। लेकिन दोनों वाटर कूलर अरसे से खराब है हैण्ड पम्पो में केवल दो ही पानी दे रहे हैं बाकी से मात्र हवा निकल रही है। गल्ला मण्डी एवं सब्जी मण्डी होने के कारण प्रतिदिन सैकड़ों किसानों एवं व्यापारियों का आगमन मण्डी में होता है। मण्डी परिसर में करीब आधा दर्जन सरकारी गेहूं खरीद केंद्र संचालित होते हैं जिससे भीषण गर्मी में किसानों की आमद बढ़ जाती है मण्डी परिसर में पेयजल की उचित व्यवस्था न होने से मजबूरी में जेब ढ़ीली कर पानी खरीद कर पीना पड़ता है। किसान फूलचंद लचंद वर्मा ने बताया कि मण्डी में हम लोग रोज आते हैं लेकिन पानी की व्यवस्था न होने से खरीद कर पानी पीना पड़ता है। किसान रामकिशोर ने बताया कि व्यापारियों से करोड़ों का टैक्स मण्डी समिति द्वारा वसूला जाता है। लेकिन मण्डी समिति द्वारा मूल भूत पेयजल जैसी सुविधा भी नहीं उपलब्ध करायी जा रही है।

क्षतिग्रस्त टोटियां और बंद पड़ा वॉटर कूलर।

# ननिहाल आए युवक ने पेड़ से लगाई फांसी, मौत से कोहराम

सिंहपुर (अमेठी)

- चिलौली गांव में घटना घटी, फैली सनसनी व जांच जारी

**अमृत विचार।** इन्हौना थाना क्षेत्र के चिलौली गांव में बुधवार रात एक युवक ने आम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार सुबह जब ग्रामीणों ने पेड़ से लटकता शव देखा तो इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मोहनगंज थाना क्षेत्र के कोंची गांव निवासी शुभम (24) पुत्र शिवकुमार इन दिनों अपने ननिहाल चिलौली गांव में बरसाती के यहां आया हुआ था। बताया जा रहा है कि वह अक्सर अपने ननिहाल में ही रहता था और अधिक समय वहीं बिताता था। बताया जाता है कि बुधवार देर रात गांव के बाहर स्थित एक बाग में शुभम ने लाल गमछे के सहारे आम के पेड़ से फांसी लगा ली। गुरुवार सुबह ग्रामीणों की नजर जब पेड़ से लटक रहे शव पर पड़ी तो हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तुरंत परिजनों और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची इन्हौना पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाकर कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस घटना के कारणों की जांच में जुटी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। मां सुमिरता और बहन चाहत सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि शुभम परिवार में सबसे बड़ा था और उसके बाद एक छोटी बहन है। अचानक हुई इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

शुभम की फाइल फोटो।

वहीं इन्हौना थानाध्यक्ष विवेक सिंह ने बताया कि युवक ने फांसी क्यों लगाई, इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

# भूसा चोरी के विरोध पर दबंगों ने किसान को पीटा

सिंहपुर (अमेठी)

- गांव पूरे मोहनी मजरे बसंतपुर में लाठी-डंडों से किया हमला

**अमृत विचार।** थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के गांव पूरे मोहनी मजरे बसंतपुर में गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे भूसा रीपर द्वारा चोरी किए जाने के विवाद में दबंगों द्वारा खेत के किसान पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है।

पीड़ित कमरे आलम पुत्र मो. सैद ने आरोप लगाया कि सुबेहा थाना क्षेत्र के गांव पूरे माधव मजरे सराय गोपी निवासी समीर पुत्र जागीर व सतीश प्रधान पुत्र अज्ञात पहले सोनालिका ट्रैक्टर व रीपर ट्रॉली से उसके खेत में चोरी से गेहूं का भूसा काटकर ले जा रहे थे, जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपी गोलबंद होकर बाद में कुछ अन्य पांच अज्ञात लोग स्कॉर्पियो से मौके पर पहुंचे और सरिया, हॉकी, डंडा व लाठी से हमला कर दिया। हमले में कमर आलम गंभीर रूप से घायल हो गए और हाथ टूट गया, सिर व आंख पर गंभीर चोटें आई। वहीं आरोपीगण मारपीट के बाद युवक को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए और जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद कमरे आलम मौके पर ही बेहोश हो गया, जिसे परिजनों ने आनन-फानन एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

किसान का इलाज करते चिकित्सक।

वहीं इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष शिवरतनगंज डी एस मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# शॉर्ट सर्किट की आग से जलकर फसल राख

संग्रामपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** थाना संग्रामपुर क्षेत्र के कटरा भावलपुर गांव में गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे शॉर्ट सर्किट से लगी आग में किसान लल्लन सिंह की करीब एक बीघा पकी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। अचानक लगी आग से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, खेतों के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार आपस में टकरा गए, जिससे निकली चिनगारी ने सूखी खड़ी फसल को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें तेजी से फैलने लगीं। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए बाल्टी, लोटा और डंडों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया।सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और पानी की बौछार कर आग पर पूरी तरह काबू पाया। हालांकि तब तक किसान की पूरी फसल जलकर नष्ट हो चुकी थी।

**आग से पांच किसानों की गेहूं की फसल राख, शुकुल बाजार:** गुरुवार को पूरे अचली गांव में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब अचानक शॉर्ट सर्किट के कारण खेतों में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और किसानों की गेहूं की फसल को अपनी चपेट में ले लिया।इस अग्निकांड में गांव के किसान गुरुदीन,छेदाना,पिन्टू सिंह,राम सूरज जैसवाल और महादेव सिंह की लगभग एक-एक बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। किसानों ने आग बुझाने का भरसक प्रयास किया।लेकिन तेज हवा के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया।घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि तब तक किसानों की मेहनत पूरी तरह जल चुकी थी। इस घटना से पीड़ित किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित किसानों को जल्द से जल्द मुआवजा प्रदान किया जाए।ताकि उन्हें इस नुकसान से कुछ राहत मिल सके। लेखपाल वीरेंद्र प्रजापति ने बताया कि मौके पर पहुंच कर नुकसान का आकलन कर भेजा जाएगा जिससे आर्थिक मदद मिल सके।

खेत में लगी आग को बुझाते ग्रामीण। अमृत विचार

### श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग का किया वर्णन

**अमेठी, अमृत विचार।** जनपद के बालीपुर महमूदपुर ग्रामसभा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान सप्ताह के छठे दिन गुरुवार को दशम स्कंध के अंतर्गत रुक्मिणी विवाह प्रसंग का भावपूर्ण और सजीव वर्णन कथा वाचक अरुण त्रिपाठी सहगौरा जी महाराज द्वारा किया गया। कथा के दौरान भगवान के प्रेम, भक्ति और दिव्य लीलाओं का ऐसा चित्रण हुआ कि पूरा पंडाल भक्तिमय हो उठा। कथा वाचक ने बताया कि विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी ने मन ही मन श्रीकृष्ण को अपना पति मान लिया था, किंतु उनके भाई रुक्मी उनका विवाह शिशुपाल से कराना चाहते थे। रुक्मिणी ने एक ब्राह्मण के माध्यम से श्रीकृष्ण को पत्र भेजकर उन्हें स्वयं ले जाने का निवेदन किया। माता पार्वती के मंदिर से लौटते समय श्रीकृष्ण रथ सहित पहुंचे और रुक्मिणी का हरण कर उन्हें अपने साथ ले गए। इस दौरान बलराम ने शिशुपाल, जरासंध और रुक्मी की सेना को रोककर श्रीकृष्ण की सहायता की। बाद में द्वारका में विधि-विधान से विवाह संपन्न हुआ। इस प्रसंग पर भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई। विवाह उत्सव के अनुरूप पंडाल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। भगवान के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा और महिलाओं ने पारंपरिक वैवाहिक गीत गाकर उत्सव का आनंद बढ़ाया। छठे दिन कथा में महिलाओं की विशेष उपस्थिति रही। इस धार्मिक आयोजन के मुख्य यजमान पंडित रामपाल शुक्ला रहे। आयोजन में श्रीपाल शुक्ला, महिपाल शुक्ला, चंद्रपाल शुक्ला, राजेंद्र शुक्ला, नरेंद्र कुमार शुक्ला, इंद्र कुमार, अजय पांडेय, रवि प्रकाश शुक्ला, अभिषेक शुक्ला, प्रवीण शुक्ला सहित क्षेत्र के लालजी तिवारी( पत्रकार), दिलीप मिश्रा( , संचित पांडेय, विजय पांडेय समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे आयोजन के दौरान माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।

श्रीमद्भागवत कथा सुनते श्रद्धालु।

### विश्व नवकार दिवस देखने को मिली एकजुटता

विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग।

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर जैन समाज द्वारा नवकार मंत्र पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भक्ति और समर्पण के इस उत्सव में समाज के पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्थानीय जैन मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में जैन समाज के अध्यक्ष सुनील जैन ने दीप प्रज्वलित कर आयोजन का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि णमोकार महामंत्र विश्व का सबसे शक्तिशाली मंत्र है जो हमें भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता की सेवा करना सिखाता है। सभी को एकजुट रहने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि नवकार मंत्र की शक्ति हमें हर भेदभाव को भुलाकर प्यार और इंसानियत की राह पर चलना सिखाती है। अशोक जैन, रमेश जैन ने कार्यक्रम का संचालन की जिम्मेदारी संभाली और समाज की एकजुटता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार यह महामंत्र आत्मिक शांति और विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। कार्यक्रम के दौरान जैन समाज की महिलाओं ने समाज के तीर्थ क्षेत्रों के संरक्षण और सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने की बात कही। उन्होंने जैन धर्म के मूल सिद्धांतों सत्य और अहिंसा को आधुनिक जीवन में अपनाने की अपील की। मीडिया प्रभारी अंकित जैन ने बताया कि 'विश्व नवकार महामंत्र दिवस' मनाया गया।

# होनहार बच्चों को किया गया सम्मानित

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** अमेठी के भेटुआ ब्लॉक स्थित प्राथमिक विद्यालय घाटमपुर में भव्य वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रधानाध्यापक रेनू श्रीवास्तव ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और स्वागत नृत्य से हुई, जिसे प्राची, नैंसी, सुधा, साक्षी, परी, दिव्यांशी और अंशिका ने प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के अभिभावकगण और क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों व महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समाजसेवी संतोष कुमार सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक विजय नाथ पांडेय और सेवानिवृत्त शिक्षिका विमला सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। छात्र-छात्राओं ने आकर्षक और मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पूरे शैक्षिक सत्र की गतिविधियों का मूल्यांकन कर होनहार बच्चों पुरस्कृत भी किया गया। अवी, आयुष, अतीक, कार्तिक, आस्था, शिवानी, नमन और आलोक ने पंच परमेश्वर एकांकी का सफल मंचन किया। बच्चों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों का सम्मान किया गया। प्रवेश उत्सव के साथ राधा कृष्ण झांकी, नशा मुक्ति नाटक और फौजी कार्यक्रम भी प्रस्तुत हुए। अवधी लोकगीत नृत्य, भाषण, शिक्षा गीत और विज्ञान आविष्कार मॉडल प्रस्तुतिकरण ने सबका मन मोह लिया। सूर्यांश अग्रहरी ने हास्य निबंध प्रस्तुत कर दर्शकों का मनोरंजन किया। कार्यक्रम का संचालन राघवेंद्र प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम में मसाला उद्योगपति विशाल अग्रहरी मुख्य अतिथि थे। खंड शिक्षा अधिकारी भेटुआ संतोष यादव, डीसी बालिका और डीसी निर्माण जनपद अमेठी भी मौजूद रहे। महेंद्र जायसवाल, राजीव गुप्ता, संजय पांडेय और पवन उपाध्याय व एआरपीगण, नोडल शिक्षक अनुपम पांडे और ग्राम प्रधान घाटमपुर आदि उपस्थित थे।

बच्चों को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

# डीएम की तत्परता से 14 साल बाद महिला को मिली पेंशन

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** डीएम हर्षिता माथुर की सक्रियता और संवेदनशील पहल से एक जरूरतमंद महिला को वर्षों से लंबित पेंशन का लाभ मिला है। गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई के दौरान ग्राम छोटी केसरिया निवासी उषा सिंह ने पेंशन बहाली के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें कहा गया कि पीड़िता के पिता स्व. शिव बक्श सिंह पंचायती राज विभाग में सचिव पद से सेवानिवृत्त थे और वर्ष 1996 तक पेंशन प्राप्त करते रहे। उनके और उनकी पत्नी के निधन के बाद उषा सिंह को वर्ष 2005 तक पारिवारिक पेंशन मिली, लेकिन बाद में यह भी बंद हो गई।

उषा सिंह।

वर्ष 2012 में शासन द्वारा अविवाहित आश्रित पुत्री को आजीवन पेंशन देने का प्रावधान किया गया था, जिसकी जानकारी उन्हें नहीं थी। डीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ कोषाधिकारी डॉ. भावना श्रीवास्तव को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। डीएम के प्रयासों और संबंधित विभागों के समन्वय से प्रकरण का न सिर्फ शीघ्र समाधान हुआ, बल्कि वर्षों बाद पीड़िता के चेहरे पर रौनक भी लौटी है। उषा सिंह को वर्ष 2012 से मार्च 2026 तक की एरियर राशि के साथ पुनः नियमित पेंशन स्वीकृत की गई है। लाभ मिलने पर उषा सिंह ने डीएम सहित सभी अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

सुविधा — सड़क के बनने से बरजोर गंज, नहरिया, दरियागंज समेत एक दर्जन गांवों के लोगों को मिलेगी राहत

# कुशलगंज से भवनियापुर की पक्की सड़क का निर्माण शुरू

महराजगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** महराजगंज क्षेत्र के कुशलगंज-भवनियापुर को जाने वाले रास्ते पर पक्की सड़क का निर्माण मंडी परिषद के द्वारा शुरू हो गया है। कुशलगंज से भवनियापुर होते हुए महराजगंज शिवगढ़ मार्ग तक आने-जाने में अब लोगों को राहत मिलेगी।

बता दें कि गुरुवार को पक्की सड़क निर्माण के लिए पटरी भराई का काम शुरू होने पर कुशलगंज निवासी इन्द्रदेव शुक्ला, अलीपुर के रविराज सिंह, ने बताया इस सड़क के बनने से बरजोर गंज, नहरिया, दरियागंज समेत एक दर्जन गांवों के लोगों को राहत मिलेगी। स्थानीय निवासी श्रीराम शुक्ला, ओम प्रकाश शुक्ला, गयाबक्स सिंह, उदय भान सिंह, मनीष शुक्ला, प्रदीप, नितेश सिंह, शीतला प्रसाद, भगवान बक्स, जगन्नाथ, अयोध्या प्रसाद, आकाश रावत, उमेश यादव, सूरज पांडेय, मोहन आदि ने राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह का आभार व्यक्त किया। मंडी परिषद के जेई जेपी राव ने बताया कि एक किलोमीटर से अधिक लम्बी दूरी की सड़क बनाने के लिए लिए स्वीकृत मिली है। काम शुरू हो गया है। जल्द ही काम पूरा करा लिया जाएगा।

सड़क निर्माण शुरू होने से मौके पर मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

### सड़कों के नामकरण पर उठे सवाल सभासद ने जिलाधिकारी से की शिकायत

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद बोर्ड बैठक में सड़कों के नामकरण का विरोध शुरू हो गया है। नामित सभासद अजय सिंह ने डीएम को शिकायती पत्र देकर निरस्त किए जाने की मांग की है। नामित सभासद अजय सिंह ने बताया कि बोर्ड बैठक में एक प्रस्ताव सं0 9/7 पारित किया गया है, जिसमें एक मार्ग का नामकरण एक सभासद के पिता के नाम पर किये जाने का निर्णय लिया गया है, जोकि गलत है। उक्त प्रस्ताव में हितों की टकराव की स्थिति उत्पन्न होती हो रही है, क्योंकि सम्बन्धित सभासद ने अपने पारिवारिक नाम पर सार्वजनिक मार्ग का नामकरण कराया है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक सम्पत्तियों एवं मार्गो का नामकरण सामान्यतया जनहित एवं विशिष्ट एवं सामाजिक योगदान के आधार पर किया जाना चाहिए न कि व्यक्तिगत अथवा पारिवारिक हित में होना चाहिए। साथ ही उक्त निर्णय से नगर पालिका की निष्पक्षता एवं पारिदर्शिता पर प्रश्नचिन्ह उत्पन्न होता है। उन्होंने जांच कराकर प्रस्ताव को निरस्त करने की मांग की है।

## आधार-खतौनी में मिसमैच से धीमी पड़ी फार्मर रजिस्ट्री

**संग्रामपुर (अमेठी)।** विकासखंड संग्रामपुर क्षेत्र में आधार कार्ड और खतौनी (भूमि अभिलेख) में नाम व पिता के नाम की स्पेलिंग में अंतर के कारण फार्मर रजिस्ट्री का कार्य धीमी गति से चल रहा है। इस समस्या के चलते बड़ी संख्या में किसानों की रजिस्ट्री लंबित बनी हुई है। इसी क्रम में गुरुवार को पुन्नपुर और सरैया बड़गांव में खंड विकास अधिकारी आकांक्षा सिंह की अध्यक्षता में विशेष कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में कुल 25 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की गई, जिसमें पुन्नपुर में 10 तथा सरैया बड़गांव में 15 किसानों का पंजीकरण पूरा किया गया। खंड विकास अधिकारी आकांक्षा सिंह ने बताया कि कुल 15,247 फार्मर रजिस्ट्री का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### मेधावियों को किया गया सम्मानित

**रायबरेली, अमृत विचार।** निखत कम्प्यूटर संस्थान के ट्रिपल सी मेधावियों का प्रमाण-पत्र वितरण समारोह रतापुर शाखा में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में निखत कम्प्यूटर के शत प्रतिशत बच्चों न नवम्बर 2025 माह की सीसीसी परीक्षा को क्वालीफाई किया। जिसमें 51 बच्चों में 33 बच्चें पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित नि :शुल्क सीसीसी कोर्स कर रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि संदीप राव निदेशक एमआईपीएस, अमरेन्द्र सिंह निदेशक दस्तक इन्स्टीट्यूट व प्रवीण शुक्ल निदेशक गुरूकुल कम्प्यूटर इन्स्टीट्यूट, निखत कम्प्यूटर के डायरेक्टर मोहम्मद अयाज़ ने दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों ने सीसीसी के सभी मेधावियों का सम्मान किया। निखत कम्प्यूटर के डायरेक्टर मोहम्मद अयाज़ ने बताया कि सभी मेधावी सरकारी नौकरी में लिपिक, ग्राम पंचायत अधिकारी, लेखपाल सहित अन्य सरकारी पद के लिए योग्य हो गये है। संयोजक मोहम्मद अरशद ने सफलता का श्रेय अपनी पूरी टीम के अमरेश मौर्य, ज़मीर अहमद, मो. तल्हा, तरन्नुम, पवन सिंह, रमशा, रजनीकान्त शर्मा, शिवांशी मौर्य, मोहम्मद अर्श को देते हुए सभी को सम्मानित किया। इस मौके पर रिया साहू, श्रद्धा चौधरी, दरक्षा बानो, प्रशांत श्रीवास्तव, देवेन्द्र सिंह, नरेन्द्र यादव आदि उपस्थित रहे।

निखत कम्प्यूटर संस्थान में सम्मानित मेधावी।

# अमृत विचार

शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026

अगर आप किसी से प्यार करते हैं, तो उसे जाने दें।

–**खलील जिब्रान**, दार्शनिक



## महज रणनीतिक विराम

पश्चिम एशिया में ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच घोषित दो सप्ताह का युद्ध विराम पहली नजर में राहत देता है, परंतु इसके भीतर अस्थिरता की गहरी परतें छिपी हैं। सवाल यह नहीं कि युद्ध रुका है, बल्कि यह है कि क्या वास्तव में शांति की कोई ठोस जमीन तैयार हुई है। सबसे पहली बाधा भरोसे की है। डोनाल्ड ट्रंप के लगातार बदलते बयानों ने वार्ता की विश्वसनीयता को कमजोर किया है। जब एक पक्ष 'पूर्ण विनाश' की भाषा बोलता है और साथ ही वार्ता की भी बात करता है, तो कूटनीतिक प्रक्रिया पर स्वाभाविक रूप से संदेह पैदा होता है। ऐसे में यह मान लेना कठिन है कि अमेरिका ईरान की सभी शर्तों को स्वीकार करेगा—विशेषकर सैन्य उपस्थिति, प्रतिबंधों और परमाणु कार्यक्रम जैसे संवेदनशील मुद्दों पर। जमीनी स्थिति भी शांति के अनुकूल नहीं है।

संयुक्त अरब अमीरात द्वारा ईरान के अस्फहान और लबान द्वीप पर हमले इस संघर्ष के विस्तार का संकेत हैं। यदि क्षेत्रीय देश सीधे युद्ध में शामिल होते हैं, तो यह संघर्ष बहु-ध्रुवीय हो जाएगा, जिससे किसी भी युद्धविराम की प्रासंगिकता कम हो जाती है। इसी तरह इजराइल द्वारा लेबनान में कार्रवाई और उसके जवाब में ईरान की नाराजगी तथा होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने जैसे कदम स्थिति को और जटिल बनाते हैं। इस परिदृश्य में चीन की भूमिका निर्णायक बनती दिख रही है। ईरान द्वारा उसके कहने पर युद्धविराम स्वीकार करना इस बात का साफ संकेत है कि वैश्विक शक्ति संतुलन बदल रहा है। अमेरिका के लिए यह स्वीकार करना आसान नहीं होगा कि उसका पारंपरिक प्रभाव क्षेत्र अब किसी अन्य शक्ति के हस्तक्षेप से संचालित हो। सैन्य दृष्टि से भी स्थिति अस्थिर है। ईरान के पास अभी भी पर्याप्त मिसाइल क्षमता और लांचर मौजूद हैं, जिससे वह वार्ता की मेज पर आत्मविश्वास के साथ बैठ सकता है। दूसरी ओर, अमेरिका द्वारा 14 दिनों के बाद और भीषण हमलों की संभावित योजना का संकेत इस युद्धविराम को 'सशर्त विराम' बना देता है, जहां शांति असफल होते ही संघर्ष और तीव्र हो सकता है। जब तक गाजा और लेबनान में हमले जारी हैं, तब तक पूरे पश्चिम एशिया में स्थायी शांति की कल्पना अधूरी है। क्षेत्रीय संघर्ष एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं; एक मोर्चे पर शांति और दूसरे पर युद्ध लंबे समय तक साथ नहीं चल सकते। कूटनीतिक स्तर पर भी समाधान कठिन है। न तो ईरान होर्मुज पर नियंत्रण छोड़ेगा न अमेरिका अपने सैन्य ठिकानों को हटाएगा। ईरान द्वारा परमाणु कार्यक्रम रोकना और इजराइल द्वारा स्थायी युद्ध बंदी की सहमति भी कठिन है।

भारत के लिए यह स्थिति अत्यंत संवेदनशील है। ऊर्जा आपूर्ति, व्यापार और प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा सीधे इस क्षेत्र की स्थिरता से जुड़ी है, इसलिए भारत को संतुलित कूटनीति के साथ-साथ शांति प्रयासों का समर्थन करना होगा। कुल मिलाकर यह दो सप्ताह का युद्धविराम ज्यादा से ज्यादा 'रणनीतिक विराम' प्रतीत होता है, न कि स्थायी समाधान की दिशा में निर्णायक कदम। यदि मूल मुद्दों—सुरक्षा, प्रभुत्व और विश्वास का समाधान नहीं हुआ, तो यह शांति अस्थायी ही साबित होगी और क्षेत्र एक बार फिर संघर्ष की आग में झुलस सकता है।

### प्रसंगवश

## विकास और भीड़ के शोर में गुम मानवता

आदिमानव भोजन और आश्रय की तलाश में जंगलों की खाक छानते और कंदराओं में शरण लेते थे। समय बदला और भटकते हुए वही कदम आज आधुनिक महानगरों की कंक्रीट की गगनचुंबी इमारतों की दहलीज तक पहुंच चुके हैं। यदि विकास की इस लंबी और थका देने वाली यात्रा का हम संजीदगी से विश्लेषण करें, तो यह केवल प्रगति का पथ नहीं दिखता। यह मनुष्य की एक ऐसी बौद्धिक 'शरारत' भी प्रतीत होती है, जिसने अपनी अंतहीन आवश्यकताओं की आड़ में पूरी प्रकृति और दुनिया का मौलिक स्वरूप ही बदल डाला है।

प्रारंभिक दौर में मनुष्य की बुद्धि में जो इज़ाफ़ा हुआ, उसने उसे अस्तित्व की लड़ाई जीतने और प्रकृति की प्रतिकूलताओं से लड़ने की प्रेरणा दी। पहिए के आविष्कार से लेकर आग के नियंत्रण तक, सब कुछ मनुष्य की जिजीविषा का प्रमाण था, किंतु जैसे-जैसे विकास का पहिया तेज घूमा, मनुष्य को सुविधा और सत्ता का एक ऐसा घातक चस्का लग गया, जिसे छोड़ना अब उसके वश में नहीं रहा। परिवर्तन की यह प्रक्रिया इतनी सूक्ष्म और मंथर थी कि हमें यह बिल्कुल सामान्य लगने लगी। एक पीढ़ी ने अपनी बुद्धि से सुख-सुविधाओं के जो आलीशान तामझाम खड़े किए, अगली पीढ़ी के लिए वही 'अनिवार्य परंपरा' बन गए।

पवन साहू

विधि छात्र

इसी अंधानुकरण ने गांवों को कस्बों में और शहरों को उन मशीनी महानगरों में तब्दील कर दिया, जहां आज मानवता भीड़ के शोर में कहीं खो गई है। विकास का प्रकाश तो चारों ओर फैला, लेकिन इसी चकाचौंध के पीछे इंसानियत धर्मों, जातियों, संकीर्ण भाषाओं और कृत्रिम सीमाओं के अंधेरे में बंट गई। आदिमानव से आधुनिक मानव बनने के इस सफर में एक बहुत ही सूक्ष्म और खतरनाक मनोवैज्ञानिक 'शरारत' ने जन्म लिया सुरक्षा का भय। यहां एक बुनियादी सवाल खड़ा होता है कि आखिर मनुष्य को यह सुरक्षा किससे चाहिए? इसका जो कड़वा सत्य उभर कर आया, वह यह था कि मनुष्य को सबसे बड़ा खतरा स्वयं मनुष्य से ही है।

यही वह निर्णायक मोड़ था, जहां से सुरक्षा की आड़ में किए गए आविष्कारों का रुख सृजन से हटकर सर्वनाश की ओर मुड़ गया। सुरक्षा की मृगतृष्णा में भटकते मनुष्य ने पहले आत्मरक्षा के नाम पर पत्थर के औजार बनाए, फिर गोले-बारूद और अंततः घातक बंदूकें व विशाल तोपें ईजाद कीं। जब इतने से भी असुरक्षा का बोध कम नहीं हुआ, तो उसने मिसाइलें, रासायनिक हथियार और परमाणु ऊर्जा जैसी प्रलयंकारी शक्तियां हासिल कर लीं। विडंबना देखिए कि आज विश्व के तमाम राष्ट्र अपनी गाढ़ी कमाई और प्राकृतिक संसाधनों का एक बड़ा हिस्सा केवल इन्हीं विनाशकारी हथियारों के निर्माण और रखरखाव पर स्वाहा कर रहे हैं। जिस धन से गरीबी और बीमारी मिट सकती थी, उससे मौत का सामान खरीदा जा रहा है।

आज वैश्विक स्थिति यह है कि विकास का जो चमकीला मुखौटा हमने पहन रखा है, वह असल में पूरी मानव जाति के लिए अस्तित्व का संकट बन चुका है। विडंबना यह है कि जिसके पास जितने ज्यादा घातक हथियार हैं, वह सुरक्षित होने के बजाय एक 'विनाशकारी अहंकार' से भर गया है। यह अहंकार मनुष्य को मनुष्य के खिलाफ युद्ध के मैदान में खड़ा कर देता है। राष्ट्रवाद की संकीर्ण परिभाषाओं और सीमाओं के जटिल जाल में हम इस कदर उलझ गए हैं कि हमें सामने वाला व्यक्ति 'इंसान' नहीं, बल्कि केवल एक नंबर या 'दुश्मन' नजर आता है। यदि सुरक्षा के नाम पर हम अपनों का ही रक्त बहाने को तत्पर हैं, तो ऐसी सुरक्षा व्यवस्था को जड़ से उखाड़ फेंकना ही उचित है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# पुलिसकर्मियों को सजाए मौत तंत्र के लिए बड़ी चेतावनी

विवेक सक्सेना

अयोध्या

तमिलनाडु के सथानकुलम कस्टोडियल किलिंग मामले में मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै बेंच द्वारा नौ पुलिसकर्मियों को सुनाई गई मौत की सजा न केवल एक ऐतिहासिक फैसला है, बल्कि यह देश के कानून प्रवर्तन तंत्र के लिए एक कड़ी चेतावनी भी है। यह फैसला तब आया है, जब हिरासत में होने वाली मौतों को लेकर लंबे समय से पुलिस सुधार की मांग उठ रही है। दोनों के साथ पुलिस स्टेशन के भीतर जो बर्बरता की गई थी, उसने मानवता को शर्मसार कर दिया। रिपोर्ट्स के अनुसार कोविड काल के दौरान तमिलनाडु के तूतीकोरिन जिले के सथानकुलम में 19 जून 2020 को पुलिस ने लॉकडाउन के दौरान दुकान खुली रखने के आरोप में व्यापारी पी जयराज और उनके बेटे बेनिक्स को निर्धारित समय से अधिक समय तक मोबाइल फोन की दुकान खुली रखने के आरोप में हिरासत में लिया था।

बाद में यह आरोप झूठा साबित हुआ। दोनों को थाने ले जाया गया, जहां परिजनों के मुताबिक उनके साथ पूरी रात बुरी तरह मारपीट की गई। बाद में उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया, लेकिन 22 जून की रात बेनिक्स की और अगले दिन सुबह जयराज की मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे देश में आक्रोश फैल गया। मद्रास हाईकोर्ट ने मामले का संज्ञान लिया और जांच पहले राज्य की सीबी-सीआईडी को और बाद में सीबीआई को सौंप दी गई। जांच में पुलिसकर्मियों पर गंभीर आरोप लगे और कुल 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

करीब छह साल बाद मदुरै की अदालत (मद्रास हाईकोर्ट) ने इसे 'रेयरेस्ट ऑफ द रेयर' (दुर्लभतम) मामला मानते हुए छह अप्रैल 2026 को नौ पुलिसकर्मियों को फांसी की सजा दी है। कोर्ट ने माना कि दोनों को हिरासत में सुनियोजित (सोच-समझकर) तरीके से टॉर्चर किया गया था, इसलिए सख्त सजा जरूरी है। जांच के दौरान एक महिला कांस्टेबल की गवाही अहम रही, जिसने बताया कि थाने में रातभर पिटाई हुई थी और वहां खून के निशान भी थे, हालांकि थाने का सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित नहीं रखा गया, जिससे कुछ सबूत नहीं मिल सके।

अदालत ने यह भी कहा कि यह मामला सत्ता के गलत इस्तेमाल का गंभीर उदाहरण है, लेकिन इससे पूरी पुलिस व्यवस्था पर सवाल नहीं उठाया जाना चाहिए। अदालत ने इसे ऐसा मामला बताया, जिसने एक पूरे परिवार को तबाह कर दिया और साफ तौर पर सत्ता के गलत इस्तेमाल को दिखाता है। कोर्ट ने यह भी माना कि राज्य में कई ईमानदार पुलिसकर्मी भी हैं, लेकिन ऐसे गंभीर मामलों में सिर्फ उम्रकैद जैसी सजा से पुलिस के भीतर जरूरी डर नहीं बनेगा।

अदालत ने इस मामले में इंस्पेक्टर श्रीधर समेत नौ दोषियों को बेहद सख्त सजा सुनाई है। सभी को 'डबल डेथ सेंटेंस' यानी दो बार फांसी की सजा दी गई है। इसके साथ ही अलग-अलग धाराओं में एक साल से लेकर सात साल तक की जेल और कुल मिलाकर करीब 76.38 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जी मुथुकुमारन ने इसे दुर्लभतम मामला बताया। उन्होंने सजा सुनाते हुए कहा कि जनता की रक्षा का जिम्मा संभालने वालों ने ऐसा अपराध किया है, जिसने समाज की सामूहिक अंतरात्मा को झकझोर दिया है।

जज मुथुकुमारन ने कहा, यदि आम नागरिक ने यह अपराध किया होता, तो सामान्य सजा दी जा सकती थी, लेकिन अपराध पुलिस ने किया है, इसलिए साधारण सजा नहीं दी जा सकती। अदालत ने कहा कि यह हिरासत में हिंसा का स्पष्ट उदाहरण है।

यह फैसला एक गहरी व्यवस्थागत समस्या को रेखांकित करता है। भारत में हिरासत में होने वाली मौतें कोई नई बात नहीं हैं; प्रतिवर्ष सैकड़ों मौतें होती हैं। सुप्रीम कोर्ट के बार-बार के निर्देशों के बावजूद पुलिस बर्बरता जारी है, जो दर्शाता है कि पुलिस सुधार केवल कागजों पर हो रहे हैं। यह फैसला पुलिस प्रणाली में जवाबदेही और पारदर्शिता की तत्काल आवश्यकता पर जोर देता है। जो कानून के रक्षकों द्वारा भक्षक बनने पर कड़ी प्रतिक्रिया है। यह फैसला स्पष्ट करता है कि वर्दी का मतलब कानून से ऊपर होना नहीं है। जब कानून के रखवाले ही कानून को तोड़ते हैं, तो यह सीधे तौर पर संवैधानिक मूल्यों और मानवाधिकारों पर हमला है।

यह फैसला पुलिस विभाग के लिए एक चेतावनी है। सवाल यह है कि क्या पुलिस का काम लोगों की रक्षा करना है या उन्हें प्रताड़ित करना? कोविड नियमों के उल्लंघन के झूठे आरोप में निर्दोष लोगों को हिरासत में लेकर बेरहमी से पीटकर मार डालना, वर्दी के अहंकार की पराकाष्ठा है। इस तरह की घटनाएं जनता और पुलिस के बीच भरोसे को खत्म करती हैं, हालांकि कुछ लोग मौत की सजा के खिलाफ हैं और इसे 'मानवीय' नहीं मानते, लेकिन जब पुलिस की बर्बरता की सीमा पार हो जाती है, तो ऐसे मामलों में सख्त सजा ही एकमात्र रास्ता बचती है। जैसा कि पीड़ित परिवारों ने कहा, 'हमारे जैसा दर्द कोई दूसरा न झेले'। यह फैसला निश्चित रूप से पुलिस की मनमानी पर अंकुश लगाएगा और भविष्य में कस्टोडियल टॉर्चर को कम करने में मदद करेगा।

सथानकुलम मामला एक काले अध्याय की तरह याद रखा जाएगा, लेकिन इसका फैसला न्यायपालिका की सर्वोच्चता और कानून के शासन में जनता के भरोसे को बहाल करने का काम करता है। अब समय आ गया है कि पुलिस को एक 'बल' से 'सेवा' में बदलने की प्रक्रिया तेज की जाए, ताकि दोबारा किसी 'जयराज' या 'बेनिक्स' को अपनी जान न गंवानी पड़े। सजा-ए-मौत से डर तो पैदा होगा, लेकिन असली न्याय तभी होगा जब पुलिस हिरासत में किसी की मौत की कल्पना भी न की जा सके। यह ऐतिहासिक फैसला न्याय की जीत है। अब जिम्मेदारी है कि निचली अदालत के इस फैसले को उच्च न्यायालयों में भी कायम रखा जाए और मामले को जल्द से जल्द तार्किक अंत तक पहुंचाया जाए।

मदुरै बेंच द्वारा नौ पुलिसकर्मियों को सुनाई मौत की सजा ऐतिहासिक फैसला है। यह फैसला तब आया है, जब हिरासत में होने वाली मौतों को लेकर लंबे समय से पुलिस सुधार की मांग उठ रही है।

### आमने

ईरान अब शांति चाहता है और बाकी दुनिया भी यही चाहती है। अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़े दबाव को संभालने में मदद करेगा और क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। अमेरिका अपने ज्यादातर सैन्य लक्ष्य हासिल कर चुका है और अब स्थायी शांति के लिए बातचीत आगे बढ़ाई जाएगी।

–**डोनाल्ड ट्रंप**
अमेरिकी राष्ट्रपति

### सामने

ईरान पर हमले बंद रहते हैं, तो हमारी सेना भी कार्रवाई रोक देगी। अगले दो हफ्तों तक होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही सुरक्षित तरीके से जारी रहेगी। यह युद्ध विराम बातचीत का रास्ता खोलने के लिए है और आने वाले समय में इसे स्थायी समझौते में बदला जा सकता है।

–**अब्बास अराघची**
विदेश मंत्री, ईरान

# नल में जल बनाम कागजों पर राहत

पंकज चतुर्वेदी

वरिष्ठ पत्रकार

भारत दुनिया की लगभग 18% आबादी का घर है, लेकिन हमारे पास वैश्विक मीठे पानी का केवल 4% हिस्सा ही उपलब्ध है। यह असंतुलन ही देश में जल संकट की बुनियादी जड़ है। नीति आयोग की हालिया रिपोर्टों के अनुसार, लगभग 60 करोड़ भारतीय उच्च से अत्यधिक जल तनाव का सामना कर रहे हैं। भारत जब आज दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का दावा कर रहा है, तब एक बुनियादी सवाल देश के विकास के दावों को चुनौती दे रहा है- क्या हम अपने नागरिकों को एक गिलास शुद्ध पानी देने में सक्षम हैं?

इस साल के एक फरवरी 2026 को पेश किए गए केंद्रीय बजट में जल शक्ति मंत्रालय के लिए 67,600 करोड़ का आवंटन कर सरकार ने अपनी मंशा तो साफ कर दी है, लेकिन धरातल की हकीकत बजट के इन चमकदार आंकड़ों से कहीं अधिक भयावह है। जल जीवन मिशन और 'अमृत' जैसे प्रोजेक्ट्स के पिछले सात वर्षों के सफर को देखें, तो यह स्पष्ट होता है कि व्यवस्था ने केवल पाइप बिछाने की गति को ही सफलता मान लिया, जबकि पानी की शुद्धता और उसकी निरंतरता को हाशिए पर धकेल दिया गया। 2025-26 के बीच भारत के शहरी और ग्रामीण इलाकों में दूषित पानी ने जो तांडव मचाया है, वह किसी भी आधुनिक राष्ट्र के लिए शर्मसार करने वाला है। दिसंबर 25 से जनवरी 26 के पहले सप्ताह के बीच ही देश के 26 प्रमुख शहरों में सीवेज मिश्रित पानी पीने से 5,500 से अधिक लोग बीमार हुए और कम से कम 34 की मौत हो गई।

इंदौर, जिसे भारत का सबसे स्वच्छ शहर होने का गौरव प्राप्त है, वहां की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया था। दिसंबर 2025 के अंतिम सप्ताह में इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में पाइपलाइन में सीवेज का पानी मिलने से 37 लोगों की मौत हो गई और 1,400 से अधिक लोग अस्पताल पहुंच गए। इसी तरह, जनवरी 2026 की शुरुआत में बेंगलुरु के पॉश इलाकों और गांधीनगर (गुजरात) में सैकड़ों बच्चे दूषित पानी के कारण टाइफाइड और डायरिया का शिकार हुए। ये घटनाएं केवल मानसून की समस्या नहीं हैं, बल्कि यह एक 'सदाबहार शहरी संकट' बन चुका है।

अगस्त 2019 में जब 'जल जीवन मिशन' शुरू हुआ, तब लक्ष्य था 2024 तक हर घर को नल से जोड़ना। सरकारी पोर्टल के अनुसार, जनवरी 2026 तक देश के लगभग 81.5% ग्रामीण घरों (करीब 15.8 करोड़ घर) में नल लग चुके हैं, लेकिन इस 'संख्यात्मक सफलता' के पीछे एक बड़ा ढांचागत दोष है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के 79वें दौर के आंकड़ों के अनुसार, पाइपलाइन कवरेज के बावजूद केवल 39% ग्रामीण घर ही नल के पानी को अपने प्राथमिक स्रोत के रूप में उपयोग कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में यह उपयोग दर 10% से 30% के बीच है।

इस विफलता के कारणों की सूची लंबी है, लेकिन देश में सर्वाधिक देखा गया कि हजारों गांवों में पाइप और नल तो लगे हैं, लेकिन पानी का दबाव इतना कम है कि वह अंतिम घर तक नहीं पहुंचता। कई स्थानों पर तो नल केवल 'शोपीस' बनकर रह गए हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के पहाड़ी क्षेत्रों के 60% जल स्रोत सूख चुके हैं। मैदानी इलाकों में भूजल का स्तर इतनी तेजी से गिर रहा है कि नलों के लिए पानी का कोई स्थायी स्रोत ही नहीं बचा है। ठेकेदारी प्रथा और जवाबदेही की कमी के कारण पाइप लाइनें बिछाने के कुछ महीनों बाद ही फटने लगी हैं। सबसे भयानक है कि भारत दुनिया में भूजल का सबसे बड़ा उपयोगकर्ता है।

पंजाब, हरियाणा और राजस्थान जैसे राज्यों में भूजल का स्तर खतरनाक रूप से नीचे गिर गया है। कृषि में 'वाटर गज़लर' फसलों (जैसे धान और गन्ना) के लिए अंधाधुंध पंपिंग ने जलभृतों (एक्वाफर्स) को सुखा दिया है। इन कारणों से पानी की गुणवत्ता में गिरावट आ रही है । केवल पानी की कमी नहीं है, बल्कि उपलब्ध पानी की गुणवत्ता भी गिर रही है। लगभग 70% सतही जल प्रदूषित है। भूजल में आर्सेनिक, फ्लोराइड और यूरेनियम की बढ़ती मात्रा 'कैंसर बेल्ट' जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दे रही है।

गांवों से पलायन व शहरों का अनियोजित विकास, सरकार द्वारा तैयार मूलभूत संरचना पर आवश्यकता से अधिक बोझ ने महानगरों को पानी के लिए कंगाल बना दिया है। दिल्ली, बेंगलुरु और चेन्नई जैसे महानगरों में पाइपलाइन लीकेज और सीवेज मिक्सिंग एक आम समस्या बन गई है। 2026 की शुरुआत में ही कई शहरों में दूषित पानी के कारण बीमारियां और मौतें दर्ज की गई हैं। सरकार द्वारा शहरी क्षेत्रों के लिए शुरू की गई 'अमृत 2.0' का लक्ष्य शहरों को 'वॉटर सिक्योर' बनाना था, लेकिन संसदीय स्थायी समिति की दिसंबर 25 की रिपोर्ट के अनुसार, शहरी भारत में अभी भी 30-70% पानी 'नॉन-रेवेन्यू वॉटर' के रूप में बर्बाद हो जाता है, जो मुख्य रूप से पाइपलाइनों के रिसाव के कारण होता है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

बजट में जल शक्ति मंत्रालय के लिए 67,600 करोड़ देकर सरकार ने अपनी मंशा साफ कर दी है, लेकिन धरातल की हकीकत बजट के इन चमकदार आंकड़ों से कहीं अधिक भयावह है।

### सोशल फोरम

## हीरोइन के कत्ल की दास्तां

मौजूदा पीढ़ी के लोगों को इस बात पर हैरानी हो सकती है कि फिल्म अभिनेत्री प्रिया राजवंश का क़त्ल हुए कोई 26 साल बीत चुके हैं। मुंबई पुलिस इस मामले में अपनी तफ़्तीश पूरी कर चुकी है। निचली अदालत मुक़दमे की सुनवाई पूरी करके दोषियों को सज़ा भी सुना चुकी है, लेकिन मामला अब ऊपरी अदालत में है, और वहां पड़ रही हैं, तारीख़ पर तारीख़...!

पंकज शुक्ला

फिल्म ब्लॉगर

ये क़िस्सा ऐसा है कि जब पहली बार ये सामने आया तो इसने पूरी फ़िल्म इंडस्ट्री को ही नहीं बल्कि देश-दुनिया को हिलाकर रख दिया। अपने ज़माने की एक बेहद ख़ूबसूरत हसीना अपने बंगले में बेजान पाई गई। पुलिस ने जांचा परखा तो मामला मर्डर का निकला। तफ्तीश हुई, मुक़दमा चला, जिरह हुई और फिर हुई उम्रक़ैद ऐसे चार लोगों को, जिनमें दो पर इन मोहतरमा की देखरेख की जिम्मेदारी थी और दो थे, इनके पार्टनर के बेटे।

'हीर रांझा', 'हंसते ज़ख्म' जैसी सुपर-डुपर हिट फ़िल्मों की हीरोइन रहीं प्रिया राजवंश का करियर भले ही छोटा रहा हो, लेकिन प्रिया राजवंश की ज़िंदगी यूं लगता है कि जैसे किसी जासूसी उपन्यास का क़िस्सा है। उनका जन्म आज के पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के झेलम में हुआ। घर वालों ने नाम रखा वीरा सुंदर सिंह। वीरा सुंदर सिंह को प्रिया राजवंश नाम दिया मशहूर निर्माता-निर्देशक चेतन आनंद ने। अभिनेता देव आनंद के भाई चेतन आनंद को अपनी फ़िल्म के लिए एक नई हीरोइन की तलाश थी। उन्होंने वीरा को अपनी फ़िल्म 'हक़ीक़त' के लिए साइन कर लिया।

चेतन का प्रिया के साथ बहुत गहरा रिश्ता रहा। प्रिया ने अपनी सभी फ़िल्में चेतन आनंद के निर्देशन में ही कीं। प्रिया राजवंश और चेतन आनंद ने कभी शादी तो नहीं की, लेकिन ये दोनों साथ ही रहते थे। चेतन अपनी पत्नी उमा से अलग हो गए थे। चेतन, प्रिया से लगभग 20 साल बड़े थे। 1997 में चेतन के गुज़र जाने के बाद प्रिया पूरी तरह टूट चुकी थीं। 27 मार्च 2000 को चेतन के जुहू बंगले में प्रिया का शव पाया गया। मुंबई पुलिस के मुताबिक़, उनकी हत्या की गई थी। पुलिस ने उनकी हत्या के जुर्म में चेतन के बेटे केतन और विवेक आनंद को दो नौकरों माला चौधरी और अशोक चिन्नास्वामी के साथ गिरफ्तार भी किया। प्रिया की हत्या की वजह चेतन की वसीयत बताई गई। प्रिया के लिखे नोट्स और पत्रों को अदालत में सबूत के तौर पर पेश किया गया। इसके बाद चारों दोषियों को उम्र कैद की सजा सुनाई गई। बाद में सभी हत्याभियुक्तों को ज़मानत मिल गई और मामला फिर से वहीं का वहीं रह गया। –**फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## भेदभावपूर्ण समाज को जन्म देता है दोहरा दृष्टिकोण

भारत के शहरों में अतिक्रमण कोई नई समस्या नहीं है, लेकिन जिस तरह से इस पर कार्रवाई की जाती है, वह एक बड़े सामाजिक और प्रशासनिक असंतुलन की ओर इशारा करती है। हर कुछ दिनों में खबरें आती है कि कहीं झुग्गियां तोड़ी गईं, कहीं रेहड़ी-पटरी वालों को हटाया गया, कहीं फुटपाथ खाली कराए गए। यह सब कानून के दायरे में उचित भी हो सकता है, क्योंकि सार्वजनिक स्थानों पर अवैध कब्जा किसी भी शहर के सुव्यवस्थित विकास में बाधा बनता है, लेकिन असली सवाल यह है कि क्या अतिक्रमण केवल उन्हीं तक सीमित है, जिनकी आवाज़ सबसे कमजोर है?

हम ईमानदारी से अपने शहरों को देखें, तो पाएंगे कि अतिक्रमण का दायरा कहीं अधिक व्यापक है। बड़े-बड़े मॉल और कॉम्प्लेक्स अपने पार्किंग क्षेत्र से बाहर सड़कों तक वाहनों की कतारें फैला देते हैं। अस्पतालों के बाहर एंबुलेंस और निजी वाहनों का ऐसा जमावड़ा होता है कि सड़कें संकरी पड़ जाती हैं। दुकानों का सामान सड़क तक फैल जाता है, जिससे पैदल चलने वालों के लिए जगह ही नहीं बचती, लेकिन इन पर कार्रवाई या तो बहुत कम होती है या फिर केवल दिखावे के लिए की जाती है। जब बात रेहड़ी-पटरी वालों या झोपड़ियों की आती है, तो कार्रवाई तेज, सख्त और अक्सर निर्दयी हो जाती है।

डॉ. सत्यवान सौरभ

शिक्षक

यह स्थिति केवल प्रशासनिक अक्षमता का परिणाम नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज के भीतर मौजूद वर्गीय असमानता को भी उजागर करती है। कानून का उद्देश्य सभी के लिए समान होना चाहिए, लेकिन व्यवहार में यह अक्सर कमजोरों पर ही अधिक कठोरता से लागू होता है। जब गरीब की झोपड़ी तोड़ी जाती है, तो वह केवल एक ढांचा नहीं टूटता, बल्कि उसके जीवनयापन का आधार भी छिन जाता है। वहीं, जब किसी बड़े प्रतिष्ठान द्वारा सड़क पर अतिक्रमण किया जाता है, तो उसे 'व्यवसायिक आवश्यकता' या 'सुविधा' के नाम पर नजरअंदाज कर दिया जाता है।

अतिक्रमण के इस असमान दृष्टिकोण का एक और पहलू प्रशासनिक लापरवाही भी है। शहरों की सड़कों के बीचोंबीच खड़े बिजली के खंभे और ट्रांसफॉर्मर अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। ये न केवल यातायात को बाधित करते हैं, बल्कि कई बार जानलेवा भी साबित होते हैं। इसके बावजूद इन्हें हटाने या व्यवस्थित करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जाते। यह एक ऐसा अतिक्रमण है, जो स्वयं व्यवस्था द्वारा किया गया है, लेकिन इसकी जिम्मेदारी तय करने से बचा जाता है।

शहरों के सेक्टरों और कॉलोनियों में लोगों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा करना भी आम है। जाली और फेंसिंग लगाकर पार्कों, गलियों और खाली स्थानों को निजी संपत्ति की तरह उपयोग किया जाता है। यह धीरे-धीरे एक सामान्य प्रथा बन जाती है, क्योंकि इस पर समय रहते कोई कार्रवाई नहीं होती। परिणामस्वरूप, शहरों का नियोजित ढांचा बिगड़ता जाता है और सार्वजनिक स्थान सिमटते जाते हैं।

शहरी यातायात की समस्या को देखते हुए यह भी स्पष्ट है कि केवल अतिक्रमण हटाने से समाधान नहीं निकलेगा। बुनियादी ढांचे में सुधार भी उतना ही आवश्यक है। दिल्ली रोड जैसे व्यस्त मार्गों पर यदि हर चौराहे पर लेफ्ट टर्न के लिए स्लिप रोड बनाई जाए, तो यातायात का दबाव काफी हद तक कम हो सकता है। इसी तरह, उचित पार्किंग व्यवस्था, फुटपाथों का विकास और ट्रैफिक प्रबंधन के आधुनिक उपाय भी जरूरी हैं, लेकिन इन दीर्घकालिक समाधानों पर ध्यान देने के बजाय अक्सर तात्कालिक और दृश्यात्मक कार्रवाइयों को प्राथमिकता दी जाती है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 25/16-ए, जापलिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## खोज

# ऐसे हुआ रिवाल्वर का आविष्कार

रिवाल्वर के आविष्कार की कहानी आधुनिक हथियारों के विकास में एक महत्वपूर्ण मोड़ मानी जाती है। 19 वीं सदी से पहले आग्नेयास्त्रों में एक बड़ी समस्या यह थी कि हर बार गोली चलाने के बाद उन्हें फिर से लोड करना पड़ता था, जिससे समय लगता था और युद्ध के दौरान यह असुविधाजनक होता था।

इस समस्या का समाधान सैमुएल कोल्ट ने निकाला। उन्होंने 1830 के दशक में रिवाल्वर का डिजाइन तैयार किया, जिसमें एक घूर्णनशील सिलेंडर (cylinder) होता था। इस सिलेंडर में कई गोलियां एक साथ भरी जा सकती थीं, जिससे बिना बार-बार लोड किए लगातार फायर करना संभव हो गया। 1836 में उन्हें अपने इस आविष्कार का पेटेंट मिला और यही आधुनिक रिवाल्वर की शुरुआत थी। कहा जाता है कि सैमुअल कोल्ट को यह विचार एक जहाज यात्रा के दौरान आया, जब उन्होंने जहाज के पहिए (wheel) की घूर्णन प्रणाली को देखा। उसी सिद्धांत को उन्होंने हथियार में लागू किया। उनका बनाया रिवाल्वर जल्द ही लोकप्रिय हो गया, खासकर सेना और कानून-व्यवस्था से जुड़े लोगों के बीच।

समय के साथ रिवाल्वर में कई सुधार हुए, जैसे बेहतर मैकेनिज्म, अधिक सुरक्षित डिजाइन और शक्तिशाली कारतूस। यह हथियार अमेरिका के "वाइल्ड वेस्ट" दौर का प्रतीक भी बन गया और कई ऐतिहासिक घटनाओं में इसका उपयोग हुआ। इस प्रकार, रिवाल्वर का आविष्कार न केवल तकनीकी नवाचार था, बल्कि इसने युद्ध और सुरक्षा के तरीकों को भी पूरी तरह बदल दिया।

### वैज्ञानिक के बारे में

सैमुअल कोल्ट का जन्म 19 जुलाई 1814 को हार्टफोर्ड में हुआ था। बचपन से ही उनमें आविष्कार की गहरी रुचि थी और वे रसायन तथा यांत्रिकी के प्रयोगों में लगे रहते थे। कोल्ट का निजी जीवन उतार-चढ़ाव से भरा रहा। शुरुआती असफलताओं और आर्थिक संकटों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। 1856 में उन्होंने Elizabeth Jarvis Colt से विवाह किया, जो उनके जीवन में स्थिरता लेकर आईं। दंपति के कई बच्चे हुए, हालांकि अधिकांश शैशव अवस्था में ही गुजर गए, जो उनके जीवन का दुखद पक्ष था। अपने जीवनकाल में कोल्ट एक सफल उद्योगपति बने और उन्होंने समाजसेवा में भी योगदान दिया। 1862 में मात्र 47 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया, लेकिन वे अपने आविष्कारों के कारण आज भी याद किए जाते हैं।

प्रकृति की प्रयोगशाला का वह बेजोड़ पक्षी, जो अपनी चोंच से घोंसले की तपिश मापता है और अंडों को सेने के लिए देह की गर्मी नहीं, बल्कि वनस्पतियों की जैविक ऊर्जा का उपयोग करता है। कभी सुनामी के संकट से तो कभी 'विकास' की दौड़ से, कैसे अपनी ही जमीन पर बेगाना-सा हो रहा है निकोबारी मेगापोड? 2026 के नवीनतम शोध में मात्र 4.5 प्रतिशत रह गए पर्यावास में अस्तित्व की आखिरी जंग लड़ती इस दुर्लभ विरासत की विशेष पड़ताल।

# निकोबारी मेगापोड
## विकास में विलुप्त होती विरासत

कल्पना कीजिए एक ऐसे पक्षी की जिसे किसी द्वीप के तटवर्ती जिले ने अपनी लोकतांत्रिक पहचान चुनाव शुभंकर के रूप में चुना हो, ताकि मतदाता जागरूक हों और मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जा सके, लेकिन विडंबना यह है कि जिस जीव को हमने लोकतंत्र का प्रतीक बनाया उसका अपना अस्तित्व ही आज विकास और विनाश के बीच झूल रहा है। यह कहानी है अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के एक अनोखे, शर्मीले लेकिन अद्भुत इंजीनियर निकोबारी मेगापोड की इसे 2024 के लोकसभा चुनावों में निकोबार के लिए चुनावी शुभंकर बनाया गया था।

डॉ. कैलाश चन्द सैनी
वन्यजीव लेखक, जयपुर

### प्राकृतिक हीटर और मिट्टी के महल

'मेगापोड' का अर्थ है - बड़े पैरों वाला, लेकिन इसकी असली पहचान इसके पैर नहीं, बल्कि असाधारण इंजीनियरिंग क्षमता है। यह पक्षी अन्य पक्षियों की तरह अंडों को सेने के लिए उन पर नहीं बैठता। एक जोड़ा मिलकर लगभग 4 से 5 मीटर व्यास और 2 मीटर तक ऊंचे टीले का निर्माण करता है, जो रेत, मिट्टी और सूखी पत्तियों का एक विशाल टीला होता है। सूखी पत्तियों के अपघटन (सड़ने) से उत्पन्न ऊष्मा ही इसके अंडों को सेने का काम करती है। यह व्यवहार इसे दुनिया के अन्य पक्षियों से बिल्कुल अलग और विशेष बनाता है। निकोबार के आदिवासी इसे 'कुआउ' के नाम से भी पुकारते हैं। इसका टीलेनुमा घोंसला ही एक तरह का प्राकृतिक इनक्यूबेटर है। अंडों के विकास के लिए टीले के अंदर का तापमान 32 से 34 डिग्री सेल्सियस के बीच होना आवश्यक है। जरा-सी भी ऊंच-नीच अंडों को नष्ट कर सकती है। यहां नर मेगापोड दिन में कई बार अपनी चोंच को टीले की गहराई में डालकर तापमान की जांच करता है। उसकी चोंच में मौजूद तंत्रिकाएं एक डिजिटल थर्मामीटर से भी अधिक सटीक होती हैं। तापमान बढ़ने पर वह टीले की ऊपरी परत हटाकर गर्मी बाहर निकाल देता है। तापमान कम होने पर अधिक गीली पत्तियां और मिट्टी ऊपर चढ़ा देता है। तापमान का यह संतुलन बनाए रखना किसी चमत्कार से कम नहीं है।

### 2026 का वैज्ञानिक सच

वन्यजीव संस्थान के 2026 के नवीनतम शोध इस पक्षी के भविष्य को लेकर गंभीर चेतावनी देते हैं:

- **सीमित आवास:** निकोबार द्वीप समूह के कुल क्षेत्रफल का मात्र 4.5 प्रतिशत (लगभग 79.30 वर्ग किमी) क्षेत्र ही इसके पर्यावास के लिए उपयुक्त बचा है।
- **समुद्र पर निर्भरता:** इसके 97 प्रतिशत घोंसले (टीले) समुद्र तट से मात्र 100 मीटर के भीतर पाए जाते हैं।
- **मुख्य आश्रय:** ग्रेट निकोबार द्वीप इसका सबसे बड़ा गढ़ है, जहां लगभग 31.39 वर्ग किमी उपयुक्त क्षेत्र मौजूद है। ये आंकड़े इस ओर संकेत देते हैं कि इसका अस्तित्व एक बेहद संकीर्ण भौगोलिक दायरे में सिमट चुका है।

### सुपर-कमांडो चूजों की अद्भुत आत्मनिर्भरता

मेगापोड के चूजे पक्षी जगत में जिजीविषा के अनोखे जीव माने जाते हैं। अंडे से निकलने के बाद वे टीले की गहराई में दबे होते हैं और उन्हें बाहर निकलने के लिए स्वयं ही रास्ता खोदना पड़ता है। ये 'सुपर-प्रिकॉशियल' होते हैं अर्थात जन्म के तुरंत बाद पूरी तरह आत्मनिर्भर। इन्हें न तो माता-पिता की देखरेख की जरूरत होती है और न ही ही किसी शिक्षण-प्रशिक्षण की। ये चूजे 24 घंटे के भीतर उड़ने और भोजन खोजने में सक्षम हो जाते हैं।

### सुनामी की मार और विकास का दबाव

2004 की विनाशकारी सुनामी ने इस पक्षी प्रजाति को गहरा आघात पहुंचाया, जिससे इसकी आबादी में 71 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई। हालांकि प्रकृति के इस प्रहार से उबरने की कोशिशें जारी थीं, लेकिन अब मानव-निर्मित विकास परियोजनाएं ही इसके लिए एक नए संकट के रूप में सामने आई हैं। पत्रिका फ्रंटलाइन की एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रस्तावित निर्माण कार्यों के चलते इस पक्षी के लगभग 80 प्रतिशत प्रजनन स्थल खतरे में हैं। इसके अलावा, द्वीपों पर मनुष्यों द्वारा पाले गए कुत्तों, बिल्लियों और सूअरों ने इनके अंडों और चूजों को भारी नुकसान पहुंचाया है। सड़क निर्माण और तटीय विकास के कारण इनके प्राकृतिक आवास सिमटते जा रहे हैं। मानवीय हस्तक्षेप का इतना व्यापक असर हो रहा है कि यह पक्षी कार निकोबार और चौरा द्वीप जैसे क्षेत्रों से लगभग विलुप्त हो चुका है।

### नीति के साथ ही नीयत भी

यह पक्षी हमें सिखाता है कि प्रकृति में ऊर्जा के कैसे-कैसे स्रोत छिपे हैं। निकोबारी मेगापोड केवल एक पक्षी नहीं, बल्कि एक चलता-फिरता इकोसिस्टम है। इसके द्वारा बनाए गए टीलों का उपयोग अक्सर अन्य जीव भी अपने लाभ के लिए करते हैं। इसे बचाना केवल एक प्रजाति को बचाना नहीं, बल्कि निकोबार की प्राचीन प्राकृतिक विरासत को बचाना है। निकोबारी मेगापोड केवल एक पक्षी नहीं, बल्कि द्वीपों की पारिस्थितिकी और सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग है। सरकार ने इसे वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत उच्चतम सुरक्षा प्रदान की है, लेकिन इसकी संकटग्रस्त स्थिति को देखते हुए इसकी कागजी सुरक्षा पर्याप्त नहीं है। इसका वास्तविक संरक्षण तभी संभव है, जब विकास योजनाओं में पारिस्थितिक संवेदनशीलता को केंद्र में रखा जाए और स्थानीय जैव-विविधता को प्राथमिकता दी जाए।

### लोकतंत्र की असली परीक्षा

आज विकास का एक ऐसा मॉडल चुना जाना चाहिए, जिसमें प्रकृति और प्रगति साथ-साथ चल सकें। यदि हम इस 'चुनावी शुभंकर' को बचाने में सफल होते हैं, तो यह केवल एक प्रजाति का संरक्षण नहीं, बल्कि यह हमारी वैज्ञानिक समझ, पर्यावरणीय जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक परिपक्वता की सच्ची और सार्थक जीत होगी।

## वाइल्ड लाइफ

# तराई की समृद्ध जैव विविधता: एक उभरता वैश्विक केंद्र

उत्तर भारत का तराई क्षेत्र देश के सबसे जीवंत वन्यजीव परिदृश्यों में से एक के रूप में तेजी से उभर रहा है। अपने घने जंगलों, विशाल घास के मैदानों और समृद्ध नदी पारिस्थितिकी तंत्र के लिए मशहूर पीलीभीत टाइगर रिजर्व और दुधवा नेशनल पार्क जैसे गंतव्य अब दुनियाभर के वन्यजीव प्रेमियों को आकर्षित कर रहे हैं। इस बढ़ती पहचान का एक बड़ा श्रेय वन्यजीव फोटोग्राफर अनूप रोहेरा द्वारा उनके प्लेटफॉर्म @UnWildIndia के माध्यम से की जा रही जमीनी स्तर की निरंतर 'स्टोरीटेलिंग' (किस्सागोई) को जाता है। वर्षों से उनके काम ने तराई की प्राकृतिक सुंदरता और जैव विविधता को उजागर किया है, जिससे स्विट्जरलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम जैसे देशों के अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को इन परिदृश्यों को देखने के लिए आने में मदद मिली है। उनके दृश्यात्मक वृत्तांतों ने तराई को वैश्विक वन्यजीव मानचित्र पर स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

अनूप रोहेरा
वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर

भारत के भीतर भी इस क्षेत्र के प्रति रुचि में भारी उछाल देखा गया है। देशभर के वन्यजीव फोटोग्राफर और प्रकृति प्रेमी यहां की यात्राओं की योजना बना रहे हैं। प्रामाणिक और सूचनात्मक डिजिटल कंटेंट के प्रभाव ने जिम्मेदार पर्यटन और प्रकृति के साथ गहरे जुड़ाव को प्रोत्साहित किया है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व, दुधवा टाइगर रिजर्व, किशनपुर वन्यजीव अभयारण्य और कतरनियाघाट वन्यजीव अभयारण्य से 'अनवाइल्ड इंडिया' (UnWild India) द्वारा बनाई गई वन्यजीव फिल्मों और दृश्यात्मक कहानियों को व्यापक लोकप्रियता मिल रही है। ये परिदृश्य, जो कभी कम जाने जाते थे, अब अपनी अविश्वसनीय जैव विविधता के लिए पहचाने जाते हैं, जिनमें बाघ, तेंदुए, गैंडे, सुस्त भालू (स्लॉथ बीयर), हाथी और सैकड़ों प्रवासी पक्षी शामिल हैं।

उत्तर प्रदेश पर्यटन द्वारा ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के प्रयासों और उत्तर प्रदेश वन विभाग के संरक्षण के निरंतर कार्यों ने इस विकास को और मजबूती दी है। इन साझा प्रयासों ने बाघों की आबादी बढ़ाने और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में योगदान दिया है। आज, तराई इस बात का एक सशक्त उदाहरण है कि कैसे कहानी सुनाने की कला (स्टोरीटेलिंग), संरक्षण और जिम्मेदार पर्यटन मिलकर किसी क्षेत्र की पहचान को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर बदल सकते हैं।

# इंसान के भीतर छिपे दूसरे जीवों के जीन का रहस्य

## रोचक फैक्ट

मनुष्य स्वयं को पृथ्वी की सबसे विकसित और श्रेष्ठ प्रजाति मानता है, लेकिन आधुनिक आनुवंशिक विज्ञान इस धारणा को एक नए दृष्टिकोण से देखने के लिए प्रेरित कर रहा है। वैज्ञानिकों के अनुसार, मानव जीनोम पूरी तरह "शुद्ध" नहीं है, बल्कि इसमें लगभग 145 ऐसे जीन पाए गए हैं, जो बैक्टीरिया, कवक, अन्य एककोशिकीय जीवों और यहां तक कि वायरस से आए हैं। यह रोचक तथ्य जीनोम बायोलॉजी पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन में सामने आया है, जिसने विकासवाद की पारंपरिक समझ को चुनौती दी है।

इन जीनों का आदान-प्रदान "क्षैतिज जीन स्थानांतरण" (Horizontal Gene Transfer) नामक प्रक्रिया के माध्यम से हुआ है। सामान्यतः हम यह मानते हैं कि जीन माता-पिता से संतानों में ही स्थानांतरित होते हैं, जिसे "ऊर्ध्वाधर जीन स्थानांतरण" कहा जाता है, लेकिन क्षैतिज जीन स्थानांतरण में जीन एक जीव से दूसरे, पूरी तरह भिन्न प्रजाति में भी पहुंच सकते हैं। यह प्रक्रिया विशेष रूप से सूक्ष्मजीवों में सामान्य है, परंतु अब इसके प्रमाण मनुष्यों और अन्य जटिल जीवों में भी मिल रहे हैं।

नए शोधों के अनुसार, ये "विदेशी" जीन मानव शरीर के कई महत्वपूर्ण कार्यों में भूमिका निभाते हैं। उदाहरण के लिए कुछ जीन प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत बनाने, संक्रमणों से लड़ने और पाचन क्रिया को सुचारु रखने में सहायक होते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि प्राचीन काल में जब हमारे पूर्वज लगातार विभिन्न सूक्ष्मजीवों के संपर्क में आए, तब यह जीन स्थानांतरण संभव हुआ होगा, जिसने उन्हें नए वातावरण के अनुरूप ढलने में मदद की।

हाल के अध्ययनों में यह भी सामने आया है कि मानव शरीर में मौजूद माइक्रोबायोम यानी अरबों सूक्ष्मजीवों का समूह इस जीन आदान-प्रदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। आंतों में रहने वाले बैक्टीरिया न केवल पाचन में मदद करते हैं, बल्कि वे जीन के आदान-प्रदान के माध्यम से हमारे स्वास्थ्य और रोग-प्रतिरोधक क्षमता को भी प्रभावित कर सकते हैं।

इसके अलावा, वायरस भी इस प्रक्रिया में महत्वपूर्ण "वाहक" के रूप में कार्य करते हैं। वे अपने जीन को मानव कोशिकाओं में सम्मिलित कर सकते हैं, जिससे कभी-कभी नई आनुवंशिक विशेषताएं विकसित हो जाती हैं। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि मानव जीनोम का एक छोटा हिस्सा प्राचीन वायरसों के अवशेषों से भी बना है, जिन्हें "एंडोजीनस रेट्रोवायरस" कहा जाता है।

इस प्रकार, यह स्पष्ट होता है कि मानव विकास एक सीधी रेखा में नहीं, बल्कि जटिल और परस्पर जुड़े हुए जैविक आदान-प्रदान का परिणाम है। क्षैतिज जीन स्थानांतरण की यह अवधारणा न केवल विकासवाद की हमारी समझ को विस्तृत करती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि जीवन के विभिन्न रूप एक-दूसरे से कितने गहरे जुड़े हुए हैं। मनुष्य की "श्रेष्ठता" का विचार अब एक नई वैज्ञानिक विनम्रता में बदलता दिखाई देता है, जहां हम खुद को प्रकृति की विशाल जैविक श्रृंखला का एक हिस्सा मानने लगते हैं।

# लाल ग्रह की रेत में दफन प्राचीन तूफान का रहस्य

लगभग तीन अरब वर्ष पहले का मंगल आज के निर्जन, ठंडे और शुष्क ग्रह से बिल्कुल अलग रहा होगा। वैज्ञानिकों को मिले ताजा प्रमाण इस ओर इशारा करते हैं कि उस समय वहां का वातावरण कहीं अधिक सक्रिय और गतिशील था। एक शक्तिशाली रेत-तूफान के निशान अब भी मंगल की चट्टानों में सुरक्षित हैं, जिन्हें हाल ही में नासा के क्यूरियोसिटी रोवर ने खोजा है। ये खोज न केवल मंगल के भूगर्भीय इतिहास को समझने में मदद करती है, बल्कि यह भी संकेत देती है कि कभी वहां जीवन के अनुकूल परिस्थितियां मौजूद रही होंगी।

इंपीरियल कॉलेज लंदन के सेडीमेंटोलोजी (तलछट विज्ञानी) स्टीवन बैनहम के नेतृत्व में किए गए इस अध्ययन ने मंगल की सतह पर मौजूद विशेष प्रकार की लहरदार संरचनाओं, जिन्हें "सुपरक्रिटिकल क्लाइंबिंग रिपल्स" कहा जाता है की पहचान की है। ये संरचनाएं तब बनती हैं, जब तेज गति से बहने वाली हवा या कोई तरल पदार्थ बड़ी मात्रा में रेत या तलछट को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाता है। खास बात यह है कि इन लहरों की परतें एक-दूसरे के ऊपर तीव्र कोण पर चढ़ती हुई दिखाई देती हैं, जो उनके बनने की तीव्रता और निरंतरता को दर्शाती हैं।

क्यूरियोसिटी रोवर ने 2024 के अंत में मंगल के गेल क्रेटर के एक नए क्षेत्र में पहुंचकर इन चट्टानों का अध्ययन किया। हाई-डेफिनिशन कैमरों की मदद से ली गई तस्वीरों में लगभग 3.6 अरब वर्ष पुरानी चट्टानों में ये लहरदार पैटर्न स्पष्ट रूप से दिखाई दिए। वैज्ञानिकों का मानना है कि ये लहरें उस समय के एक बड़े और लंबे समय तक चले रेत-तूफान का परिणाम हैं, जो संभवतः कई घंटों तक चला होगा और कमर तक ऊंची रेत को उड़ाकर ले गया होगा।

स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ मैथ्यू लैपोत्रे के अनुसार, इस प्रकार की संरचनाओं का मिलना बेहद दुर्लभ है, खासकर मंगल जैसे ग्रह पर। पृथ्वी पर भी ऐसी संरचनाएं बहुत कम स्थानों पर ही देखने को मिलती हैं, जहां वातावरण और सतही परिस्थितियां विशेष रूप से अनुकूल होती हैं। यही कारण है कि यह खोज वैज्ञानिकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

आज के मंगल की स्थिति इससे बिल्कुल भिन्न है। वहां का वायुमंडल पृथ्वी की तुलना में लगभग 200 गुना पतला है, जिसके कारण रेत के भारी कण हवा में आसानी से नहीं उठ पाते। हालांकि धूल भरी आंधियां आज भी मंगल पर आती हैं, लेकिन वे इतनी शक्तिशाली नहीं होतीं कि इस प्रकार की जटिल संरचनाएं बना सकें। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि अतीत में मंगल का वायुमंडल कहीं अधिक घना रहा होगा, जो तेज हवाओं और बड़े पैमाने पर तलछट के परिवहन के लिए उपयुक्त था।

नई वैज्ञानिक जानकारियों के अनुसार, मंगल के प्राचीन वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा अधिक रही होगी, जिससे ग्रीनहाउस प्रभाव उत्पन्न होकर सतह का तापमान अपेक्षाकृत गर्म बना रहता था। इससे वहां तरल पानी के अस्तित्व की संभावना भी बढ़ जाती है। वास्तव में, गेल क्रेटर में पहले भी प्राचीन झीलों और नदी-नालों के प्रमाण मिल चुके हैं, जो इस सिद्धांत को और मजबूत करते हैं कि मंगल कभी "गीला और गर्म" ग्रह रहा होगा।

इसके अलावा, नासा के पर्सिवरेंस रोवर और ऑर्बिटर मिशनों से भी यह संकेत मिले हैं कि मंगल पर जैविक अणुओं के अवशेष मौजूद हो सकते हैं। हालांकि अभी तक जीवन के प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं मिले हैं, लेकिन इस तरह की खोजें यह दर्शाती हैं कि वहां जीवन के लिए आवश्यक परिस्थितियां कभी मौजूद रही होंगी।

इस प्रकार, क्यूरियोसिटी रोवर द्वारा खोजी गई ये प्राचीन रेत-लहरें केवल एक भूगर्भीय घटना का प्रमाण नहीं हैं, बल्कि वे मंगल के अतीत की एक जीवंत झलक प्रस्तुत करती हैं। ये हमें यह समझने में मदद करती हैं कि कैसे समय के साथ एक संभावित रूप से रहने योग्य ग्रह आज एक ठंडे और बंजर रेगिस्तान में बदल गया। साथ ही, यह खोज भविष्य में मंगल पर जीवन की संभावनाओं की तलाश के लिए एक महत्वपूर्ण दिशा भी प्रदान करती है।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 76,631.65 | 23,775.10 |
| गिरावट | 931.25 | 222.25 |
| प्रतिशत में | 1.20 | 0.93 |

सोना 1,54,900 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,43,200 प्रति किलो

अमृत विचार
लखनऊ, शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### रिलायंस रिटेल बनी दुनिया की सातवीं सबसे बड़ी स्टार्टअप कंपनी

**नयी दिल्ली।** रिलायंस रिटेल दुनिया की सबसे मूल्यवान निजी स्टार्टअप कंपनियों की वैश्विक सूची में सातवें स्थान पर पहुंच गयी है। स्टैनफर्ड ग्रैजुएट स्कूल ऑफ बिजनेस की रिपोर्ट के अनुसार, 100 अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन के साथ कंपनी ने यह उपलब्धि हासिल की है। पहली 100 मूल्यवान स्टार्टअप कंपनियों की सूची में तीन भारतीय कंपनियां शामिल हैं। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज 24 अरब डॉलर के मूल्यांकन के साथ 27वें और टाटा ईवी मोबिलिटी नौ अरब डॉलर के मूल्यांकन के साथ 93वें स्थान पर है। रिपोर्ट के मुताबिक, सबसे ताजा निवेश को शामिल करते हुए रिलायंस रिटेल हेक्टाकॉर्न बन गयी है जिसका अर्थ है कि उसका मूल्यांकन 100 अरब डॉलर से अधिक हो गया है।

### Q4 में टीसीएस का शुद्ध लाभ 13,718 करोड़ रुपये

**मुंबई।** देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 12.22 प्रतिशत बढ़कर 13,718 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इससे गत वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में कंपनी ने 12,224 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का शुद्ध लाभ 1.35 प्रतिशत बढ़कर 49,210 करोड़ रुपये हो गया।

### सैमसंग गैलेक्सी ए57 ए37 पर कई ऑफर

**नयी दिल्ली।** प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने नये गैलेक्सी ए57 5जी और गैलेक्सी ए37 5जी स्मार्टफोन की बिक्री शुक्रवार 10 अप्रैल से शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि नयी ए सीरीज विशेषकर युवाओं को ध्यान में रखकर तैयार की गयी है। गैलेक्सी ए57 5जी तीन रंगों में उपलब्ध होगा। इसकी कीमत 8जीबी/256जीबी वेरिएंट के लिए 56,999 रुपये और गैलेक्सी ए37 5जी की शुरुआती कीमत 8जीबी/128जीबी के लिए 41,999 रुपये रखी गयी है।

### मर्सिडीज-बेंज ने तीन माह में बेचे 5,131 वाहन

**नयी दिल्ली।** जर्मनी की लक्जरी कार विनिर्माता कंपनी मर्सिडीज-बेंज की कुल बिक्री जनवरी-मार्च तिमाही में सात प्रतिशत बढ़कर 5,131 इकाई रही। पिछले साल की इसी तिमाही में कंपनी ने 4,775 वाहन बेचे थे। वित्त वर्ष 2025-26 मर्सिडीज-बेंज इंडिया के लिए सबसे शानदार साल रहा, जिसमें कंपनी ने रिकॉर्ड 19,363 गाड़ियां बेचीं। कंपनी की कुल बिक्री में 27 प्रतिशत हिस्सा सर्वाधिक महंगे मॉडल का रहा, जिनकी कीमत 1.5 करोड़ रुपये से अधिक है।

# युद्धविराम को लेकर संशय, सेंसेक्स 931 अंक लुढ़का, निफ्टी भी गिरा

## बैंक और आईटी शेयरों में बिकवाली से नुकसान में बाजार, ब्रेंट क्रूड हुआ महंगा

**मुंबई, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में युद्धविराम या जारी है संग्राम, के असमंजस के बीच भारी बिकवाली से स्थानीय शेयर बाजारों में पांच दिन से जारी तेजी बृहस्पतिवार को थम गयी। गुरुवार को बीएसई सेंसेक्स 931 अंक लुढ़क गया। एनएसई निफ्टी भी 222 अंक के नुकसान में रहा।

युद्धविराम को लेकर अनिश्चितता के बीच वित्तीय, बैंक और आईटी शेयरों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। एशिया और यूरोप के अन्य बाजारों में कमजोर रुख, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर निकासी ने भी घरेलू बाजार में निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है।

बाजार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 931.25 अंक यानी 1.20 प्रतिशत टूटकर 76,631.65 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 1,215 अंक की गिरावट के साथ 76,347.90 अंक पर आ गया था। एनएसई निफ्टी 222.25 अंक यानी 0.93 प्रतिशत टूटकर 23,775.10 अंक पर बंद हुआ।

लेबनान पर इजराइल के हमलों के जवाब में ईरान के होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से बंद करने के बाद युद्धविराम समझौते को लेकर अनिश्चितता बढ़ गयी है।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि युद्धविराम से जो उम्मीद बंधी थी, वह अब फीकी पड़ गयी है क्योंकि अमेरिका-ईरान तनाव के फिर से बढ़ने और होर्मुज जलडमरूमध्य पर जारी प्रतिबंधों के कारण कच्चे तेल की कीमत फिर से बढ़ गई। इससे भारत में मुद्रास्फीति को लेकर चिंता भी बढ़ गई है।

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में से इंटरग्लोब एविएशन, लार्सन एंड टुब्रो, इटर्नल, आईसीआईसीआई बैंक एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

दूसरी तरफ, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, पावर ग्रिड, एनटीपीसी और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयरों में तेजी रही। बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.26 प्रतिशत चढ़ा जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप 0.15% के लाभ में रहा।

लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद के ने कहा कि पिछले कारोबारी सत्र में तेज उछाल के बाद आज की गिरावट मुख्य रूप से मुनाफावसूली के कारण हुई है। अनिश्चित माहौल में नए जोखिम उठाने के बजाय निवेशकों ने मुनाफा वसूली को तरजीह दी।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 3.27 प्रतिशत बढ़कर 97.85 डॉलर प्रति बैरल हो गया। एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार में बुधवार को उल्लेखनीय तेजी रही थी।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,811.97 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 4,168.17 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। सेंसेक्स बुधवार को 2,946.32 अंक चढ़कर 77,562.90 अंक पर रहा था जबकि निफ्टी 873.70 अंक के लाभ के साथ 23,997.35 अंक पर बंद हुआ था।

# पश्चिम एशिया से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने में भारत सक्षम :विश्व बैंक

## वर्ल्ड बैंक ने जारी की दक्षिण एशिया आर्थिक अद्यतन रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत मौजूदा वैश्विक ऊर्जा संकट का सामना करने के लिए अच्छी स्थिति में है, क्योंकि उसके पास पर्याप्त सुरक्षा उपाय हैं जिनमें उच्च विदेशी मुद्रा भंडार, राजकोषीय गुंजाइश और कम मुद्रास्फीति शामिल हैं। ये सभी चीजें वैश्विक चुनौतियों के बावजूद वृद्धि को समर्थन देंगी।

मौजूदा वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत करने के एक दिन बाद दक्षिण एशिया के लिए विश्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक (समृद्धि) सेबेस्टियन एकार्ट ने कहा कि भारत ने

**• वित्तीय वर्ष 2026-27 में 6.6 प्रतिशत रहेगी भारत की वृद्धि दर**

गत वित्त वर्ष 2025-26 में व्यापारिक उथल-पुथल का अच्छी तरह सामना किया और कच्चे तेल बाजारों में अस्थिरता उत्पन्न करने वाले मौजूदा पश्चिम एशिया संकट में भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से डटी है।

एकार्ट ने कहा कि भारत के पास मजबूत नीतिगत उपाय, उच्च विदेशी मुद्रा भंडार, राजकोषीय क्षमता है जिससे जरूरत पड़ने पर सहायता प्रदान की जा सकती है। साथ ही यहां मुद्रास्फीति का स्तर कम है और मौजूदा संकट से निपटने के लिए मजबूत लक्ष्य हैं। इस मजबूत वृद्धि गति को यूरोपीय संघ के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और नई श्रम नीति जैसी सकारात्मक नीतियों का समर्थन प्राप्त है। ये सभी चीजें निश्चित रूप से मजबूत वृद्धि गति को सुदृढ़ करती हैं एवं समर्थन देती हैं जो अच्छी बात है। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद हम भारत और इस क्षेत्र को दुनिया के अन्य उभरते बाजारों की तुलना में एक बहुत मजबूत एवं बेहतर प्रदर्शन करने वाला क्षेत्र बने रहने की उम्मीद करते हैं। विश्व बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान मामूली बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है।

## काम की बात

# एआई टूल्स से बनाएं बजट

**कारोबार डेस्क**

आज के समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तेजी से लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनता जा रहा है। अब इसका उपयोग पर्सनल फाइनेंस मैनेजमेंट में भी होने लगा है। खासतौर से युवा एआई आधारित बजटिंग टूल्स का जमकर उपयोग कर रहे हैं। दसअसल ये टूल आपकी कमाई, खर्च और बचत को ट्रैक करके आपको बेहतर तरीके से पैसे संभालने में मदद करते हैं। यदि आप भी बजट बनाने में उलझना नहीं चाहते तो यह जानकारी आपके काम की हो सकती है। हालांकि ये टूल्स काफी उपयोगी होते हैं, लेकिन यह याद रखना जरूरी है कि आपके वित्तीय फैसलों की अंतिम जिम्मेदारी आपकी ही होती है।

### मुख्य बातें

- **स्मार्ट ट्रैकिंग और सलाह**
  एआई टूल्स आपके खर्च करने के पैटर्न को समझते हैं और उसी आधार पर आपको पर्सनलाइज्ड सुझाव देते हैं, जिससे आप अपने पैसे को बेहतर तरीके से मैनेज कर सकें।
- **ऑटोमेटिड कैटेगरी और अनुमान**
  ये टूल्स अपने आप आपके खर्चों को अलग-अलग कैटेगरी में बांट देते हैं और भविष्य के खर्च का अनुमान भी लगाते हैं, जिससे वित्तीय लक्ष्य हासिल करना आसान हो जाता है।
- **हर आय वर्ग को उपयोगी**
  चाहे आपकी आय कम हो या ज्यादा, AI बजटिंग टूल्स हर किसी के लिए मददगार हैं और बेहतर वित्तीय अनुशासन सिखाते हैं।
- **लोकप्रिय एप्स का करें उपयोग**
  आज कई ऐप्स जैसे Rocket Money, Copilot Money, YNAB, Cleo, Buddy और AI की मदद से बजटिंग को आसान बना रहे हैं।
- **सुरक्षा बेहद जरूरी**
  इन टूल्स का इस्तेमाल करते समय अपनी वित्तीय जानकारी की सुरक्षा का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। मल्टी-फैक्टर ऑथेंटिकेशन (MFA) का उपयोग करना एक सुरक्षित विकल्प है।

### कैसे काम करते हैं एआई बजटिंग टूल्स

- एआई बजटिंग टूल्स आपके बैंक अकाउंट और कार्ड से जुड़कर आपके लेन-देन को ट्रैक करते हैं। ये आपके पिछले खर्चों का विश्लेषण करके बताते हैं कि भविष्य में खर्च कैसा रह सकता है। साथ ही, ये आपको यह भी बताते हैं कि आप अपने जैसे अन्य लोगों की तुलना में कितना खर्च कर रहे हैं।

### मुख्य फायदे

- **रियल टाइम ट्रैकिंग :** हर खर्च पर नजर
- **ऑटोमेटेड कैटेगरी :** खर्चों का वर्गीकरण
- **पर्सनलाइज्ड इनसाइट्स :** खर्च कम करने और बचत बढ़ाने के सुझाव
- **प्रेडिक्टिव एनालिसिस :** भविष्य के खर्च का अनुमान और चेतावनी

- **काम की बात**-एआई टूल्स का उपयोग करते समय अपनी निजी जानकारी साझा करनी पड़ती है। इसलिए किसी भी ऐप का उपयोग करने से पहले उसकी प्राइवेसी पॉलिसी और शर्तों को जरूर पढ़ें। भरोसेमंद प्लेटफॉर्म ही चुनें और सुरक्षा फीचर्स को सक्रिय रखें।
- **चेतावनी**-एल्गोरिदम गलतियां कर सकते हैं या संदर्भ को समझने में चूक कर सकते हैं। सुझावों का अंधाधुंध पालन करना हानिकारक हो सकता है।

# 30 करोड़ आबादी के लिए तैयार हो रहा विकसित यूपी-2047 का रोडमैप

## विजन डाक्यूमेंट में जनसंख्या को केंद्र में रखकर तय हो रहे लक्ष्य

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश सरकार विकसित यूपी-2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए करीब 30 करोड़ की आबादी के लिए व्यापक रोडमैप तैयार कर रही है। आजादी के 100 वर्ष पूरे होने तक प्रदेश की जनसंख्या में लगभग पांच करोड़ की वृद्धि होने का अनुमान है, जिसे ध्यान में रखते हुए विकास की रणनीति बनाई जा रही है।

आर्थिक समीक्षा के अनुसार, वर्ष 2026 में प्रदेश की जनसंख्या 25.19 करोड़ रहने का अनुमान है, जो 2031 में बढ़कर 26.65 करोड़, 2046 में 29.84 करोड़ और 2051 में 30.72 करोड़ तक पहुंच सकती है। इसी आधार पर विजन डाक्यूमेंट

**• छह ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था और बेहतर जीवन स्तर का लक्ष्य**

को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य 2047 तक उत्तर प्रदेश को 6 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करना है। इसके साथ ही प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि, 100 प्रतिशत साक्षरता, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, 60 प्रतिशत शहरीकरण और सालाना 100 करोड़ पर्यटकों को आकर्षित करने जैसे बड़े लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश में जनसंख्या वृद्धि दर में भी लगातार गिरावट दर्ज हो रही है। 2011 में जहां वृद्धि दर 1.85% थी, वहीं 2021 में यह घटकर 1.70 प्रतिशत हो गई।

2026 से 2051 के बीच इसके और घटकर 0.58% प्रतिवर्ष रहने का अनुमान है। सरकार का मानना है कि प्रदेश की युवा आबादी ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है, जिसे कौशल, रोजगार और बेहतर सुविधाओं से जोड़कर विकसित उत्तर प्रदेश का लक्ष्य हासिल किया जाएगा।

### सीएम देंगे रोडमैप को अंतिम रूप: प्रमुख सचिव

नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार के अनुसार, सभी लक्ष्यों को भविष्य की जनसंख्या के अनुरूप तैयार किया जा रहा है, ताकि विकास का लाभ हर नागरिक तक पहुंच सके। मुख्यमंत्री स्तर पर समीक्षा के बाद इस रोडमैप को अंतिम रूप दिया जाएगा।

# रुपये में तीन पैसे की तेजी, 92.51 प्रति डॉलर पर हुआ बंद

**मुंबई, एजेंसी।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया तीन पैसे की मामूली तेजी के साथ 92.51 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि डॉलर के कमजोर होने के साथ पश्चिम एशिया के हालात एवं होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर अनिश्चितता के कारण निवेशकों के सतर्क रूख के बीच रुपये में गिरावट आई।

इजराइल के लेबनान पर हमले जारी रखने को लेकर ईरान के वार्ता से बाहर निकलने की धमकी के बीच अनिश्चितता बढ़ गयी है और बाजार 'देखो और इंतजार करो' की स्थिति में आ गया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 92.63 के भाव पर खुला। रुपये ने कारोबार के दौरान 92.92 के निचले स्तर को छुआ। कारोबार के अंत में यह 92.51 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम

# निर्मम तृणमूल कांग्रेस सरकार को बंगाल से हटायें, छह गारंटी का वादा

## देश आगे बढ़ रहा, लेकिन इसने बंगाल को पीछे धकेला : मोदी

हल्दिया (पश्चिम बंगाल), एजेंसी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि अगर भाजपा विधानसभा चुनाव जीतती है तो पश्चिम बंगाल की जनता को छह गारंटी दी जाएंगी। साथ ही उन्होंने 'निर्मम' तृणमूल कांग्रेस सरकार को हटाने की अपील की जो विकास की राह में 'राज्य को पीछे धकेल रही है'।

पूर्वी मेदिनीपुर के हल्दिया में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने वादा किया कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर तृणमूल कांग्रेस के भय के शासन को भरोसे के शासन में बदला जायेगा,

जबकि सभी लोक सेवकों को जनता के प्रति जवाबदेह बनाया जायेगा।

विकास के मुद्दे पर तृणमूल सरकार पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है, जबकि तृणमूल कांग्रेस की 'निर्मम सरकार' बंगाल को पीछे धकेल रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित बंगाल बनाने के लिए जरूरी है कि इस निर्मम सरकार को सत्ता से हटाया जाए।

मोदी ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस की सरकार राज्य में मछली की उच्च मांग के अनुरूप मछली उत्पादन करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि बंगाल में मछली की मांग बहुत अधिक है, फिर भी यह अन्य राज्यों से मछली आयात करता है। पिछले 15 वर्षों में, तृणमूल कांग्रेस की सरकार ने मछली की आपूर्ति बढ़ाने और मछली उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

### मोदी की छह गारंटी

**पहली गारंटी :** भय नहीं भरोसा देंगे।

**दूसरी गारंटी :** लोकसेवकों को कार्यों, नागरिकों के प्रति बनाएंगे जवाबदेह।

**तीसरी गारंटी :** भ्रष्टाचार और महिलाओं के प्रति अपराधों की बंद की गयी फाइलें खोलेंगे।

**चाथी गारंटी :** भ्रष्टाचारी और तृणमूल के गुंडों को भेजेंगे जेल।

**पांचवी गारंटी :** कानूनी शरण लेने वालों को सुविधाएं देंगे और घुसपैठियों को निकालेंगे बाहर।

**छठी गारंटी :** 7वां वेतन आयोग लागू करेंगे।

# मोदी नारी शक्ति पर उपदेश देते हैं, भाजपा बलात्कारियों को माला पहनाती है : सागरिका

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस नेता सागरिका घोष ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर महिलाओं के अधिकारों के मामले में केवल बयानबाजी करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नारी-शक्ति की बात करते हैं, जबकि उनकी पार्टी लात्कारियों को माला पहनाती है। राज्यसभा में तृणमूल की उपनेता घोष ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में मोदी की पिछली टिप्पणियों की भी आलोचना की, जिसमें 2021 के विधानसभा चुनावों के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी पर की गई उनकी 'दीदी-ओ-दीदी' वाली टिप्पणी भी शामिल है। घोष ने कहा कि मोदी अब नारी शक्ति पर उपदेश दे रहे हैं।

# भाजपा ने सत्ता हथियाने को हटाए 91 लाख नाम : ममता

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर राज्य में सत्ता हथियाने के लिए मतदाता सूचियों से 90 लाख से अधिक लोगों के नाम हटाने का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को दावा किया कि उनकी पार्टी आगामी चुनाव जीतेगी। उत्तर 24 परगना जिले के मीनाखान में जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि उनकी पार्टी मतदाता सूचियों से हटाए गए लोगों के नाम शामिल कराने के लिए अदालत का रुख करेगी। विशेष गहन पुनरीक्षण

(एसआईआर) अभियान को लेकर भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि आपने बंगाल में सत्ता हथियाने के लिए 90 लाख से अधिक लोगों के नाम हटा दिए, लेकिन चुनाव हम ही जीतेंगे। उनकी यह टिप्पणी राज्य में एसआईआर प्रक्रिया पूरी होने के बाद लगभग 91 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूचियों से हटाए जाने के संदर्भ में आई। तृणमूल प्रमुख ने आरोप लगाया कि भाजपा शासित राज्यों में बांग्ला भाषी लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है। बांग्ला भाषियों को विदेशी बताया जा रहा है और उन्हें घुसपैठिया कहा जा रहा है। उन्होंने चुनाव को जनता के अस्तित्व और बंगाल की पहचान की लड़ाई करार दिया।

## कैमरे की नजर में तीन राज्यों के चुनाव

गुरुवार को असम, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान सम्पन्न हो गया। देखिए कुछ झलकियां।

असम : गुवाहाटी के एक पोलिंग बूथ पर वोट डालने के बाद पत्नी रिंकी भुईयां और बच्चों के साथ मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा।

असम : गुवाहाटी के एक पोलिंग बूथ पर वोट डालने के लिए उमड़े लोग।

पुडुचेरी : उपराज्यपाल कुनियिल कैलाशनाथन बूथ पर वोट डालने के बाद उंगली दिखाते हुए।

**पुडुचेरी :** राज्य में पोलिंग के दिन आदर्श मतदान केन्द्र पर वोटरों का स्वागत रोबोट ने किया। रोबोट संचालित करता एक युवक।

**केरल :** विधानसभा चुनाव में तिरुवनन्तपुरम में एक मतदान केन्द्र पर वोट डालने पहुंचे कांग्रेस नेता शशि थरूर।

**केरल :** राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, पोलिंग बूथ पर वोट डालने के बाद उंगली पर निशान दिखाते हुए।

# निष्पक्ष चुनाव के लिए तमिलनाडु के मुख्य सचिव और डीजीपी का तबादला

**चेन्नई, एजेंसी**

ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) प्रमुख एडप्पाडी. के. पलानीस्वामी ने गुरुवार को तमिलनाडु के मुख्य सचिव और डीजीपी के तबादले के निर्वाचन आयोग के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि यह कदम राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया था। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन द्वारा आठ अप्रैल को किए गए तबादलों के विरोध पर सवाल उठाते हुए उन्होंने पूछा कि अधिकारियों के तबादलों से उन्हें क्या समस्या है? उन्होंने कहा कि ये अधिकारी इतने लंबे समय से द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार के साथ हैं और चुनाव के दौरान उनका तबादला करने में कुछ भी गलत नहीं था। पलानीस्वामी ने कहा-द्रमुक को लगता है कि वह अधिकारियों पर निर्भर है, लेकिन हम जीत के लिए जनता पर निर्भर हैं। अगर किसी और को नियुक्त किया जाता है तो उन्हें क्या परेशानी है? यह टिप्पणी उन्होंने उस समय की, जब पत्रकारों ने मुख्यमंत्री के उस बयान का हवाला दिया जिसमें कहा गया था कि चुनाव के दौरान भाजपा शासित राज्यों में इस तरह के तबादले नहीं किए गए। पलानीस्वामी ने शहर में अपने चुनाव प्रचार के दौरान पत्रकारों से कहा-निर्वाचन आयोग चाहता है कि चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हों। निर्वाचन आयोग ने बुधवार को तमिलनाडु के मुख्य सचिव एन मुरुगनंदम के तबादले किया और उनकी जगह वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एम साई कुमार को तत्काल प्रभाव से नियुक्त किया। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव के तबादले पर कड़ी आपत्ति जताते हुए निर्वाचन आयोग के इस कदम को एकतरफा और राजनीतिक हस्तक्षेप करार दिया।

# ईरान युद्ध के कारण वैश्विक खाद्य कीमतों में वृद्धि का खतरा

## आईएमएफ, विश्व बैंक और डब्ल्यूएफपी ने जारी की चेतावनी, कहा- दुनिया में कमजोर लोगों पर पड़ेगा इसका सबसे ज्यादा असर

वाशिंगटन, एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), विश्व बैंक और विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने चेतावनी जारी की है कि पश्चिम एशिया में युद्ध ने वैश्विक ऊर्जा बाजारों में जो सबसे बड़ा व्यवधान पैदा किया है, उससे खाद्य कीमतों और खाद्य सुरक्षा पर गंभीर असर पड़ेगा। तीनों संस्थाओं के प्रमुखों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि बढ़ती खाद्य कीमतों का सबसे अधिक भार दुनिया की कमजोर आबादी पर पड़ेगा।

संस्थाओं ने कहा, तेल, गैस और उर्वरक की कीमतों में तेज वृद्धि, साथ ही परिवहन बाधाओं के कारण खाद्य कीमतों और खाद्य असुरक्षा में वृद्धि अवश्य होगी। उन्होंने कहा कि वे इस स्थिति की गहन निगरानी करेंगे और संकट से प्रभावित लोगों का समर्थन करने के लिए उपलब्ध सभी संसाधनों का समन्वय करेंगे। बयान में यह भी कहा गया कि विशेष रूप से कम आय वाले और आयात निर्भर देशों में, ईंधन और खाद्य कीमतों में वृद्धि सरकारों की सीमित वित्तीय क्षमता के कारण कमजोर घरों पर सबसे अधिक प्रभाव डालेगी। तीनों संस्थाओं ने आश्वासन दिया कि वे जीवन और आजीविका की रक्षा, और स्थिरता, विकास और रोजगार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दीर्घकालिक पुनर्प्राप्ति के लिए समर्थन जारी रखेंगी। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका और ईरान दो सप्ताह का युद्धविराम समझौता किया है। अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान पर हमला किया था क्योंकि उसने अपने परमाणु ईंधन के भंडार छोड़ने से इन्कार कर दिया था।

न्यूयॉर्क में बृहस्पतिवार को सैकड़ों लोगों ने ईरान और लेबनान के खिलाफ युद्ध के विरोध में प्रदर्शन किया।

### यूनान के प्रधानमंत्री ने ने कहा- होर्मुज पार करने को ईरान को पैसे देना स्वीकार नहीं करेगी दुनिया

**वाशिंगटन।** यूनान के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के गुजरने के लिए ईरान को भुगतान करना स्वीकार नहीं करेगा। मित्सोताकिस ने जोर दिया कि होर्मुज को पार करने के लिए भुगतान संबंधी अमेरिका-ईरान समझौता नौवहन की स्वतंत्रता के लिए खतरनाक मिसाल साबित होगा। उन्होंने कहा कि लेबनान में संघर्ष विराम, ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच शांति समझौते का एक हिस्सा बनना चाहिए। गौरतलब है कि ट्रंप ने मंगलवार रात ईरान के साथ दो सप्ताह के संघर्ष विराम की घोषणा करते हुए आश्वासन दिया था कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने पर सहमत हो गया है।

### होर्मुज में ट्रांजिट टोल लगने की संभावना से तेल कंपनियां भी नाराज

वाशिंगटन। तेल कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों ने व्हाइट हाउस से संपर्क कर होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए ईरान की ओर से संभावित शुल्क (ट्रांजिट टोल) लगाए जाने की चर्चाओं पर चिंता जताई है। रिपोर्टों के अनुसार तेल कंपनियों के अधिकारियों ने व्हाइट हाउस, विदेश मंत्री मार्को रुबियो और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से अपील की है कि वे शांति वार्ता की शर्त के रूप में ईरान को इस रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हॉर्मुज से गुजरने के लिए शुल्क लेने की अनुमति देने का विरोध करें। तेल उद्योग के प्रतिनिधियों ने बुधवार सुबह अमेरिकी विदेश विभाग में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें अपनी चिंताओं से अवगत कराया।

### हिजबुल्ला ने खाई इजराइल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की कसम

**मास्को।** लेबनान पर इजराइली हवाई हमलों में 254 लोगों के मारे जाने और 1,165 घायल होने के बाद लेबनानी आंदोलन हिजबुल्ला ने कहा कि इजराइल की लेबनान पर बमबारी उसे जवाबी कार्रवाई का अधिकार देती है। तुर्किये के विदेश मंत्रालय ने कहा, हम लेबनान पर इजराइल के बढ़ते हमलों की कड़ी निंदा करते हैं जिनके परिणामस्वरूप भारी जानमाल का नुकसान हुआ है। ये हमले देश में मानवीय स्थिति को और बदतर बना रहे हैं। मंत्रालय ने कहा कि क्षेत्र में घोषित युद्धविराम के बावजूद इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू शांति एवं स्थिरता स्थापित करने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों को लगातार कमजोर कर रहे हैं।

### पाकिस्तान में वार्ता पर अभी संदेह के बादल

**तेहरान।** ईरान और अमेरिका के बीच युद्धविराम वार्ता में नया संकट पैदा हो गया है। पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रजा अमिरी मोघम ने गुरुवार को इस्लामाबाद में होने वाली शांति वार्ता के संदर्भ में की गई अपनी सोशल मीडिया पोस्ट हटा दी है। मोघम ने पहले पोस्ट किया था कि ईरानी प्रतिनिधिमंडल गुरुवार रात इस्लामाबाद पहुंचेगा। पोस्ट में यह भी कहा गया था कि यह दौरा ईरानी जनता के बीच व्याप्त संदेह के बावजूद हो रहा है, क्योंकि इजराइल द्वारा लगातार युद्धविराम का उल्लंघन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य कूटनीतिक पहल को विफल करना है।

### अमेरिका-इजराइल पर युद्धविराम के बाद भी जारी रहेंगे साइबर हमले

- अमेरिकी विशेषज्ञों ने दी ईरानी हैकर्स की इस धमकी को गंभीरता से लेने की चेतावनी

**वाशिंगटन।** ईरान से संबद्ध हैकर समूहों ने संकेत दिया है कि ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच अस्थिर युद्धविराम लंबे समय तक उनके जवाबी साइबर हमलों को नहीं रोक पाएगा। अमेरिकी साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों ने इस चेतावनी को गंभीरता से लेने की सलाह दी है।

हंदाला नामक एक प्रमुख हैकर समूह ने युद्धविराम की घोषणा के बाद कहा कि वह अमेरिका पर हमलों को अस्थायी रूप से टाल रहा है, लेकिन इजराइल को निशाना बनाना जारी रखेगा। समूह ने यह भी कहा कि उचित समय आने पर वह अमेरिका के खिलाफ अपनी गतिविधियां फिर शुरू करेगा। फिलिस्तीन और ईरान समर्थक हंदाला नेटवर्क ने अमेरिकी चिकित्सा उपकरण विनिर्माता स्ट्राइकर के कामकाज में बाधा डालने और एफबीआई निदेशक काश पटेल के निजी ईमेल खाते में सेंध लगाने सहित कई साइबर हमलों की जिम्मेदारी ली है। यह समूह ईरान से जुड़े कई प्रॉक्सी हैकर नेटवर्क में से एक है और तेहरान से स्वतंत्र रूप से काम करता है।

#### काश पटेल का ईमेल खाता कर चुके हैं हैक

फिलिस्तीन और ईरान समर्थक हंदाला नेटवर्क ने अमेरिकी चिकित्सा उपकरण विनिर्माता स्ट्राइकर के कामकाज में बाधा डालने और एफबीआई निदेशक काश पटेल के निजी ईमेल खाते में सेंध लगाने सहित कई साइबर हमलों की जिम्मेदारी ली है। यह समूह ईरान से जुड़े कई प्रॉक्सी हैकर नेटवर्क में से एक है और तेहरान से स्वतंत्र रूप से काम करता है। समूह ने एक्स पर लिखा, हमने यह युद्ध शुरू नहीं किया, लेकिन इसे खत्म हम ही करेंगे।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### जरूरत के वक्त साथ नहीं दिया, नाटो पर फिर बरसे ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाटो महासचिव मार्क रुटे के साथ बंद कमरे में हुई बैठक के बाद सैन्य गठबंधन की पुन: आलोचना करते हुए दोहराया कि जरूरत के समय नाटो अमेरिका के साथ नहीं था। बैठक के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर कैपिटल अक्षरों में लिखा, नाटो हमारे साथ नहीं था जब हमें उसकी जरूरत थी और आगे जरूरत पड़ने पर भी नहीं होगा। व्हाइट हाउस ने इस पर तत्काल कोई अतिरिक्त जानकारी नहीं दी। प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि ट्रंप नाटो से अलग होने के मुद्दे पर चर्चा कर रहे हैं। ट्रंप और रुटे के बीच यह बैठक अमेरिका-ईरान के बीच युद्धविराम पर सहमति के ऐन बाद हुई।

### पाकिस्तानी नागरिक यहूदी केंद्र पर हमले की साजिश का दोषी करार

**न्यूयॉर्क।** एक पाकिस्तानी नागरिक ने 2024 में न्यूयॉर्क के एक यहूदी केंद्र पर आईएसआईएस से प्रेरित हमले की साजिश रचने के मामले में जुर्म स्वीकार किया है। मुहम्मद शाहजेब खान नाम के 21 वर्षीय इस शख्स ने अमेरिका में घुसने और ब्रुकलिन स्थित एक प्रमुख यहूदी धार्मिक केंद्र पर स्वचालित हथियारों से गोलीबारी करने की साजिश रची थी। शाहजेब ने बुधवार को अमेरिकी जिला न्यायाधीश पॉल गार्डेफे के समक्ष अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद से जुड़े अपराध के आरोप में दोष स्वीकार किया, जिसके लिए अधिकतम सजा आजीवन कारावास है। सजा अगस्त में सुनाई जाएगी। शाहजेब कनाडा में रह रहा था।

### दिल्ली विधानसभा समेत कई इमारतों को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा समेत कई सरकारी कार्यालयों को बृहस्पतिवार को बम से उड़ाने की धमकी संबंधी ईमेल मिले जिसके बाद राष्ट्रीय राजधानी में प्रमुख सरकारी प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक सुरक्षा जांच शुरू की गई है। यह ईमेल सुबह 8.14 बजे विधानसभा और दिल्ली सरकार के कार्यालयों से जुड़ी ईमेल आईडी सहित कई आधिकारिक ईमेल आईडी पर भेजे गए। इसमें अलग-अलग समय पर विधानसभा, सचिवालय, स्कूलों और मेट्रो स्टेशन पर विस्फोटों की धमकी दी गई थी। दिल्ली पुलिस ने बम निरोधक दस्तों के साथ इन स्थानों की जांच शुरू की।

### बब्बर खालसा के गुर्गों से हैंड ग्रेनेड और आईईडी बरामद

**अमृतसर/ गुरदासपुर।** पंजाब में पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों के साथ संयुक्त अभियान में आईएसआई प्रायोजित बब्बर खालसा इंटरनेशनल आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है।इस मामले में गिरफ्तार किए गए दो गुर्गों से जिसमें पांच हैंड ग्रेनेड, दो डेटोनेटर, कोडर और डिकोडर के साथ पीटीटी टाइमर, आईईडी विस्फोटक और वॉकी-टॉकी बरामद किया गया है।

डीजीपी गौरव यादव के मुताबिक गिरफ्तार किए गए गुर्गों की पहचान आकाश मसीह और जब्लौन के रूप में हुई है, दोनों गुरदासपुर जिले के थाना घुमान कलां के अंतर्गत गांव दुल्ला नंगल के निवासी हैं और उनका आपराधिक इतिहास रहा है। यादव ने बताया कि इन दोनों गुर्गों से महत्वपूर्ण बरामदगी हुई है। इससे पता चलता है कि यह मॉड्यूल राज्य में बड़े आतंकी हमलों को अंजाम देने की तैयारी कर रहा था।

### मालदा में न्यायिक अधिकारियों के घेराव के मामले में 12 केस दर्ज

**एनआईए की कार्रवाई**

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में एसआईआर से संबंधित कार्य के लिए तैनात न्यायिक अधिकारियों के घेराव के मामले में राज्य में चल रही चुनाव प्रक्रिया के बीच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की कार्रवाई जारी है। एनआईए ने इस मामले में 12 मामले दर्ज किए हैं। यह कार्रवाई उच्चतम न्यायालय की ओर से जारी निर्देशों के बाद की गई है।

बुधवार देर रात एजेंसी ने कहा कि उसने मालदा जिले के मोथाबारी पुलिस स्टेशन से सात और कालीचक पुलिस स्टेशन से पांच एफआईआर अपने पास लेकर पुनः मामला दर्ज किया है। ये मामले सुप्रीम कोर्ट के छह अप्रैल के आदेश के अनुरूप न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा संबंधी घटनाओं से जुड़े हैं। एनआईए की टीमें पहले ही मालदा पहुंच चुकी हैं और विस्तृत जांच शुरू कर चुकी हैं। इससे पहले, शीर्ष अदालत ने केंद्रीय एजेंसी को न्यायिक अधिकारियों के घेराव की जांच करने का निर्देश दिया और चिंता जताई थी कि ऐसी घटनाएं संस्थागत विश्वसनीयता को कम कर रही हैं।

### अमेरिका के साथ रक्षा उद्योग, प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला संबंध गहरा करने के प्रयास

वाशिंगटन, एजेंसी

भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने अमेरिका के वरिष्ठ अधिकारियों से यहां मुलाकात की तथा रक्षा एवं व्यापार संबंधों को और गहरा करने को लेकर उनके साथ चर्चा की। इस दौरान उन्होंने हिंद-प्रशांत और पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

अमेरिका की तीन दिन की यात्रा पर आए मिसरी ने अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के अवर सचिवों माइकल डफी और एल्ब्रिज कोल्बी तथा वाणिज्य मंत्रालय के अवर सचिवों जेफरी केसलर और विलियम किमिट से मुलाकात की। अमेरिका में भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, रक्षा क्षेत्र में भारत-अमेरिका के बीच आदान-प्रदान की गति को बनाए रखते हुए विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने युद्ध नीति मामलों के लिए अवर सचिव एल्ब्रिज कोल्बी के साथ पेंटागन में व्यापक बातचीत की जिसमें हिंद-प्रशांत क्षेत्र और पश्चिम एशिया में जारी घटनाक्रम पर चर्चा हुई। कोल्बी ने पिछले महीने भारत का दौरा किया था और नयी दिल्ली में भारत-अमेरिका रक्षा नीति समूह की बैठक के इतर मिसरी से मुलाकात की थी। मिसरी की रक्षा मंत्रालय में अधिग्रहण और अनुरक्षण के लिए अवर सचिव डफी के साथ भी पेंटागन में सार्थक बातचीत हुई।

- वाशिंगटन में वरिष्ठ अधिकारियों से मिले विदेश सचिव विक्रम मिसरी

भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में कहा, विदेश सचिव विक्रम मिसरी की पेंटागन में अधिग्रहण और अनुरक्षण के लिए युद्ध विभाग के अवर सचिव माइक डफी के साथ सार्थक बातचीत हुई। दोनों पक्षों ने पिछले वर्ष हस्ताक्षरित द्विपक्षीय प्रमुख रक्षा साझेदारी के ढांचे में तय महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के अनुरूप भारत और अमेरिका के बीच रक्षा उद्योग, प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला संबंधों को और गहरा करने के उपायों पर चर्चा की।

# मंदिर में वर्ग के आधार पर प्रवेश रोके जाने से हिंदू धर्म बुरी तरह प्रभावित होगा: शीर्ष कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को कहा कि यदि मंदिर और मठ पंथ तथा धर्म के भीतर के वर्गों के आधार पर प्रवेश पर रोक लगाते हैं तो इससे हिंदू धर्म बुरी तरह से प्रभावित होगा और समाज बंट जाएगा। नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने वरिष्ठ वकील सी एस वैद्यनाथन की दलीलों का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की।

वैद्यनाथन ने दलील दी थी कि संविधान का अनुच्छेद 26(बी) किसी धार्मिक संप्रदाय को अपने कामकाज का प्रबंधन करने का अधिकार देता है और इसे अनुच्छेद 25(2)(बी) पर वरीयता मिलेगी, जो सरकार को सभी सार्वजनिक हिंदू धार्मिक संस्थानों को आम लोगों के लिए खोलने का अधिकार देता है। वैद्यनाथन केरल के शबरिमला मंदिर के भगवान अयप्पा के भक्तों की ओर से शीर्ष अदालत में उपस्थित हुए। शीर्ष कोर्ट की नौ सदस्यीय पीठ शबरिमला मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई तथा विभिन्न आस्थाओं के लोगों की धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे और विस्तार पर भी विचार कर रही थी।

- शबरिमला मंदिर में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव पर सुनवाई

वैद्यनाथन ने दलील दी कि किसी वर्ग विशेष का मंदिर अन्य व्यक्ति को प्रवेश की अनुमति दे सकता है और उन्हें पूजा-अर्चना में शामिल कर सकता है या फिर वह इसे केवल अपने वर्ग तक ही सीमित रख सकता है। इस पर, न्यायमूर्ति नागरत्ना ने टिप्पणी की, एक आशंका है। अगर आप प्रवेश के अधिकार की बात करते हैं, खासकर वेंकटरमण देवरू मामले के संदर्भ में, जिसमें कहा गया था कि गौड़ सारस्वत ब्राह्मणों के अलावा किसी और को प्रवेश नहीं मिलेगा, तो इसका हिंदू धर्म पर नकारात्मक असर पड़ेगा।

उन्होंने कहा, प्रत्येक व्यक्ति को हर मंदिर और मठ में प्रवेश का अधिकार होना चाहिए। शबरिमला फैसले (2018) से जुड़े विवाद को एक तरफ रख दें। लेकिन अगर आप यह कहते हैं कि यह एक परंपरा है और यह धर्म का मामला है कि मैं दूसरों को बाहर रखूंगा और केवल मेरे वर्ग, मेरे संप्रदाय के लोग ही मंदिर में प्रवेश कर सकते हैं, कोई और नहीं, तो यह हिंदू धर्म के लिए अच्छा नहीं है। धर्म पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए। यह उसके लिए नुकसानदायक ही साबित होगा। न्यायमूर्ति कुमार ने इस पर सहमति जताई।

### केंद्र की दलील... शबरिमला संबंधी फैसला पुरुषों के श्रेष्ठ होने की धारणा पर आधारित

**नई दिल्ली।** केंद्र ने केरल के शबरिमला मंदिर में विशेष आयुवर्ग की महिलाओं के प्रवेश पर पाबंदी का समर्थन करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट का 2018 का फैसला इस धारणा पर आधारित है कि पुरुष श्रेष्ठ हैं और महिलाओं का स्थान उनसे नीचे है। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ से कहा कि उन्होंने लिखित अभ्यावेदन दिया है और ऐसे उदाहरण पेश किए हैं जिनमें पुरुषों को मंदिरों में प्रवेश की अनुमति नहीं है। मेहता ने पीठ से कहा, यह देवी भगवती का मंदिर है, उससे कुछ आस्थाएं और मान्यताएं जुड़ी हैं। केरल में एक मंदिर है, मैंने उसके बारे में पढ़ा है, जहां पुरुष महिलाओं के वेश में जाते हैं। वे ब्यूटी पार्लर जाते हैं और परिवार की महिलाएं उन्हें साड़ी पहनने में मदद करती हैं। उन्होंने कहा, इसलिए यह पुरुष केंद्रित या महिला केंद्रित धार्मिक मान्यताओं का सवाल नहीं है। मौजूदा मामले में, यह महिला केंद्रित है।

### प्रीति सरन यूएन की अहम संस्था में नए कार्यकाल के लिए चुनी गईं

**न्यूयॉर्क।** वरिष्ठ राजनयिक प्रीति सरन को संयुक्त राष्ट्र की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार समिति (सीईएससीआर) के लिए फिर से चुना गया है। उनका नया कार्यकाल 2027 से शुरू होगा और यह तीन साल का होगा।

जटिल वैश्विक सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों के बीच, इस वैश्विक संस्था का कुशल नेतृत्व करने में उनकी विशेषज्ञता को ध्यान में रखते हुए उन्हें समिति के लिए फिर से चुना गया है। राजदूत सरन वर्तमान में समिति की अध्यक्ष हैं। यह समिति आर्थिक और सामाजिक अधिकारों से जुड़े अंतरराष्ट्रीय समझौतों को सदस्य देशों द्वारा लागू किए जाने के तरीकों की निगरानी करती है।

समिति संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग के तहत संचालित होती है। भारतीय विदेश सेवा में अपने 36 वर्षों के शानदार करियर के दौरान, राजदूत सरन ने भारत में और एशिया, अफ्रीका, यूरोप तथा अमेरिका स्थित भारतीय मिशन में विभिन्न उच्च-स्तरीय पदों पर सेवा दी है।

### कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज का दिन उत्साह व निर्णय क्षमता से भरा रहेगा। धन संबंधी स्थितियां संतुलित रहेंगी। कार्यक्षेत्र में अटके हुए मामलों में गति आएगी।

**वृष** — आज का दिन मानसिक स्थिरता की मांग करता है। स्वास्थ्य पर थोड़ा ध्यान दें। किसी पुराने परिचित से लाभ का संकेत है।

**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। परिवार में कोई छोटा उत्सव हो सकता है। अचानक धन लाभ का भी संकेत है।

**कर्क** — आज भावनात्मक संतुलन बनाए रखें। किसी पुराने मित्र से चर्चा मन हल्का करेगी। नए अवसर मिलने के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — आज नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। व्यापार में विस्तार की संभावना है। सरकारी कार्यों में प्रगति होगी। अनावश्यक खर्च बढ़ सकता है।

**कन्या** — आज आप दक्षता व धैर्य के साथ कार्य करेंगे। कार्यालय में आपके सुझावों की सराहना होगी। किसी यात्रा के योग बन रहे हैं।

**तुला** — आज चंद्रमा के प्रभाव से दिन सकारात्मक रहेगा। मन प्रसन्न रहेगा और मित्रों से सहयोग मिलेगा। आय के नए अवसर मिलने के संकेत हैं।

**वृश्चिक** — आज कर्मठता बढ़ेगी और किसी बड़े निर्णय का समय निकट है। पारिवारिक स्तर पर कोई महत्वपूर्ण बात सामने आ सकती है।

**धनु** — आज भाग्य प्रबल रहेगा। चंद्रमा आपकी राशि में स्थित होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यापार में वृद्धि या नई जिम्मेदारी का योग है।

**मकर** — आज ऑफिस में आपके प्रयासों की प्रशंसा होगी। धन की बचत पर विशेष ध्यान दें। संध्या समय मन प्रसन्न होगा।

**कुंभ** — आज का दिन आपकी योजनाओं को गति देगा। नए लोगों से संपर्क लाभदायक सिद्ध हो सकता है। प्रेम संबंधों में सकारात्मकता आएगी।

**मीन** — आज आपको निवेश से लाभ होगा। नया काम शुरू करने का शुभ समय है। पुराने विवाद भी समाप्त हो सकते हैं।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 10 अप्रैल, शुक्रवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अष्टमी 23.15 तक तत्पश्चात नवमी।

**दिशाशूल**-पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।

**चन्द्रबल**- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।

**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

**नक्षत्र**- पूर्वाषाढ़ा 11.28 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

#### सुडोकू - 114 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 8 | 7 | 9 | 5 | 1 | 4 | 3 |
| 5 | 3 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 2 |
| 9 | 1 | 7 | 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 8 | 2 | 3 | 9 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 7 | 3 | 6 | 8 | 4 |
| 8 | 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 3 | 9 | 5 | 1 | 8 | 7 | 4 | 2 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |

#### सुडोकू -115

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | | 9 | | 2 |
| 8 | | 2 | | 1 | 5 | | | |
| | | | | 2 | | 8 | | 5 |
| | | 8 | | | 3 | | | |
| | | 1 | | | | 6 | | |
| 9 | | | 8 | | | 7 | | |
| | | 5 | | 9 | | | | |
| 3 | | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 2 | | 6 | | | | | 5 | |

न्यूज डिकोडर

# डिजिटल किडनैपिंग

## टेक कंपनियों में तैयार किया ऐसा नशा जो आपके दिमाग को मुक्त ही नहीं होने देता

अक्सर ऐसा होता है कि आप बस एक जरूरी मैसेज चेक करने के लिए फोन उठाते हैं, लेकिन अचानक आधे घंटे बाद आपको एहसास होता है कि आप इंस्टाग्राम पर रील देख रहे थे या यूट्यूब पर अनजान वीडियो। यह कोई इत्तफाक नहीं है। दुनिया की सबसे बड़ी टेक कंपनियां अरबों डॉलर खर्च करके ऐसे एल्गोरिदम बना रही हैं जो आपके दिमाग के डोपामाइन सिस्टम को कंट्रोल करते हैं।

### असली खेल क्या है

**कंपनियां स्क्रीन पर बिताए आपके हर सेकंड से पैसा कमाती हैं, इसलिए उनका लक्ष्य आपको फोन से चिपकाए रखना है।**

**डोपामाइन लूप :** जब आप फोन पर कोई नोटिफिकेशन देखते हैं या लाइक मिलता है तो आपके दिमाग में डोपामाइन रिलीज होता है, जो खुशी महसूस कराता है। एआई जान जाता है कि आपको क्या कंटेंट दिखाकर यह नशा दिया जा सकता है।

**इनफिनिट स्क्रॉल :** फेसबुक या इंस्टाग्राम पर नीचे की तरफ खत्म न होने वाला पेज इसलिए बनाया गया है ताकि आपके दिमाग को रुकने और सोचने का मौका ही न मिले। यह ठीक वैसा ही है जैसे जुए की मशीन काम करती है।

**अटेंशन इकोनॉमी :** आज की दुनिया में आपका ध्यान सबसे महंगी मुद्रा है। इसे भुनाने के लिए एआई आपकी हर कमजोरी को ट्रैक करता है, चाहे वह गुस्सा दिलाने वाली खबरें हों या मनोरंजन ताकि आप स्क्रीन छोड़कर न जाएं।

### फैक्ट

क्या आप जानते हैं कि सिलिकॉन वैली के कई बड़े इंजीनियर, जिन्होंने लाइक बटन और स्क्रॉल फीचर बनाया, आज खुद अपने बच्चों को स्मार्टफोन से दूर रखते हैं। एक स्टडी के अनुसार, औसतन एक व्यक्ति दिन में 2,617 बार अपने फोन को टच करता है। डिजिटल डिटॉक्स करने वाले लोगों में फोकस करने की क्षमता सामान्य लोगों से 40% ज्यादा पाई गई है।

### आपके लिए जरूरी बातें

**डार्क पैटर्न्स :** वेबसाइट्स और एप्स ऐसे डिजाइन तैयार करते हैं जो आपको न चाहते हुए भी क्लिक करने पर मजबूर करते हैं। जैसे कि किसी सब्सक्रिप्शन को कैंसिल करने का बटन बहुत छोटा और गहरे रंग में छिपा देना, ताकि आप हार मानकर पैसे देते रहें।

**घोस्ट नोटिफिकेशन :** क्या कभी आपको महसूस हुआ कि आपकी जेब में फोन वाइब्रेट हुआ, लेकिन चेक करने पर कोई मैसेज नहीं था? इसे 'फैंटम वाइब्रेशन सिंड्रोम' कहते हैं। कंपनियों के एल्गोरिदम ने हमारे दिमाग को इस कदर ट्रेन कर दिया है कि हम हर वक्त फोन की तरफ भागने के लिए बेचैन रहते हैं।

**चॉइस आर्किटेक्चर :** एआई आपको यह महसूस कराता है कि आप अपनी पसंद का वीडियो देख रहे हैं, लेकिन असल में वह आपको वही दिखा रहा होता है जो वह चाहता है। यूपी नेक्स्ट और ऑटो प्ले फीचर्स आपके निर्णय लेने की क्षमता को खत्म कर देते हैं।

#### स्लीप डिस्टर्बेंस और ब्लू लाइट

रात के समय फोन का इस्तेमाल न केवल आपकी आंखों को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि एआई एल्गोरिदम रात 11 बजे के बाद आपको ज्यादा उत्तेजक कंटेंट दिखाते हैं क्योंकि उन्हें पता है कि इस समय आपका सेल्फ कंट्रोल सबसे कम होता है।

### एक्सपर्ट टिप्स

**ग्रे-स्केल मोड**

अपने फोन की सेटिंग्स में जाकर स्क्रीन को ब्लैक एंड व्हाइट कर दें। रंगीन-चमकीले आइकन दिमाग को ज्यादा आकर्षित करते हैं, ब्लैक एंड व्हाइट स्क्रीन फोन को नीरस बना देती है जिससे आप कम इस्तेमाल करेंगे।

**नोटिफिकेशन फिल्टर**

केवल जरूरी एप्स जैसे कॉल या वर्क मैसेज के नोटिफिकेशन ऑन रखें। सोशल मीडिया के लाइक-कमेंट के नोटिफिकेशन बंद करें।

**बेडरूम को नो फोन जोन बनाएं**

रात को सोते समय फोन को सिरहाने रखने के बजाय दूसरे कमरे में चार्ज करें। अलार्म के लिए फोन नहीं, साधारण घड़ी का उपयोग करें।

**20 मिनट का नियम**

जब भी एप खोलने की तीव्र इच्छा हो, खुद को कहें कि मैं इसे 20 मिनट बाद देखूंगा। अक्सर वह इच्छा तब तक खत्म हो जाती है।

- भारत में एक औसत व्यक्ति दिन भर में लगभग 4.5 से 5 घंटे मोबाइल फोन पर बिताता है। भारतीय यूजर हर महीने औसतन 31 जीबी डेटा खर्च कर रहे हैं।
- किशोरों-युवाओं के मामले में यह समय 7 से 8 घंटे तक पहुंच जाता है। दुनिया भर में मोबाइल इस्तेमाल के मामले में भारत शीर्ष देशों की सूची में शामिल है।

**ये हैं स्वास्थ्य को नुकसान**

- लगातार मोबाइल का इस्तेमाल शरीर की बनावट और कार्यक्षमता को प्रभावित करता है।
- गर्दन झुकाकर लंबे समय फोन चलाने से रीढ़ व गर्दन की मांसपेशियों पर दबाव पड़ता है।
- नीली रोशनी के कारण आंखों में सूखापन, जलन, धुंधली दृष्टि और सिरदर्द की समस्या।

मैं इंपैक्ट सब नियम को युवा खिलाड़ियों के लिए मौके के रूप में देखता हूं। कइयों को यह नियम पसंद नहीं है लेकिन अगर एक बल्लेबाज या गेंदबाज टीम में जुड़ता है तो अधिक जोखिम वाले फैसले लिये जा सकते हैं।
–प्रभसिमरन सिंह


# स्टेडियम

लखनऊ, शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

राजस्थान रॉयल्स

बनाम

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**समय** - शाम 7:30 बजे

# लखनऊ सुपर जाएंट्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 181 रनों पर रोका

## आईपीएल-2026 : बीच के ओवरों में विकेट गवांना मेजबानों को महंगा पड़ा

कोलकाता, एजेंसी

लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) ने बीच के ओवरों में अनुशासित गेंदबाजी करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मुकाबले में बृहस्पतिवार को चार विकेट पर 181 रन पर रोक दिया।

मौजूदा सत्र में पहली जीत की तलाश कर रही केकेआर की टीम शुरुआती 10 ओवर में एक विकेट पर 98 रन बनाकर मजबूत स्थिति में थी। कप्तान अजिंक्य रहाणे और शानदार लय में चल रहे अंगकृष रघुवंशी ने 52 गेंदों में 84 रन की साझेदारी की। सलामी बल्लेबाज फिन एलेन (नौ) के सस्ते में आउट होने के बाद भी टीम 200 के पार जाती दिख रही थी, लेकिन एलएसजी के गेंदबाजों ने स्पिन और सधी हुई तेज गेंदबाजी के मिश्रण से 11वें से 14वें ओवर के बीच पारी का रुख बदल दिया।

रहाणे (24 गेंदों पर चार चौके और दो छक्कों की मदद से 41 रन) को स्पिनर दिग्वेश राठी ने आउट किया। मोहम्मद शमी ने उनका शानदार कैच लपका। अगले ही ओवर में रघुवंशी (33 गेंदों पर पांच चौके और दो छक्कों की मदद से 45 रन) को बाएं हाथ के स्पिनर मणिमारण सिद्धार्थ ने लॉन्ग-ऑन पर कैच कराया। इसके बाद आवेश खान ने दूसरे स्पैल में शानदार वापसी करते हुए रिंकू सिंह (चार) को आउट किया, जिससे केकेआर के बल्लेबाज 30 गेंदों तक बाउंड्री नहीं लगा सके और 15 ओवर में स्कोर चार विकेट पर सिर्फ 115 रन तक ही पहुंच सका।

रोवमैन पॉवेल (24 गेंदों पर चार चौके और दो छक्कों की मदद से नाबाद 39 रन) और कैमरून ग्रीन (24 गेंदों पर तीन चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 32 रन) ने उपयोगी पारियां खेलकर टीम को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। एलएसजी के गेंदबाजों में शमी सबसे प्रभावी रहे, जिन्होंने चार ओवर में नौ डॉट गेंदें डालीं और 27 रन खर्च किए। राठी (25 रन देकर एक विकेट) और सिद्धार्थ (34 रन पर एक विकेट) ने भी कसी हुई गेंदबाजी की। इससे पहले रहाणे ने आक्रामक शुरुआत की, जबकि रघुवंशी ने शानदार लय और संयम के साथ उनका अच्छा साथ निभाया। धीमी शुरुआत के बावजूद टीम पावरप्ले में एक विकेट पर 56 रन बनाने में सफल रही। शमी ने नई गेंद से केकेआर के बल्लेबाजों को परेशान किया, जिससे एलएसजी ने शुरुआती पांच ओवर में 18 डॉट गेंदें फेंकीं।

शॉट लगाते कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी। एजेंसी

**केकेआर**

**181/4** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| अजिंक्य रहाणे का शमी बो राठी | 41 |
| फिन ऐलन का राठी बो प्रिंस | 09 |
| अंगकृष रघुवंशी का मारक्रम बो सिद्धार्थ | 45 |
| कैमरुन ग्रीन नाबाद | 32 |
| रिंकू सिंह बो आवेश | 04 |
| रोवमैन पोवेल नाबाद | 39 |

**अतिरिक्त** : 11, गेंदबाजी : शमी 4-0-27-0, प्रिंस 4-0-47-1, सिद्धार्थ 3-0-34-1, राठी 4-0-25-1, आवेश 4-0-44-1

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | 2.403 |
| 2. | पंजाब किंग्स | 3 | 2 | 0 | 1 | 5 | 0.637 |
| 3. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 2.501 |
| 4. | दिल्ली कैपिटल्स | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | 0.811 |
| 5. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | 0.275 |
| 6. | गुजरात टाइटंस | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.270 |
| 7. | लखनऊ सुपर जाइटंस | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.542 |
| 8. | मुंबई इंडियंस | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.715 |
| 9. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 3 | 0 | 2 | 1 | 1 | -1.964 |
| 10. | चेन्नई सुपर किंग्स | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -2.517 |

**ऑरेंज कैप**

यशस्वी जायसवाल
राजस्थान-170 रन
समीर रिजवी
दिल्ली - 160 रन
हेनरिच क्लासेन
हैदराबाद - 145 रन

**पर्पल कैप**

रवि विश्नोई
राजस्थान- 7 विकेट
प्रसिद्ध कृष्णा
गुजरात - 6 विकेट
राशिद खान
गुजरात- 5 विकेट

**हाईलाइट**

### भारत के सबसे उम्रदराज टेस्ट क्रिकेटर गोपीनाथ का निधन

**चेन्नई।** टेस्ट में भारत की पहली जीत दर्ज करने वाली टीम के सदस्य रहे देश के सबसे उम्रदराज अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर सीडी गोपीनाथ का 96 वर्ष की आयु में निधन हो गया। गोपीनाथ ऑस्ट्रेलिया के महान नील हार्वी (97) के बाद दुनिया के दूसरे सबसे उम्रदराज क्रिकेटर थे। उनके निधन के बाद मुंबई के 95 वर्षीय चंद्रकांत पाटणकर अब देश के सबसे उम्रदराज क्रिकेटर बन गए हैं। पाटणकर ने 1955 में न्यूजीलैंड के खिलाफ एक टेस्ट खेला था।

### आयुष क्वार्टर फाइनल में, सिंधु और प्रणय हारे

**निंगबो।** भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप में पुरूष एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए लेकिन पी वी सिंधू महिला एकल में हारकर बाहर हो गई। विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज आयुष ने 20वीं रैंकिंग वाले चीनी ताइपै के चि यू जेन को 21.6, 21.12 से हराया। अब उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से होगा। भारत के बाकी खिलाड़ियों के लिये बृहस्पतिवार का दिन निराशाजनक रहा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को दूसरी वरीयता प्राप्त चीन की वांग झियि ने 46 मिनट तक चले मुकाबले में 21.18, 21.8 से हराया। कंधे की चोट से उबरकर वापसी करने वाले एच एस प्रणय को चीन के वेंग होंग यांग ने 21.12, 21.19 से मात दी।

### वैष्णवी व सहजा की हार, इंडोनेशिया काअजेय बढ़त

**नई दिल्ली।** वैष्णवी अडकर और सहजा यमलापल्ली की एकल मुकाबलों में हार से बिली जीन किंग कप के एशिया-ओशियाना ग्रुप-एक मुकाबले में बृहस्पतिवार को यहां इंडोनेशिया ने भारत पर 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। वैष्णवी ने प्रिस्का मेडेलिन नुग्रोहो को कड़ी चुनौती दी, लेकिन उन्हें दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा, जबकि सहजा विश्व रैंकिंग में 41वें स्थान पर काबिज जेनिस ट्येन के सामने सहज नहीं दिखी। विश्व रैंकिंग में 391वें पायदान पर काबिज पुणे की 21 वर्षीय वैष्णवी ने मुकाबले में पूरा दमखम दिखाया, लेकिन 419वीं रैंकिंग वाली प्रिस्का की चुनौती से पार नहीं पा सकीं। वह डीएलटीए स्टेडियम में तीन घंटे छह मिनट तक चले मुकाबले में 7-6 (3), 6-7 (3), 3-6 से हार गईं।

### वानखेड़े में शास्त्री स्टैंड का अनावरण, इडुल्जी व सरदेसाई सम्मानित

**मुंबई।** भारत के पूर्व ऑलराउंडर रवि शास्त्री के नाम पर वानखेड़े स्टेडियम में बृहस्पतिवार को यहां एक स्टैंड का अनावरण किया गया। इस मौके पर मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने डायना इडुल्जी, एकनाथ सोलकर और दिलीप सरदेसाई जैसे अपने अन्य दिग्गज खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया। 'शास्त्री स्टैंड' का अनावरण एक समारोह में किया गया जिसमें सुनील गावस्कर मौजूद थे। वानखेड़े स्टेडियम के गेट का नाम भारत की पूर्व कप्तान इडुल्जी, भारत के पूर्व ऑलराउंडर सोलकर और सरदेसाई के नाम पर रखा गया। भारत के पूर्व मुख्य कोच शास्त्री वानखेड़े में अपने भाषण के दौरान काफी भावुक नजर आए। शास्त्री ने कहा मेरी पत्नी यहां है, मेरी बेटी यहां है, उसने मुझे कभी खेलते हुए नहीं देखा... मेरी बहन वहां है, मेरा भतीजा वहां है, हर कोई मौजूद है। मुझे खुशी है, बस एक ही बात का दुख है - मेरे पिता। वह मेरे हीरो थे लेकिन आज वह यहां मौजूद नहीं हैं।

## कोनोली को टाइमिंग और लय पर भरोसा

मुल्लांपुर, एजेंसी

- पावर हिटिंग के दौर में पंजाब किंग्स के बल्लेबाज ने संयमित पारी खेल सभी को किया प्रभावित

टी20 क्रिकेट में पावर हिटिंग (ताकत वाले शॉट) के इस दौर में पंजाब किंग्स के बल्लेबाज कूपर कोनोली सफलता के लिए टाइमिंग, लय और आत्मविश्वास पर भरोसा करते हैं। ऑस्ट्रेलिया के इस 22 साल के खिलाड़ी ने अपने आईपीएल पदार्पण पर 44 गेंदों पर नाबाद 72 रन की संयमित पारी खेलकर प्रभावित किया।

उनकी इस पारी से पंजाब किंग्स को गुजरात टाइटंस के खिलाफ शुरुआती मैच में तीन विकेट से जीत मिली। इस पारी ने उनके इस विश्वास को मजबूत किया कि क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में दबदबा बनाने के लिए सिर्फ पावर हिटिंग ही जरूरी नहीं है। हर खिलाड़ी की अपनी ताकत होती है और मैं अपनी उन्हीं खूबियों पर कायम रहना चाहता हूं, जिन्होंने अब तक मुझे सफलता दिलाई है। कोनोली ने में कहा बेशक, टी20 क्रिकेट में ताकत (पावर) एक बड़ा हिस्सा बनती जा रही है, लेकिन इसके अलावा भी कई तरीके हैं और मैं उन्हें समझने और सीखने की कोशिश करूंगा। अपनी मौजूदा शैली में सहज कोनोली मानते हैं कि लय पर आधारित उनका खेल उन्हें टीम के लिए सबसे प्रभावी योगदान देने में मदद करता है।

## टी-20 में नौ विकेट लेकर कार्डोसा ने रचा इतिहास

ब्रासीलिया, एजेंसी

ब्राजील की तेज गेंदबाज लॉरा कारडोसो ने रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया जब वह पुरुषों या महिलाओं के टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में एक ही पारी में नौ विकेट लेने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं।

कारडोसो ने लेसोथो के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए चार रन देकर नौ विकेट चटकाए जो टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े है। उन्होंने गैबोरोन में बोत्सवाना क्रिकेट संघ ओवल दो मैदान पर बीसीए कालाहारी महिला टी20 अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में यह उपलब्धि हासिल की। पिछला रिकॉर्ड भूटान की सोनम येशे के नाम था जिन्होंने 2025 में पुरुषों के टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में म्यांमार के खिलाफ सात रन देकर आठ विकेट लिए थे। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अनुसार महिलाओं के टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में कारडोसो ने इंडोनेशिया की रोहमालिया के 2024 में मंगोलिया के खिलाफ बिना रन के सात विकेट चटकाने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। बृहस्पतिवार को हुए मैच में ब्राजील ने रॉबर्टा एवरी (35 गेंद पर 48 रन) और मोनिके मचाडो (41 गेंद पर नाबाद 69 रन) की शानदार पारियों की मदद से 202 रन का बड़ा स्कोर बनाया। इसके जवाब में लेसोथो की टीम 6.2 ओवर में सिर्फ 13 रन पर सिमट गई।

## आरसीबी-रॉयल्स मैच में नजरें शीर्षक्रम के बल्लेबाजों पर

गुवाहाटी, एजेंसी

यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी से मिल रही आक्रामक शुरुआत के साथ राजस्थान रॉयल्स शुक्रवार को यहां गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ आईपीएल के मैच में अपना दबदबा कायम रखना चाहेगी जबकि आरसीबी की उम्मीदें फॉर्म में चल रहे देवदत्त पडिक्कल पर टिकी होंगी।

दो साल पहले टी20 क्रिकेट से विदा लेने के बावजूद आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के प्रदर्शन में कमी नहीं आई है। उनके मार्गदर्शन में आरसीबी ने संतुलित शीर्षक्रम तैयार कर लिया है और पिछले मैच में फिल साल्ट ने भी उम्दा पारी खेली थी। तीसरे नंबर पर उतर रहे पडिक्कल ने घरेलू क्रिकेट का अपना फॉर्म कायम रखते हुए संतुलित आक्रामकता के साथ बल्लेबाजी की है।

आईपीएल में अपने पदार्पण सत्र में आरसीबी के लिए 473 रन बनाने वाले पडिक्कल बाद में राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स के साथ उस सफलता को दोहरा नहीं सके थे। पिछले सत्र में वह आरसीबी में लौटे और पहली बार उसे आईपीएल खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इस सत्र में भी उन्होंने पहले चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 29 गेंद में 50 और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 26 गेंद में 61 रन बनाए। कप्तान रजत पाटीदार और आस्ट्रेलिया के टिम डेविड मध्यक्रम को मजबूती देते हैं। आरसीबी के गेंदबाजों ने भी इस सत्र में प्रभावित किया है। जैकब डफी ने जोश हेजलवुड की कमी पूरी की है तो बीच के ओवरों में कृणाल पंड्या और सुयश शर्मा ने रन रोके हैं।



अभ्यास सत्र के दौरान राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी। एजेंसी

**टीम**

**राजस्थान रॉयल्स** : रियान पराग (कप्तान), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जयसवाल, रवींद्र जड़ेजा, एडम मिल्ने, ब्रिजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु** : रजत पाटीदार (कप्तान), अभिनंदन सिंह, भुवनेश्वर कुमार, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, रसिख डार, सुयश शर्मा, स्वप्निल सिंह, विराट कोहली, वेंकटेश अय्यर, मंगेश यादव, कनिष्क चौहान, विहान मल्होत्रा, विक्की ओस्तवाल, सात्विक देसवाल।

### सूर्यवंशी असली सुपरस्टार बन सकते हैं : स्मिथ

**नई दिल्ली :** बेहद प्रतिभावान वैभव सूर्यवंशी के प्रशंसकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और अब दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज ग्रीम स्मिथ ने आईपीएल 2026 में उनके प्रदर्शन के बाद 15 साल के इस भारतीय खिलाड़ी को 'असली सुपरस्टार' बताया है। सूर्यवंशी ने मंगलवार को बारिश से बाधित मैच में राजस्थान रॉयल्स की मुंबई इंडियंस पर 27 रन की जीत के दौरान दुनिया के सबसे अच्छे टी20 गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की पहली ही गेंद पर छक्का लगाया। इस युवा खिलाड़ी ने 14 गेंद में 39 रन की पारी के दौरान बुमराह के ओवर में दो छक्के जड़े। स्मिथ ने अपने ब्लॉग में लिखा आईपीएल ठीक वैसे ही शुरू हुआ है जैसा मैंने सोचा था, सपाट पिचों और बड़े स्कोर वाले मुकाबलों के साथ। हमेशा की तरह यह देखना दिलचस्प होगा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे पुराने सुपरस्टार कैसा प्रदर्शन करते हैं लेकिन मुझे लगता है कि राजस्थान रॉयल्स के युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी पर शुरुआती कुछ हफ्तों में नजर रखनी होगी।

**लिया पक्ष** | गुजरात टाइटंस के खिलाफ एक रन न लेने की हो रही आलोचना, मुकाबले में दिल्ली ने गंवा दिया था मैच

## डेविड मिलर की मंशा में खोट नहीं निकाल सकते : गावस्कर

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल के रोमांचक मैच में एक रन लेने से इनकार करने वाले दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज डेविड मिलर का बचाव करते हुए कहा कि उनकी मंशा में कमी नहीं निकाल सकते।

जीत के लिए 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली को दो गेंद में दो रन की जरूरत थी लेकिन आखिरी ओवर की पांचवीं गेंद पर मिलर ने एक रन लेने से इनकार कर दिया। वह आखिरी गेंद पर चूके लेकिन एक रन के लिये भागे लेकिन जोस बटलर के थ्रो पर कुलदीप यादव रन आउट हो गए। गावस्कर ने ''जियो हाटस्टार'' से कहा डेविड मिलर बहुत अच्छा खेल रहा था और उसे खुद पर भरोसा था कि वह मैच फिनिश करेगा। उसकी मंशा में कमी नहीं निकाल सकते।

प्रसिद्ध कृष्णा ने एक शानदार धीमा बाउंसर डाला जिसे वह खेल नहीं सका। दबाव के हालात में ऐसा हो जाता है। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने गावस्कर ने कहा कि दबाव के हालात में मैच की स्थिति को लेकर चौकस रहना काफी अहम है जो भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ 1986 में टाई रहे मैच में दिखाई थी। चेन्नई में उस मैच में भारत 348 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहा था। शास्त्री ने नाबाद 48 रन बनाये और सही समय पर एक रन लेकर भारत को 347 रन तक पहुंचाया जबकि आखिरी गेंद पर मनिंदर सिंह आउट हो गए। वह मैच ड्रॉ रहा। गावस्कर ने कहा इसी समय पर मैच के हालात को लेकर जागरूक रहना जरूरी है। मुझे इससे रवि शास्त्री का वह एक रन याद आता है जो 1986 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ उसने सही समय पर लेकर स्कोर बराबर कर दिया था।

इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान की तारीफ की जिन्होंने गुजरात के लिये चार ओवर में 17 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने कहा राशिद खान ने जबर्दस्त गेंदबाजी की। लेकिन एक ईकाई के रूप में गुजरात की गेंदबाजी उतनी अच्छी नहीं थी लेकिन खेल में ऐसा होता है।

### अक्षर ने शांति बनाए रखने का किया आग्रह

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने गुजरात टाइटंस के हाथों एक रन की दिल तोड़ने वाली हार के बाद अपनी टीम से शांत रहने और अपना हौसला बनाए रखने की अपील की। अरुण जेटली स्टेडियम में बुधवार को मैच के बाद फ्रेंचाइजी द्वारा शेयर किए गए एक वीडियो में, अक्षर ने ड्रेसिंग रूम में अपने साथियों को संबोधित करते हुए, इस करीबी हार के बावजूद सकारात्मक बने रहने का आग्रह किया। अक्षर ने साथियों से कहा सीजन की शुरुआत में, मैंने कहा था, आप जानते हैं, अपनी भावनाओं पर काबू रखें और किसी भी स्थिति में शांत रहें। सभी, आप जानते हैं, दुखी हैं, बुरा महसूस कर रहे हैं। हम फिर भी मुस्कुरा सकते हैं, यह ठीक है। यह एक लंबा टूर्नामेंट है। मुझे लगता है कि अगर उसने वे छक्के नहीं मारे होते, तो मुझे नहीं लगता कि हम, आप जानते हैं, खेल में बने रहते। हम चेन्नई जाएंगे और फिर से शुरुआत करेंगे।



## प्रीति, मीनाक्षी, प्रिया और अरुंधति ने जीते स्वर्ण पदक

**एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप**

उलानबटोर (मंगोलिया), एजेंसी

मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा और प्रीति पवार की अगुवाई में भारत की चार महिला मुक्केबाजों ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में जीत के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

मीनाक्षी (48 किलोग्राम) और एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति (54 किलोग्राम) के साथ प्रिया घंघास (60 किलोग्राम) और विश्व मुक्केबाजी कप की स्वर्ण पदक विजेता अरुंधति चौधरी (70 किलोग्राम) ने शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत को हालांकि सबसे बड़ा झटका 57 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में लगा, जहां मौजूदा विश्व चैंपियन जैस्मीन लंबोरिया को थाईलैंड की दो बार की विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता पुनरावी रुएनरोस से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। भारत की अल्फिया पठान (80 किलोग्राम से अधिक) ने भी रजत पदक हासिल किया। चैंपियनशिप में अपने एकमात्र मुकाबले में उन्हें कजाकिस्तान की दीना इस्लम्बेकोवा से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदकों के साथ कुल 10 पदक जीते।

पदकों के साथ भारतीय मुक्केबाज। एजेंसी